वर्ष 72 ▸ अंक 336 ▸ पृष्ठ 12+8=20
रीवा, बुधवार 03 सितंबर, 2025
▸ भाद्रपद शुक्ल पक्ष 11, विक्रम संवत् 2082
▸ नगर ▸ मूल्य 5 रुपए ■■
आज के अंक के साथ सत्यकथा

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com


कुछ लोग जन्म से महान होते हैं, कुछ लोग महानता हासिल करते हैं, और कुछ पर महानता थोप दी जाती है।
-विलियम शेक्सपियर

## ऑफ बीट

### पालतू जानवरों के लिए बना दिया पूरा शहर



*लोग पालतू जानवरों को बच्चों की तरह प्यार करते हैं और सभी सुख-सुविधाएं देने की कोशिश करते हैं। कुछ लोग इनके आराम के लिए किसी भी हद तक चले जाते हैं। जिंग जिलेई ने पेशे से यूट्यूबर हैं जिनके चैनल का नाम जिंग्स वर्ल्ड है। इन्होनें अपने जानवरों के लिए एक पूरा शहर ही बना डाला है। उनके शहर में ट्रेन और सुपर मार्किट जैसी सभी सुविधाएं हैं। उन्हें मिनिएचर कला का शौक है और वह इसमें माहिर भी हैं। जिंग इतने होनहार और प्रतिभाशाली हैं कि उन्होंने अपने हाथों से अपने पालतू जानवरों के लिए छोटा अपार्टमेंट और शहर बना दिया है। उनके पास एक शिंबा इनु कुत्ता, 3 बिल्लियां, एक हैम्स्टर और एक मकड़ी है। जिंग ने अपने जानवरों के लिए जो घर बनाया है, वह मामूली नहीं है।*

## संक्षिप्त खबरें

### सुहाना पर बिना परमीशन जमीन खरीदी का आरोप



**मुंबई, जेएनएन।** बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान जमीन के सौदे के कारण मुश्किल में फंस गई हैं। अलीबाग के थल गांव में महाराष्ट्र सरकार ने खेती के लिए किसानों को जमीन दी थी। सुहाना ने यह जमीन खरीदी है। ऐसी जमीन खरीदने के लिए कलेक्टर की मंजूरी जरूरी होती है, लेकिन सुहाना पर आरोप है कि उन्होंने जमीन खरीदने के लिए अनुमति नहीं ली और न ही कागजी प्रक्रिया पूरी की। सुहाना ने यह जमीन मुंबई के कफ परेड में रहने वाले खोटे परिवार से करीब 12.91 करोड़ रुपए में खरीदी दी। उन्होंने 77.46 लाख रुपए स्टांप ड्यूटी भी दी। ट्रांसफर 30 मई 2023 को स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक के जरिए हुआ। मुंबई पुलिस के रेजिडेंट डिप्टी कमिश्नर ने इस डील की जांच के लिए अलीबाग तहसीलदार से रिपोर्ट मांगी है।

**दो वोटर कार्ड मामला**

### कांग्रेस प्रवक्ता खेड़ा को चुनाव आयोग का नोटिस



**नई दिल्ली, जेएनएन।** वोटर लिस्ट में कथित गड़बड़ी के मुद्दे पर विपक्ष ने सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। अब कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा भी दो वोटर लिस्ट रखने के मामले में घिरते नजर आ रहे हैं। भाजपा ने आरोप लगाया था कि पवन खेड़ा का नाम दिल्ली की दो विधानसभा सीटों की वोटर लिस्ट में है। चुनाव आयोग ने अब इस मामले में खेड़ा को नोटिस थमा दिया है। चुनाव आयोग की ओर से दिए गए नोटिस में खेड़ा से 8 सितंबर को दिन में 11 बजे तक जवाब देने के लिए कहा गया है। कांग्रेस प्रवक्ता को यह नोटिस नई दिल्ली जिले के जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से जारी किया गया है।

### केसीआर की बेटी कविता बीआरएस से निलंबित



**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की एमएलसी के. कविता को मंगलवार को तत्काल प्रभाव से पार्टी से निलंबित कर दिया गया है। उन्हें अपने बयानों और हालिया गतिविधियों की वजह से पार्टी से सस्पेंड किया गया है। यह फैसला कविता के पिता, तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री और बीआरएस के अध्यक्ष के. चंद्रशेखर राव ने लिया। बीआरएस का कहना है कि कविता के हालिया बयान और उनकी गतिविधियां पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों के खिलाफ है। दरअसल पार्टी अध्यक्ष के. चंद्रशेखर राव ने कविता के खिला यह अनुशासनात्मक कार्रवाई की और उनके निलंबन की घोषणा की। यह कदम हफ्तों के बढ़ते तनाव के बाद उठाया गया है। सस्पेंशन से एक दिन पहले ही के. कविता ने बीआरएस के भीतर तूफान खड़ा कर दिया था, जब उन्होंने खुले तौर पर पार्टी सहयोगियों पर केसीआर की छवि को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया था। उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं पर उनके पिता पर भ्रष्टाचार का ठप्पा लगाने का आरोप लगाया था।

**भोपाल, इंदौर और मुंबई में बड़ी कार्रवाई, मेडिकल उपकरण सप्लायरों के 30 ठिकानों पर दबिश**

# आयकर छापे: 100 करोड़ के लेन-देन और टैक्स चोरी से जुड़े दस्तावेज जब्त

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मंगलवार सुबह आयकर विभाग ने भोपाल, इंदौर और मुंबई समेत कई शहरों में एक साथ 30 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई साइंस हाउस मेडिकल प्राइवेट लिमिटेड (एसएचएमपीएल) और उससे संबंधित संस्थानों से जुड़ी थी। सुबह 5 बजे से शुरू हुई इस कार्रवाई ने पूरे मेडिकल उपकरण कारोबार जगत में हलचल मचा दी। प्रारंभिक जांच में लगभग 100 करोड़ रुपये के लेन-देन और बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी के सबूत मिले हैं।

आयकर टीम ने कंपनी के संचालक जितेंद्र तिवारी, सॉफ्टवेयर इंजीनियर रोहित गुप्ता, कंसल्टेंट दिनेश बारोलिया और शिखा राजोरिया से पूछताछ शुरू की है। साइंस हाउस का हेड ऑफिस 1994 से भोपाल के गौतम नगर में संचालित हो रहा है। यह कंपनी देशभर की पैथोलॉजी लैब, निजी अस्पतालों और सरकारी ठेकों के जरिए कारोबार करती है। इस कार्रवाई की योजना लंबे समय से बनाई जा रही थी। सूत्रों के अनुसार, अंतिम तैयारी केवल तीन दिन पहले की गई थी। यह छापा एमपी-सीजी के नए प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त ललित कृष्ण सिंह दहिया के कार्यभार संभालने के तुरंत बाद अंजाम दिया गया। रविवार को हुई विशेष बैठक में रणनीति बनी और भोपाल, इंदौर, मुंबई समेत कई शहरों से अफसरों को बुलाकर टीमों का गठन किया गया। छापेमारी की खबर फैलने के बाद मीडिया ने आधिकारिक जानकारी लेने की कोशिश की, लेकिन आयकर विभाग के एमपी-सीजी सर्किल ने बयान देने से इंकार कर दिया।

### कार्रवाई के मायने

- मेडिकल उपकरण कारोबार में पहली बार इतने बड़े पैमाने पर कर चोरी और हेराफेरी का खुलासा हुआ है।
- चीनी माल को 'मेड इन इंडिया' बताकर बेचना राष्ट्रहित और उपभोक्ता हित दोनों के खिलाफ है।
- सरकारी ठेकों में गड़बड़ी से स्पष्ट होता है कि सप्लायर-अफसर गठजोड़ का एक नेटवर्क काम कर रहा था।
- करोड़ों रुपये रियल एस्टेट में निवेश करने से यह आशंका भी बढ़ी है कि ब्लैक मनी को सफेद करने का प्रयास किया गया।
- कार्रवाई के बाद पूरे स्वास्थ्य क्षेत्र के अन्य सप्लायर्स पर भी विभाग की नजर टिकने की संभावना है।

### दस्तावेज, ज्वैलरी और नकदी जब्त

कार्रवाई के दौरान टीमों ने डिजिटल डिवाइस, बैंक खातों और लॉकर से जुड़े दस्तावेज कब्जे में लिए। साथ ही, बड़ी मात्रा में नकदी, ज्वैलरी और संपत्ति संबंधी कागजात भी जब्त किए गए हैं। अभी विभाग इनकी पुष्टि और मूल्यांकन कर रहा है।






### चीनी माल को 'मेड इन इंडिया' बताकर हेराफेरी


जांच के दौरान सबसे बड़ा खुलासा यह हुआ कि साइंस हाउस समूह चीन से सस्ते उपकरण मंगवाता था और उन पर 'मेड इन इंडिया' या अन्य देशों का लेबल लगाकर उन्हें सरकारी और निजी संस्थानों को सप्लाई करता था। आयकर विभाग को इस नेटवर्क के चीन की कई फर्मों से कारोबारी संबंधों के दस्तावेज मिले हैं। बताया जा रहा है कि समूह ने कमाई का बड़ा हिस्सा रियल एस्टेट में निवेश किया है और भोपाल, इंदौर व मुंबई में संपत्तियां खरीदी हैं।

### मेडिकल सर्जिकल कारोबारी पर भी रेड

छापेमारी केवल साइंस हाउस तक सीमित नहीं रही। आयकर ने भोपाल के लालघाटी निवासी मेडिकल सर्जिकल कारोबारी राजेश गुप्ता के घर और कार्यालय पर भी दबिश दी। गुप्ता लंबे समय से साइंस हाउस के साथ कारोबार कर रहे थे। छापों में सीआरपीएफ जवानों की मदद ली गई ताकि किसी तरह की रुकावट न हो।

### ईओडब्ल्यू की पुरानी जांच भी सामने आई

यह पहला मौका नहीं है जब साइंस हाउस समूह पर सवाल उठे हों। जून 2024 में ईओडब्ल्यू ने संचालक जितेंद्र तिवारी को अनूपपुर जिले में मेडिकल उपकरण सप्लाई में धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार किया था। उस समय उनके भाई शैलेंद्र तिवारी पर लुक आउट नोटिस जारी हुआ था। आरोप था कि इस समूह ने दवाओं और उपकरणों को मनमानी कीमतों पर बेचकर सरकार को करोड़ों का नुकसान पहुंचाया। ईओडब्ल्यू की एफआईआर में समूह की अन्य कंपनियां, अनु सेल्स कॉरपोरेशन और सिन्को इंडिया भी सामने आई थीं। आरोप है कि 2019-20 में इस समूह ने टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी कर लघु उद्योग निगम और स्वास्थ्य विभाग के अफसरों से सांठगांठ की थी। इस केस में अनूपपुर के तत्कालीन सीएमएचओ डॉ. बीडी सोनवानी समेत कई लोग आरोपी बनाए गए थे।

भारत ने अपने हितों की पूर्ति के लिए अपना संकल्प मजबूत किया !


**2020 के दिल्ली दंगों से जुड़ा यूएपीए का मामला**

## उमर, शरजील सहित नौ आरोपियों की जमानत याचिका हाईकोर्ट से खारिज



**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को 2020 के दिल्ली दंगों से जुड़े यूएपीए मामले में सामाजिक कार्यकर्ताओं उमर खालिद, शरजील इमाम और सात अन्य आरोपियों की जमानत याचिकाएं खारिज कर दीं।

जस्टिस नवीन चावला और जस्टिस शालिंदर कौर की बेंच ने यह फैसला सुनाया। अदालत ने कहा, 'सभी अपीलें खारिज की जाती हैं।' विस्तृत आदेश बाद में जारी किया जाएगा। आरोपियों में खालिद और इमाम के अलावा मोहम्मद सलीम खान, शिफा-उर-रहमान, अतर खान, मीरान हैदर, खालिद सैफी, गुलफिशा फातिमा और शादाब अहमद शामिल हैं। ये सभी 2020 से जेल में बंद हैं और निचली अदालत से जमानत याचिका खारिज होने के बाद हाईकोर्ट पहुंचे थे। सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि यह 'आकस्मिक दंगा नहीं बल्कि सुनियोजित साजिश' थी, जिसका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि खराब करना था। वहीं, इमाम के वकील ने तर्क दिया कि उनका मुवक्किल घटनास्थल और अन्य आरोपियों से पूरी तरह असंबद्ध है। उनके भाषणों या व्हाट्सएप चैट में हिंसा के लिए कोई आह्वान नहीं किया गया।

**इंदौर-उज्जैन ग्रीनफील्ड को कैबिनेट की मंजूरी**

## 2813 करोड़ में हर घर तक पानी पहुंचाएगी सरकार

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश सरकार राज्य के हर घर तक नल से पानी पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन योजना के तहत चल रही परियोजनाओं को जारी रखेगी, जिसके लिए सरकार 2 हजार 813 करोड़ की राशि खर्च करेगी। मंगलवार को सीएम डॉ. मोहन यादव कैबिनेट ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। कैबिनेट ने सिंहस्थ-2028 को देखते हुए कई अहम प्रस्तावों पर भी मुहर लगाई है।

मंत्रालय में हुई कैबिनेट बैठक में कई विभागों के प्रस्तावों पर मंथन किया गया। इसमें जल जीवन मिशन की पुनरीक्षित योजनाओं में 2,813 करोड़ रुपये वृद्धि का अनुमोदन किया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रस्ताव पर चर्चा के बाद जल जीवन मिशन अंतर्गत पुनरीक्षित योजनाओं की प्रस्तावित लागत में बढ़ी हुई राशि 2,813 करोड़ 21 लाख रुपए राज्य सरकार द्वारा वहन करने का भी अनुमोदन किया गया। यह राशि कुल बजट का लगभग 13.55 प्रतिशत है।

एक अन्य प्रस्ताव पर मंत्रिपरिषद ने इंदौर -उज्जैन के मध्य 48.10 किलोमीटर लंबे ग्रीन फील्ड एक्सेस कंट्रोल मार्ग बनाने के प्रस्ताव को भी मंजूर कर दिया। विजयवर्गीय ने बताया कि इसके लिए 2,935 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि यह 4 लेन मार्ग होगा, जिसके दोनों ओर सर्विस रोड भी बनेंगी। उन्होंने बताया कि इस मार्ग को लेकर लोक निर्माण विभाग को पूर्व में प्रदान की गई प्रशासकीय स्वीकृति को निरस्त कर हाईब्रिड एन्यूटी मॉडल पर स्वीकृति दी गई है। इस परियोजना के अंतर्गत 34 अंडर पास, 2 फ्लाई ओवर, 1 आर.ओ.बी., 7 मध्यम पुल एवं 2 वृहद जंक्शन का निर्माण सहित सभी जंक्शन का सुधार, सड़क सुरक्षा उपाय, रोड मार्किंग आदि कार्य किये जायेंगे। मार्ग के निर्माण एवं संधारण के लिए कंसेशन अवधि 17 वर्ष रहेगी। बैठक के उपरांत नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने ■ शेष पृष्ठ 7 पर



### ये योजनाएं भी मंजूर

**रेलवे ओवर ब्रिज:** सिंहस्थ 2028 में उज्जैन में हरिफाटक रेलवे क्रांसिंग पर 4 लेन और नीलकंठ द्वार तक 980 मीटर लंबे रेलवे ओवर ब्रिज के लिए 371 करोड़ 11 लाख की स्वीकृति दी गई।

**नर्मदापुरम-टिमरनी टू लेन:** नर्मदापुरम से टिमरनी के बीच 72.18 किमी लंबे टू लेन पेव्हड शोल्डर निर्माण के लिए हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल योजनांतर्गत भू-अर्जन सहित राशि 972 करोड़ 16 लाख रुपये स्वीकृति किए। इस मार्ग पर 2 अंडर पास, 4 बड़े पुल, 37 मध्यम पुल, 14 वृहद जंक्शन एवं 52 मध्यम निर्माण कार्य किये जायेंगे।

**सेमिकॉन इंडिया-2025: ट्रंप टैरिफ पर मोदी का अप्रत्यक्ष हमला, कहा- भारत ने की 7.8%जीडीपी वृद्धि**

# 'आर्थिक स्वार्थ' के बावजूद भारत आगे बढ़ा: पीएम

**नई दिल्ली, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत ने वैश्विक आर्थिक चुनौतियों और 'आर्थिक स्वार्थ' के माहौल के बावजूद 7.8 फीसदी जीडीपी वृद्धि हासिल की है। उनका यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हालिया व्यापार नीतियों और भारतीय निर्यात पर लगाए गए भारी टैरिफ की ओर अप्रत्यक्ष इशारा माना जा रहा है। पिछले हफ्ते अमेरिका ने भारत के निर्यात पर 50 फीसदी टैरिफ लगा दिया था, जो ब्राजील के साथ संयुक्त रूप से सबसे ऊंचा है।

दिल्ली में सेमिकॉन इंडिया-2025 कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए मोदी ने कहा, 'कुछ दिन ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### मोदी-शी-पुतिन मुलाकातों के बाद ट्रंप बोले- भारत-अमेरिका व्यापार एकतरफा आपदा



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर फिर हमला बोलते हुए कहा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार संबंध पूरी तरह 'एकतरफा आपदा' हैं। उन्होंने दावा किया कि भारत अमेरिका को बड़े पैमाने पर सामान बेचता है, लेकिन अमेरिकी निर्यात भारत को बेहद कम है। ट्रम्प ने अपनी सोशल मीडिया साइट ट्रूथ पर लिखा, 'भारत हमारा सबसे बड़ा क्लाइंट है। वह हमें विशाल मात्रा में सामान बेचता है, लेकिन हम भारत को लगभग कुछ नहीं बेच पाते। यह पूरी तरह से एकतरफा आपदा है।'

**पुतिन-शी संग खड़ा होना शर्मनाक:** ट्रंप के वरिष्ठ सलाहकार पीटर नवारो ने मोदी की पुतिन-जिनपिंग से मुलाकात पर कहा कि 'मोदी का इन तानाशाहों के साथ खड़ा होना शर्मनाक है। उन्हें रूस के बजाय अमेरिका के साथ होना चाहिए।' वहीं वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि एससीओ बैठक 'सिर्फ दिखावा' है।

**जिनपिंग ने किया पुतिन-किम का स्वागत:** शी जिनपिंग ने मंगलवार को रूस के राष्ट्रपति पुतिन और उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन का बीजिंग में भव्य स्वागत किया। यह पहली बार था जब तीनों नेता एक साथ सार्वजनिक मंच पर दिखाई दिए। यह वैश्विक शक्ति संतुलन को नई दिशा देने वाला माना जा रहा है।

**मुनीर की जिनपिंग से पहली मुलाकात:** पाक सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर ने पीएम शरीफ के साथ जिनपिंग से पहली बार मुलाकात की। यह बैठक एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान हुई। मुनीर फील्ड मार्शल बनने के बाद जुलाई में चीन गए थे, तब उन्होंने केवल उप राष्ट्रपति हान झेंग से मुलाकात की थी।

**मराठा आरक्षण आंदोलन**

### जरांगे ने भूख हड़ताल तोड़ी, कहा- हम जीते

**मुंबई, जेएनएन।** मुंबई के आजाद मैदान में मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे ने पांच दिन से जारी आमरण अनशन मंगलवार शाम को समाप्त कर दिया। उन्होंने समर्थकों के बीच घोषणा करते हुए कहा 'हम जीत गए हैं, सरकार ने हमारी मांगें मान ली हैं।' जरांगे ने यह भी कहा कि यदि सरकार आरक्षण पर सरकारी आदेश (जीआर) जारी कर देती है तो वे रात 9 बजे तक मुंबई छोड़ देंगे। इससे पहले बॉम्बे हाईकोर्ट ने जरांगे को फटकार लगाते हुए अनशन स्थल खाली करने का निर्देश दिया था। अदालत ने दोपहर 3 बजे तक मैदान खाली करने का आदेश दिया था, ■ शेष पृष्ठ 7 पर

## फिल्मी अंदाज में फरार हुआ आप विधायक

**पंजाब: पुलिस पर की फायरिंग, गाड़ी चढ़ाकर पुलिसकर्मी को किया घायल**

**पटियाला, जेएनएन।** पंजाब की सन्नौर विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी (आप) विधायक हरमीत सिंह पठानमाजरा मंगलवार को पुलिस हिरासत से नाटकीय अंदाज में फरार हो गए। उन्हें हरियाणा के करनाल के डाबरी गांव से गिरफ्तार किया गया था और पटियाला लाया जा रहा था। रास्ते में उन्होंने अपने साथियों के साथ पुलिस पर फायरिंग की और गाड़ी चढ़ाकर एक पुलिसकर्मी को घायल कर दिया। पठानमाजरा और उनके साथी स्कॉर्पियो और फॉर्च्यूनर गाड़ियों में फरार हुए। बाद में फॉर्च्यूनर बरामद कर ली गई, जिसमें से एक युवक को पकड़ा गया।



महिला ने सोशल मीडिया पर विधायक पठानमाजरा से शादी की फोटो अपलोड की थी।

**आप का रुख:** आप नेता बलतेज पन्नू ने बताया कि महिला ने शिकायत में कहा है कि वह 2021 से विधायक के साथ रिश्ते में थी और दोनों ने गुरुद्वारे में शादी भी की थी। महिला का आरोप है कि विधायक संबंध बनाने का दबाव डालते थे और आपत्तिजनक फोटो व वीडियो के आधार पर धमकाते थे। इसी शिकायत के बाद रेप की धारा में केस दर्ज हुआ।

**यह है मामला:** विधायक पठानमाजरा के खिलाफ उनकी पूर्व पत्नी से जुड़े एक पुराने मामले में आईपीसी की धारा 376 (रेप) के तहत केस दर्ज है। हिरासत से पहले जारी एक वीडियो में उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली की आप टीम पंजाब पर हावी होने की कोशिश कर रही है और उनकी आवाज दबाई जा रही है।

# अमेरिका को स्पष्ट संदेश- किसी का पिछलग्गू नहीं भारत

**मोदी की जापान-चीन यात्रा**

**राजीव मोहन गुप्त**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया जापान और चीन यात्राएं केवल कूटनीतिक औपचारिकता नहीं थीं। ये दौरे उस तेजी से बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य का हिस्सा हैं, जहां डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका संरक्षणवाद और दंडात्मक शुल्कों के सहारे भारत सहित तमाम देशों पर अपने हित थोपना चाहता है, वहीं एशिया की राजनीति बहुध्रुवीय संतुलन गढ़ने की राह पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन यात्राओं के जरिए यह स्पष्ट संदेश दिया है कि भारतीय विदेश नीति किसी एक ध्रुव पर आश्रित नहीं, बल्कि रणनीतिक आत्मनिर्णय और साझेदारी की विविधता पर आधारित है।

पहले बात करते हैं जापान यात्रा की-जापान यात्रा में मोदी और जापानी प्रधानमंत्री इशिबा के बीच हुए समझौतों ने भारत-जापान रिश्तों की गहराई को उजागर किया। अगले दशक तक जापान का सालाना 6.8 अरब डॉलर का निवेश भारत की अर्थव्यवस्था को गति देगा। एआई, डिजिटल सहयोग, बुलेट ट्रेन, रक्षा और अंतरिक्ष में साझेदारी यह बताती है कि दोनों देश केवल आर्थिक भागीदार नहीं, बल्कि रणनीतिक सहयोगी भी हैं। इतना ही नहीं पांच लाख लोगों के आदान-प्रदान का कार्यक्रम और पचास हजार भारतीय कर्मियों का जापान जाना आर्थिक और राजनैतिक रिश्ते को और मजबूती देगा। सबसे महत्वपूर्ण, इंडो-पैसिफिक (हिंद महासागर, पश्चिमी और मध्य प्रशांत महासागरों को जोड़ने वाले समुद्री क्षेत्रों) पर दोनों देशों की समान दृष्टि रही-यह क्षेत्र किसी एक की जागीर नहीं, बल्कि साझी सुरक्षा और पारदर्शी नियमों का दायरा होना चाहिए।

जापान यात्रा के तुरंत बाद प्रधानमंत्री मोदी चीन पहुंचे। सात साल बाद उनकी यह पहली चीन यात्रा थी। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में भारत, चीन और रूस के नेता एक मंच पर दिखाई दिए। तस्वीर साफ थी-अमेरिका के दबाव की राजनीति का जवाब एशियाई एकजुटता से दिया जा सकता है। मोदी ने आतंकवाद और कट्टरपंथ से निपटने, कनेक्टिविटी बढ़ाने और नए अवसर खोजने पर जोर दिया। कैलाश मानसरोवर यात्रा और सांस्कृतिक संपर्कों पर सहमति से यह संकेत भी गया कि प्रतिद्वंद्विता के बीच संवाद की संभावना बनी हुई है। हालांकि सीमा विवाद और अविश्वास की दीवारें अभी भी खड़ी हैं, लेकिन बातचीत का रास्ता खोला जाना अपने आप में कम बड़ी उपलब्धि नहीं है। एससीओ समिट से जारी घोषणापत्र में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए नृशंस आतंकवादी हमले की स्पष्ट निंदा भारत के लिए एक बड़ी कूटनीतिक सफलता है। इस घोषणापत्र का महत्व इसलिए और भी बढ़ जाता है क्योंकि इसमें पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की मौजूदगी में न केवल हमले की निंदा की गई, बल्कि इसके अपराधियों, आयोजकों और समर्थकों को न्याय के कटघरे में लाने की अनिवार्यता पर भी जोर दिया गया।

इस अवसर पर भारत और रूस की दोस्ती और गाढ़ी होती दिखी। प्रधानमंत्री मोदी ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन को दिसंबर में भारत आने का न्यौता यह कहते हुए दिया-140 करोड़ भारतीय आपका स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। जबकि रूसी डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट फंड के सीईओ ने जल्द ही भारत में बड़ा निवेश करने का ऐलान किया।

दरअसल, इन यात्राओं को अमेरिका से बिगड़े आर्थिक रिश्तों की पृष्ठभूमि में देखना होगा। भारतीय उत्पादों पर भारी शुल्क और रूस से तेल आयात पर आपत्ति वॉशिंगटन की वह शैली है, जो साझेदारी को भी दंडात्मक बनाए देती है। भारत ने इन दबावों को स्वीकार करने के बजाय नए विकल्पों की तलाश की। जापान से गहरी दोस्ती और चीन से सतर्क संवाद, दोनों ने यह साबित किया कि भारत किसी एक खेमे का विस्तार मात्र नहीं है। ■ शेष पृष्ठ 7 पर

**वैश्विक राजनीति के त्रिदेव**



चीन के शहर 'तियानजिन' में शंघाई सहयोग संगठन की बैठक के पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रूसी राष्ट्रपति पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग वैश्विक राजनीति पर विचार विमर्श करते हुए।

### एसबीआई की शाखा से दो करोड़ के गहने चोरी

**जागरण, उज्जैन।** उज्जैन में महानंदा नगर स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात चोरों ने बैंक के लॉकर से करीब 2 करोड़ रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण और करीब 8 लाख रुपये नकद उड़ा लिए। घटना का खुलासा मंगलवार सुबह हुआ, जब बैंक का सफाईकर्मी और शाखा प्रबंधक मौके पर पहुंचे। सूचना मिलते ही पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंच गई। जांच में चौकाने वाला तथ्य सामने आया कि बैंक का मुख्य द्वार और लॉकर किसी भी जगह से तोड़े नहीं गए, बल्कि सभी ताले चाबी से खोले गए। इस आधार पर पुलिस को शक है कि चोरी में बैंक का कोई अंदरूनी व्यक्ति शामिल हो सकता है। बैंक परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी पुलिस के हाथ लगी है, जिसमें देर रात दो संदिग्ध व्यक्ति बैंक से बाहर निकलते नजर आ रहे हैं। पुलिस उनकी पहचान करने में जुटी है और जल्द गिरफ्तारी की संभावना जताई जा रही है।

# गणेश उत्सव पर महाआरती का हुआ आयोजन



## मॉं शारदा मंदिर के पुजारी सुमित महराज व विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा हुए शामिल

**सतना।** गणेश उत्सव के दौरान महाआरती का आयोजन सतना के जवान सिंह कॉलोनी स्थित प्राचीन काली माता मंदिर में किया गया ।मैहर स्थित मा शारदा मंदिर के पुजारी सुमित महराज व सतना विधायक व कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ कुशवाहा मुख्य अतिथि रहे । अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर महाआरती की । उक्त कार्यक्रम का आयोजन यूथ कांग्रेस के विजयराज परिहार पूनम सिंह बघेल और विजयराज परिहार के युवा साथी एवम सैकड़ों माताओं बहनों ने मिलकल पूरा किया।

# नगर निगम की जनसुनवाई में आये 36 आवेदन



**जागरण, सतना।** मंगलवार को नगर निगम में सम्पन्न हुई जनसुनवाई के दौरान कुल 36 आवेदन प्राप्त हुये है। जिसमें से सर्वाधिक आवेदन विकास कार्यो के लिए प्राप्त हुये है। निगमायुक्त शेर सिंह मीना आईएएस , स्पीकर राजेश चतुर्वेदी और उपायुक्त सत्यम मिश्रा की मौजूदगी में जनसुनवाई का आयोजन 11 बजे दिन दोपहर एक बजे तक किया गया।इस दौरान कार्यपालन यंत्री आरपी सिंह , के अलावा नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। जनकल्याणकारी योजना से संबंधित 01 , पेयजल से संबंधित 02 , अतिक्रमण से संबंधित 04 , सड़क प्रकाश व्यवस्था से संबंधित 01 आवेदन विकास कार्य से संबंधित 08 , साफसफाई से संबंधित 03 , सामान्य प्रशासन से संबंधित 02 आवेदन एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के 15 आवेदन प्राप्त हुए। प्रस्तुत आवेदनों पर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को उनके आवंटनए आवेदनों में कमियों एवं आवेदनों की अद्यतन स्थिति की जानकारी से अवगत कराया गया। विकास कार्यों, अतिक्रमण के लिए आवेदनों का स्थल निरीक्षण कर कार्यवाही के विधिवत प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाने के निर्देश प्रदान किए गए।

**निगमायुक्त ने कहा की जा रही प्रकरणवार समीक्षा :** आयुक्त नगर पालिक निगम सतना द्वारा शहरवासियों को अवगत कराया गया है कि यह जनसुनवाई अगले मंगलवार को पुनः आहुत की जाएगी। साथ ही साथ जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों की प्रकरणवार समीक्षा भी की जा रही है। ताकि शहरवासियों की जनसुनवाई में आने का उद्देश्य सफल हो सके।

# बिरसिंहपुर नगर के कई वार्डो में विराजमान हुए गणपति बप्पा

**सतना।** बिरसिंहपुर नगर में गणेश उत्सव के शुभ अवसर पर जगह.जगह भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जा रही है आपको बता दें नगर के हर वार्डो में मुख्य जगहों में पंडाल सजाए गए हैं जहां नगर के दर्शनार्थियों की भारी भीड़ उमड़ती है गणेश उत्सव पर लोग घरों में भी भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित कर विधि विधान से पूजा अर्चना कर रहे है इस महापर्व की शुरुआत भादो शुक्ल चतुर्थी को होती है और चतुर्दशी तिथि को गणेश विसर्जन के साथ इसका समापन हो जाता है यह त्योहार भगवान गणेश को समर्पित हैण् ऐसा माना जाता है कि इस पवित्र घड़ी में भगवान गणेश धरती पर उतरते हैं और भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करते हैं इस साल ये पर्व 27 अगस्त से 6 सितंबर तक मनाया जा रहा है। बिरसिंहपुर नगर के मेन बस स्टैंड में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बिरसिंहपुर के राजा भगवान बाल गणेश की आकर्षक प्रतिमा स्थापित की गई है इस कमेटी में आशीष गुप्ता जितेंद्र गुप्ता उमेश गुप्ता कृष्णा गुप्ता मुकेश गुप्ता गुलाबण् दीपचंद्र कुनाल छोटू केसरवानी श्रवण पुष्पेंद्र विनयराज ऋषि शिबू आदर्श गुप्ता पंकज गुप्ता संदीप गुप्ता अमित गुप्ता रमाशंकर गौतम कमलेश सोनी घनश्याम चौरसिया बच्चा होटल संदीप माली कैलाश खटीक आदि नवयुवकों द्वारा बाल गणेश की आकर्षक प्रतिमा हर वर्ष स्थापित की जाती है।

# उचेहरा में ब्लॉक कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



**जागरण, सतना।** डॉ रश्मि सिंह के मार्गदर्शन में आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उचेहरा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जीतू पटवारी पर हुए कातिलाना हमले के विरोध में तहसीलदार उचेहरा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेसजनों ने दोषियों पर शीघ्र एवं कड़ी कार्यवाही की मांग की।इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लालबहादुर सिंह, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष हरीश ताम्रकार, मंडलम अध्यक्ष उमेश कुमार गौतम, आदित्य प्रताप सिंह, एड अन्नपूर्णा तिवारी, पार्षद द्वय राजेंद्र ताम्रकार रंगी, राजाराम ताम्रकार, पूर्व पार्षद मुबारक अली भूरा, एड मो शफीक, सुरेश पाठक, राजेंद्र सेन, पुष्पेंद्र ताम्रकार, संतोष शर्मा, अरुण कुमार शर्मा, मो शरजील सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे। डॉ रश्मि सिंह ने इस हमले पर टिप्पणी करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी के सिपाही पर हमला लोकतंत्र पर हमला है। हम किसी भी हालत में इस तरह की गुंडागर्दी और साजिश को बर्दाश्त नहीं करेंगे। दोषियों पर सख्त कार्रवाई होना ही न्याय है और जनता कांग्रेस के साथ खड़ी है।

# अमरपाटन में मनाई गई कश्यप जयंती



**जागरण, सतना।** अमरपाटन में कश्यप जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई।इस दौरान जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता मुख्यमंत्री अतिथि रहे।महामंत्री संतोष गुप्ता , रमावतार गुप्ता द्वारा कश्यप ऋषि की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान बच्चो ने संस्कृति कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये ।कसौंधन समाज के जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि मैं अंशिका गुप्ता पिता अनिल गुप्ता को पढ़ाई के लिए हर वर्ष 5000 रुपए की अनुदान राशि प्रदान करूंगा प्रांजल गुप्ता पिता राजेश कुमार गुप्ता अंशिका गुप्ता पिता अनिल कुमार गुप्ता को श्री फल एवं शाल देकर अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया इस मौके पर संतोष कुमार गुप्ता अध्यक्ष कसौधन समाज अमरपाटन महामंत्री सत्यनारायण गुप्ता उपाध्यक्ष सुदामा प्रसाद गुप्ता सचिव राजेश कुमार गुप्ता कार्यक्रम कार्यक्रम में महिलाएं भी उपस्थित रहीसंगम गुप्ता को अमरपाटन का युवा मोर्चा का अध्यक्ष बनाया गया इस मौके पर समाज के सामाजिक बंधु शर्मन गुप्ता रामदास गुप्ता पुष्पराज गुरु अनिल गुप्ता ,गुलाब गुप्ता सत्येंद्र कुमार गुप्ता विजय गुप्ता अनिल गुप्ता गोविंद गुप्ता नारायण गुप्ता सीताराम गुप्ता धर्मेंद्र गुप्ता अन्नपूर्णा गुप्ता लकी गुप्ता मनीष गुप्ता संदीप गुप्ता सोनू गुप्ता उमेश गुप्ता अशोक गुप्ता खड़ वाले मनोज गुप्ता महेंद्र गुप्ता सूरज गुप्ता पुरुषोत्तम गुप्ता विनोद गुप्ता धीरज गुप्ता जरियारी अजय गुप्ता सुनील गुप्ता छोटू रामखेलावन गुप्ता राजू गुप्ता एडवोकेट अशोक कुमार गुप्ता आदि सामाजिक बंधु उपस्थित रहे ।

# तीन माह का राशन गायब करने की कलेक्टर से हुई शिकायत

**जागरण, सतना।** ग्राम पंचायत करौंदी खुर्द के ग्राम बहेरा आदिवासी बस्ती में राशन दुकानदार द्वारा ग्रामीणों से फिंगर स्कैनिंग करके तीन महीना का राशन वितरण नहीं किया गया। कई बार जिम्मेदार कर्मचारीध्प्रतिनिधि को सूचना देने के बाद भी किसी प्रकार का संज्ञान नहीं लिया गया वहीं दबंग लोगों का राशन अलग अलग दिनों में वितरण कर दिया गया और गरीबों की बारी आती है तो पीपीओ मशीन में खाद्यान्न पात्रता धारियों से अंगूठा लगवा लिया जाता है और फिर आना कानी कर के राशन गायब कर दिया जाता है।शिकायत करता कि मानें तो महीने में आधा दिन उचित मूल्य दुकान खोली जाती हैं इस कारण से गरीबों के राशन वितरण नहीं हो पाया है और ये सब स्थानीय प्रतिनिधियों के गुंडागर्दी के कारण भ्रष्टाचार हो रहा है जिसकी शिकायत राशन कार्ड धारको ने कलेक्टर से खाद्यान्न उचित मूल्य दुकान बहेरा में कार्यरत कोटेदार की जांच करवाकर उचित दंडात्मक कार्यवाही करने एवम गरीबों को राशन उपलब्ध कराने की गुहार लगाई। जिसमें मुखतरूप से रामनिवास कोल अच्छेलाल कोल हनुमान बिहारी कोल भाईलाल कोल आशीष कोल सुरेश कोलव ग्रामीण लोग उपस्थित रहे।

# भाजयुमो के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष का पुष्पराज ने किया स्वागत



**जागरण, रामपुर बाघेलान।** सोमवार को भाजयुमो के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धीरज पटैरिया के सतना आगमन पर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष पुष्पराज कुशवाहा ने स्वागत किया।

न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला रीवा (म.प्र.)
क्र. 80/ विशेष विवाह 2025 रीवा दिनाक 24.01.2025
इश्तहार
आवेदक राकेश कुशवाहा पिता श्री कामता प्रसाद कुशवाहा, उम्र 30 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 38 पंजाबी मोहल्ला, सतना पब्लिक स्कूल के पास रघुराज नगर, थाना सिटी कोतवाली तहसील रघुराजनगर, जिला सतना म0प्र0 आवेदिका अनुष्का कुशवाहा पिता श्री रावेन्द्र प्रसाद कुशवाहा, उम्र 18 साल, निवासी. वार्ड क्रमांक ,मैर टोला, सूरा मोड़ के पास, बेलवा पैकान, धौरहरा, 304, थाना मनगवां तहसील मनगवां जिला रीवा म0प्र0 के द्वारा उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अन्तर्गत विवाह अनुष्ठान हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, अंकसूची की छायाप्रति निवास प्रमाण पत्र एवं 100/- चालान प्रस्तुत किया गया है जो विचाराधीन है।
अतः उक्त विवाह अनुष्ठान के सम्बंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति स्वतः अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि को उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
पेशी दिनांक 30.09.2025
विवाह अधिकारी जिला रीवा (म.प्र.)

# कुंजीलाल को दी गई विदाई

**जागरण सतना।** विधायक विक्रम सिंह के हाथ सेवा मुक्त पत्र साथ ही कोटर नगर परिषद् में विधायक विक्रम सिंह ने कोटर वार्ड 15 बस स्टैंड में मां के नाम कदम का पेड़, आम का पेड़ नीम का पेड़ एवं और पेड़ लगाए गए।कोटर दिनांक 31 अगस्त को जनसेवा नगर परिषद कोटर सेसेवानिवृत्त हुए कुंजीलाल की विदाई समारोह का आयोजन नगर परिषद कार्यालय, कोटर में बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया ।कुंजीलाल को सेवा मुक्त पत्र श्रीफल, शॉल एवं भगवद् गीता घड़ी भेंट कर सम्मानित किया और उनके सेवाभाव की सराहना की समारोह में मंडल अध्यक्ष रामकृष्ण तिवारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री डॉ पूजा द्विवेदी, अध्यक्ष राजमणि सिंह ,उपाध्यक्ष प्रभाकर तिवारी, सभापति ,राजेन्द्र गौतम सांसद प्रतिनिधि शांति स्वरूप अग्रवाल,आनंद पाठक , शिवेन्द्र पाठक देवराज गोस्वामी सहित नगर परिषद के समस्त पार्षदगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे सभी ने कुंजीलाल के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।

# जल संसाधन विभाग से सेवा निवृत हुए रामायण प्रसाद व फुलचंद



**जागरण, सतना।** लोकस्वास्थ यांत्रिकी संधारण उपखण्ड सतना में पदस्थ बिल क्लर्क रामायण प्रसाद कुशवाहा एवं लाइन मैंन फुलचंद कुशवाहा के अपनी 62 वर्ष की पूर्ण सेवाकाल की यात्रा पूरी करने के बाद सेवा निवृत होने पर दैनिक वेतन एवं कार्यभारित महासंघ के बैनर तले आयोजित भावांजलि समारोह के मुख्यातिथि रहे अतुल खरे सहायक यंत्री लोकस्वास्थ्य उपखण्ड सतना, विशिष्ट अतिथि योगेन्द प्रताप सिंह राजू बीएमएस के जिलाध्यक्ष, ऋषिकेश गुप्ता राज्य कर्मचारी संघ जिला कोषाध्यक्ष, मणिराज विश्वकर्मा विद्युत वितरण संघ के पूर्व महामंत्री सरपंच परिहार पी सी श्रीवास्तव आशा ऊषा संघ के मार्गदर्शक की विशेष उपस्थिति दर्ज कराई। सेवानिवृत के अवसर पर जल संसाधन विभाग के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों कर्मचारी साथियों ने अपनी सहभागिता निभाते हुए सेवानिवृत कर्मचारियों को शाल श्रीफल एवं उपहार भेंट कर माल्यार्पण करते हुए सम्मानित किया।

M.P. POWER GENERATING COMPANY LIMITED
(Govt. of M.P. Undertaking)
Office of The Addl. Chief Engineer (THC), Sirmour, Distt. Rewa (M.P.) 486448
E-mail : eehqthc@gmail.com, CIN : U40109MP2001SGC14822
No. : 91-84/Tons/Publication/1133 Sirmour, Date : 02.09.2025


NOTICE INVITING TENDER (THROUGH E-TENDERING PROCESS ONLY)

M.P. Power Generating Co. Ltd. invites e-tenders from reputed Contractor/Transporter/Firm/Service Provider/Joint Venture for the following jobs :-

| Tender No. | Tender Particulars | Estimated cost in Rs. (inclusive of Taxes)/Period/ Tender cost in Rs. | EMD in Rs. | Date and time for closing of online submission | Date & Time of e-opening of tender |
|---|---|---|---|---|---|
| 2025_ MPPGC_ 433480_1 | Procurement of 14 Ton heavy duty hydra crane at 3x105 MW, THPS-I, Sirmour. | 23.36 Lakh/ 1,000/- | 46,800/- | 17.09.2025 Up to 16:00 Hrs. | 19.09.2025 from 16:00 Hrs. onwards |

It is mandatory for prospective bidders to get registration on website **www.mptenders.gov.in** by making online registration fees payment. Further for detailed NIT, eligibility criteria, tender documents etc., please visit website **www.mptenders.gov.in.**
M.P. Madhyam/121850/2025 // Save Electricity // ADDL. CHIEF ENGINEER (THC)

# संजय राय ने उप महाप्रबंधक के समक्ष रखी कई मांगे



**जागरण, अमदरा ।** पश्चिम मध्य रेल जबलपुर की क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की 22 बैठक के दौरान सदस्य संजय राय के द्वारा अपने सुझाव के माध्यम से मैहर के प्लेटफार्म क्रमांक तीन पर कार्य गुणवत्ताविहीन चलने पाकिंग का कार्य शेष जल्द कराने के साथ घुनवारा स्टेशन में पानी पीने की सुविधा छाया की बैठक की कोई व्यवस्था नहीं हे इसलिए व्यवस्था होना चाहिए साथ ही अमदरा स्टेशन में प्लेटफार्म क्रमांक दो पर सी सी रोड बनाए जाने का सुझाव संजय राय द्वारा दिया गया था जिस पर उपमहाप्रबंधक ने पत्र के माध्यम से संजय राय को अवगत कराए कि मैहर के प्लेटफार्म क्रमांक दो और तीन पर निर्माण कार्य रेल विभाग के स्पेसिफिक्केशन के अनुसार ही किया जा रहा है तथा पाकिंग का कार्य जल्द पूरा किया जाएगा साथ ही घुनवारा स्टेशन का उन्नयन का प्रस्ताव भेजा गया है स्वीकृत होने पर कार्य किया जाएगा वहीं अमदरा स्टेशन की प्रगति कार्य हेतु सुझाव नोट किया जाता है अमदरा स्टेशन पर प्लेटफार्म क्रमांक दो के पीछे पहुंच मार्ग हेतु जल्द प्रस्ताव बना कर भेजा जाएगा। अमदरा स्टेशन पर प्लेटफार्म क्रमांक 2 के जाने के लिए कहीं से भी रास्ता नहीं है अगर किसी को दो में जाना है तो उससे पहले एक में आकर दो में जाना पड़ेगा इसके लिए अधिवक्ता रमाकांत दुबे के द्वारा सदस्य श्री संजय राय जी से मिलकर प्लेटफार्म क्रमांक 2 में सीसी रोड प्रधानमंत्री सड़क से जोड़े जाने की मांग की थी जिस पर श्री राय ने तुरंत संज्ञान लेते हुए बैठक में उठ मांग को जोरदार तरीके से उठाएं।

## PGI लखनऊ के प्रख्यात एंडोक्राइनोलॉजिस्टि डॉ अजय शुक्ला 14 सितंबर रविवार को रीवा में



**रीवा।** रीवा में उपलब्ध प्रख्यात एंडोक्राइनोलॉजिस्टि, SGPGI लखनऊ से डायबिटीज, थायराइड एवं हार्मोन्स रोग सुपर स्पेशलिस्ट, विंध्य प्रदेश (रीवा) में सेवायें देन वाले एकमात्र एंडोक्राइनोलॉजिस्टि, हार्मोन इंडिया संस्थापक डॉ अजय शुक्ला MBBS, MD (मेडीसिन), छरू(एंडोक्रिनोलॉजी & मेटाबॉलिज्म) SGPGI लखनऊ, MRCP SCE (UK) इंडोक्रिनोलॉजी, SCOPE सर्टिफिकेट ओबेसिटी एक्सपर्ट, वर्तमान कंसल्टेंट एवं विभागाध्यक्ष मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल लखनऊ दिनाँक 14 सितंबर 2025 रविवार (प्रत्येक माह में पूर्व निर्धारित दिनाँक) को सुबह 10 बजे से शाम 03 बजे तक रीवा न्यू बस स्टैंड स्थिति कामता मल्टी स्पेशलिटी क्लीनिक & डायग्नोस्टिक (कामता मेडिकल), A-ब्लॉक, समदड़िया कॉम्प्लेक्स में, डायबिटीज (मधुमेह), थायराइड एवं हॉर्मोन्स से संबंधित बीमारियां जैसे लंबे समय से डायबिटीज व थायराइड से ग्रसित होना बहुत बार इलाज लेने के बाद भी आराम न लगना डायबिटीज के कारण अन्य परेशानी होना, बच्चों में डायबिटीज (मधुमेह), थायराइड या हार्मोन्स की कमी या अधिकता, थायराइड की गांठ या अति दुबलापन, अत्यधिक मोटापा के कारण का पता लगाना व रोकथाम, कोलेस्ट्रॉल, ट्राइग्लिसराइड्स आदि का बढ़ना, किडनी में बार बार पथरी का बनना, (मेटाबोलिक स्प्रोन स्टडी), प्यास का ज्यादा लगना, बार बार पेशाब का लगना, मासिक धर्म का अनियमित होना या न होना, बांझपन (निःसन्तानता), पोलोस्टिक ओवरी, स्त्रियों में अतिरोमिता, गैलोक्टरिया छाती से असमय स्राव, योवन संबंधी विकार समय से पहले या देर से आना, जनन अंगों के विकास सम्बन्धित रोग व हार्मोन्स की गड़बड़ी, पुरुषों में स्तन का ब ?ना, पुरुषों में टेस्टोस्टेरॉन की कमी, नपुंसकता निःसन्तानता, असमय बु ?ापा आदि रोगों का परामर्श देकर इलाज किया जाएगा , डॉ शुक्ला विगत 5 वर्षों से प्रत्येक माह में पूर्व निर्धारित दिनाँक को नियमित रीवा में अपनी सेवायें दे रहे हैं और हजारों रोगियों का सफल इलाज कर चुके है, और विंध्य क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए बाहर बड़े शहरों को नही जाना पड़ा है, अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नं- 9399312433 कामता मेडिकल रीवा में संपर्क करें। advt

# रामसजीवन प्रजापति शाला प्रबंधन समिति के निर्बोध अध्यक्ष बनें




**सतना।** शासकीय प्राथमिक पाठशाला निषाद प्रस्थ कलोनी चोरहटा में रामसजीवन प्रजापति शाला प्रबंधन समिति के निर्बोध अध्यक्ष बने वहीं सविता कोल उपाध्यक्ष दशरथ वर्मा सचिव प्रदीप शर्मा जन शिक्षक तथा नंदी लाल कोल सदस्य नेहा कोल सदस्य निर्बोध अध्यक्ष उपाध्यक्ष सचिव सदस्य बनते ही छात्र.छात्राएं सहित उनके अभिभावक गुरुजन ने खुशियां जाहिर करते हुए सभी पदाधिकारीयों सदस्यों को बधाइयां और उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं करते हुए स्वागत वंदन किये वहीं मां.पिता भाई बहन चाचा चाची भैया भाभी घर परिवार गांव मोहल्ले के नागरिकों ने माला फूलों से स्वागत वंदन अभिनंदन कर मिठाइयां बांटकर खुशियां मनाई।

# एकेएस के प्रबंधन संकाय का शोधपत्र प्रकाशित

**जागरण, सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय सतना के प्रबंधन संकाय ने शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की है। संकाय के अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष डॉण् कौशिक मुखर्जी तथा डॉण् चंदन सिंह के मार्गदर्शन में तैयार किया गया शोधपत्र श्ऑनलाइन समीक्षाओं और सोशल मीडिया प्रभावशालियों की शक्ति रू करियर विकल्पों के विश्लेषण में भूमिकाश् प्रतिष्ठित शोधकोश पत्रिका ऑफ विजुअल एंड परफॉर्मिंग आर्ट्स खंड 5 अंक 5 में प्रकाशित हुआ है। इस शोधपत्र में यह स्पष्ट किया गया है कि डिजिटल युग में युवाओं के करियर निर्णय केवल पारंपरिक मार्गदर्शनों, जैसेदृ परिवार या शिक्षकों की सलाह पर निर्भर नहीं रहते, बल्कि ऑनलाइन समीक्षाएँए करियर पोर्टल और सोशल मीडिया प्रभावशाली व्यक्तित्व इन्फ्लुएंसर उनके चुनाव में निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं। अध्ययन के निष्कर्ष बताते हैं कि सकारात्मक ऑनलाइन समीक्षाएँ किसी विशेष कोर्स या करियर विकल्प की लोकप्रियता को तेजी से बढ़ा सकती हैं जबकि नकारात्मक समीक्षाएँ युवाओं को उससे दूर कर देती हैं। इसी प्रकार सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अपने अनुभवों सुझावों और जीवनशैली के माध्यम से करियर संबंधी रुझानों को प्रभावित करते हैं। यह शोध इस निष्कर्ष पर पहुँचता है कि करियर परामर्श और मार्गदर्शन के पारंपरिक मॉडल में अब डिजिटल माध्यमों को भी शामिल करना आवश्यक है।

इस अकादमिक उपलब्धि पर प्रबंधन संकाय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ सीमा द्विवेदी, डॉ प्रदीप चौरसिया, प्रमोद द्विवेदी, शिनु शुक्ला, कृष्ण कुमार मिश्रा, अनुराग सिंह परिहार एवं आकाश गुप्ता ने शोध टीम को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की सुदृढ़ शोध संस्कृति तथा शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति उसकी गहरी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

# शहर में कई जगहों पर चालानी कार्यवाही कर ठोका जुर्माना



**जागरण, सतना।** स्वास्थ्य अधिकारी ए पी सिंह के आदेशानुसार नगर निगम की स्वच्छता टीम एवं सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की टीम द्वारा संतोषी माता मंदिर चौराहा , गल्ला मंडी रोड, बिरला रोड पर चालानी कार्यवाही की गयी जिसमे 2 किलो पॉलीथिन जप्त की गयी और पंकज द्विवेदी पांच सौ रिंकू कोतवानी पांच सौ कुल एक हजार का जुर्माना किया गया तथा व्यपारियों को समझाया गया की कचरा यहाँ वहा नहीं फेकते हुए सिर्फ कचरा गाड़ी मे डालें और सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग ना करें उक्त कार्यवाही मे वार्ड दरोगा हरभजन सिंह रामनरेश एवं समस्त स्वास्थ्य टीम के साथ सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट से निखिल जाधव विशाल अग्निहोत्री और विनय डोहर उपस्थित थे।

## समूह-2 उप समूह-3 पदों की भर्ती हेतु संयुक्त भर्ती परीक्षा 2025 आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं

आवेदन पत्र भरने की तिथि 09.09.2025 से 23.09.2025 तक
ऑनलाइन परीक्षा पद्धति समय सारणी
आवेदन पत्र में संशोधन करने की तिथि 09.09.2025 से 28.09.2025 तक

| संभावित परीक्षा दिनांक | परीक्षा की पाली | अभ्यर्थियों के लिए रिपोर्टिंग समय | उत्तर अंकित का समय |
|---|---|---|---|
| 28 अक्टूबर 2025 से प्रारंभ | प्रथम | प्रात: 07:00 से प्रात: 08:00 बजे तक | प्रात: 09:00 से 12:00 बजे तक (03 घंटे) |
| | द्वितीय | दोपहर 01:00 से दोपहर 02:00 बजे तक | दोपहर 03:00 से 06:00 बजे तक (03 घंटे) |

**आवेदन पत्र भरने की प्रकिया एवं महत्वपूर्ण निर्देश :-**

1. परीक्षा के नियम, विभागवार रिक्त पदों की आरक्षण तालिकाएं एवं परीक्षा संचालन नियम से संबंधित विस्तृत नियमपुस्तिका मण्डल की वेबसाइट **www.esb.mp.gov.in** पर उपलब्ध रहेगी, जिसमें उल्लेखित समस्त नियमों/जानकारी का अध्ययन करके ही आवेदन पत्र भरा जावे।
2. वेबसाइट **www.esb.mponline.gov.in** के माध्यम से आवेदन पत्र भरा जा सकता है।
3. **संभावित परीक्षा शहर -** भोपाल, इंदौर, जबलपुर, खण्डवा, नीमच, रतलाम, रीवा, सागर, सतना, सीधी एवं उज्जैन।
4. **प्रवेश परीक्षा शुल्क***

| | |
|---|---|
| अनारक्षित अभ्यर्थियों के लिए | रु. 500/- |
| केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/ई.डब्ल्यू.एस. एवं दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के लिए | रु. 250/- |
| ऑनलाइन आवेदन- कियोस्क के माध्यम से ऑनलाइन भरने वाले अभ्यर्थियों हेतु एम.पी. ऑनलाइन का पोर्टल शुल्क | रु. 60/- |
| अतिरिक्त रजिस्टर्ड सिटीजन यूजर के माध्यम से लॉगिन कर फार्म भरने पर पोर्टल शुल्क | रु. 20/- |

**विशेष निर्देश -**

1. अभ्यर्थी का आधार पंजीयन अनिवार्य है।
2. मण्डल द्वारा आयोजित परीक्षाओं में मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के रूप में अभ्यर्थी मतदाता पहचान पत्र, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, पासपोर्ट, में से कोई एक को चयनित कर सकता है। यू.आई.डी.ए.आई. (UIDAI) के द्वारा सत्यपित (Verify) होने पर ही ई आधार मान्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के अभाव में परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जाएगा।
3. अभ्यर्थी को नियम पुस्तिका में विनिश्चित मूल परिचय पत्र के अतिरिक्त अपना आधार कार्ड/ई-आधार कार्ड की छायाप्रति/आधार नंबर/आधार VID की जानकारी लाना अनिवार्य है।
4. परीक्षा में प्रवेश के समय एवं परीक्षा के दौरान बहुस्तरीय बायोमैट्रिक सत्यापन अनिवार्य है। अत: जिन अभ्यर्थियों का आधार नंबर लॉक हैं वह परीक्षा दिनांक को परीक्षा केंद्र पर उपस्थिति के पूर्व आधार अनलॉक करवाना सुनिश्चित करें।
5. परीक्षार्थियों को परीक्षा में रिपोर्टिंग समय तक परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति होगी। इसके पश्चात विलम्ब से आने पर अभ्यर्थियों की प्रवेश की पात्रता नहीं होगी।
6. परीक्षा कक्ष में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस यथा मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, लॉग टेबल्स, डिजीटल घड़ी, नकल पर्चा एवं sun glasses (धूप का चश्मा) आदि का उपयोग पूर्णत: वर्जित है।
7. ऑनलाइन आवेदन-पत्र क्रमांक के द्वारा ही ऑनलाइन परीक्षा हेतु अभ्यर्थी अपना प्रवेश-पत्र प्राप्त कर सकते हैं। अत: आवेदन-पत्र क्रमांक आवश्यक रूप से संभाल कर रखें, जिसकी समस्त जिम्मेदारी आवेदक की ही होगी।
8. परीक्षा केंद्र पर आवेदक को परीक्षा हाल में प्रवेश हेतु मण्डल वेबसाइट से डाउनलोड किये गये प्रवेश-पत्र साथ लाना अनिवार्य है।
9. किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात् परीक्षा समाप्ति तक परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति नहीं होगी।
10. आवेदन-पत्र भरते समय उम्मीदवारों के किसी भी प्रमाण पत्र का परीक्षण मण्डल द्वारा नहीं किया जाकर नियुक्ति प्रकिया के दौरान सम्बंधित विभाग द्वारा किया जाता है। अत: कम्प्यूटर आधारित (Online) परीक्षा में उम्मीदवारों की पात्रता (Eligibility) पूर्णत: प्रावधिक (Provisional) होगी।

**विशेष नोट : मण्डल अपनी सुविधानुसार परीक्षा तिथि/परीक्षा पाली/शहरों/केन्द्रों एवं अन्य बिन्दुओं में परिवर्तन कर सकता है।**

विज्ञापन क्र. : 73/2025
संचालक
मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल
'चयन भवन' मेन रोड नं. - 1, चिनार पार्क (ईस्ट) भोपाल - 462011
Fax : +91-755-2550498, Website : www.esb.mp.gov.in
म.प्र. माध्यम/121852/2025

# शिक्षा, स्वास्थ्य एवं प्रदूषण को लेकर लामबंद हुए प्रभावित किसान



जागरण प्रदर्शन

## सैकड़ों ग्रामीण जनों ने अपर कलेक्टर को सौंपा 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन

### अपने वादों से मुकर रहा है कंपनी प्रबंधन





**जागरण, सीधी**

जिले के इकलौते सीमेंट प्लांट मझिगवां के द्वारा बाहर से लाने वाले कचरे की बदबू से ग्रामीण जन काफी परेशान हैं और बीमार हो रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य की समुचित व्यवस्था कंपनी द्वारा नहीं की जा रही है। युवाओं को रोजगार देने का जो वादा किया गया था उसका पालन कंपनी प्रबंधन नहीं कर रही है। पूर्व जनपद अध्यक्ष कृष्णदेव सिंह केडी, जनपद पंचायत रामपुर नैकिन के उपाध्यक्ष ऋषिराज मिश्रा, समाजसेवी अखिलेश पाण्डेय के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीण जन कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर अपर कलेक्टर बीपी पाण्डेय को 10 सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर 15 दिवस के अंदर समस्या का समाधान करने की मांग किए हैं। 15 दिन के अंदर यदि उक्त समस्याओं का समाधान जिला प्रशासन व कंपनी प्रबंधन द्वारा नहीं किया गया तो ग्रामीण जन वृहद आंदोलन करेंगे। मीडिया से चर्चा करते हुए जनपद पंचायत रामपुर नैकिन के उपाध्यक्ष ऋषिराज मिश्रा ने बताया कि अल्ट्राटेक प्रबंधन के द्वारा बाहर से कचरा लाकर प्लांट के अंदर इकट्ठा किया जाता है। उक्त कचरे की गंदगी से समीपवर्ती गांवों मझिगवां करियाझर, पटना, सरदा, पिपरांव, मलगांव, धौरहरा, बुढ़गौना, बघवार आदि के रहवासियों में जानलेवा बीमारियों का उत्पन्न हो रही है। जिसके कारण ग्रामीण जनों का जीना दुश्वार हो गया है। जेपी सीमेंट प्लांट के समय प्लांट के आसपास के गांवों के ग्रामीण जनों के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा व स्वास्थ्य की व्यवस्था की गई थी। किंतु अल्ट्राटेक के समय कंपनी से प्रभावित ग्रामीण जनों के बच्चों को न तो शिक्षा दी जा रही है और न ही स्वास्थ्य की कोई समुचित व्यवस्था की गई है। उन्होने बताया कि कंपनी प्रबंधन के द्वारा स्थानीय बेरोजगारों तथा संविदाकारों को समुचित रोजगार तथा कार्य सुलभ कराने का वादा किया गया था। किन्तु कंपनी के द्वारा स्थानीय बेरोजगारों तथा संविदाकारों को समुचित रोजगार तथा कार्य उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। कंपनी ने ग्रामीण जनों से जो बादा किया था। उसका पालन कराया जाये। मीडिया से चर्चा करते हुए जनपद सदस्य महेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि सीमेंट प्लांट के माइंस क्षेत्र मझिगवां अन्तर्गत ग्राम पटना की आदिवासी बस्ती तथा बुढ़गौना माइंस आने के कारण हरिजन आदिवासी बस्ती ना तो विस्थापित किया जा रहा है और ना ही मांइस को समाप्त कराया जा रहा है। बस्ती की आबादी भूमि में जो लीज पट्टा दिया गया उसको निरस्त कराया जाये। सीमेंट प्लांट प्रबंधन द्वारा क्लिंकर की सप्लाई रेलवे से ग्राम नैकिन की जा रही है। उक्त कार्य में परिवहन कार्य को बाहरी ट्रांसपोर्टरों से कराया जा रहा है। जबकि स्थानीय ट्रांसपोर्टरों को क्लिंटर सप्लाई का कार्य नही दिया जा रहा है। भारी वाहनों के आने जाने से नैकिन पहुंच मार्ग को क्षतिग्रस्त हो गया है। स्थानीय ट्रांसपोर्टरों को नैकिन तक क्लिंकर की सप्लाई दिलाई जाये आदि 10 प्रमुख मांगें ज्ञापन में दी गई हैं। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रमुख रूप से अशोक सिंह पूर्व सरपंच बघवार, प्रशांत सिंह पूर्व जनपद सदस्य बघवार, अरुण त्रिपाठी जनपद सदस्य, अशोक सिंह जनपद सदस्य प्रतिनिधि, सरिता बृजेन्द्र कुशवाहा सरपंच पिपरांव, राजकुमारी पाव सरपंच पटना, श्रीमती सीमा पाण्डेय जनपद सदस्य भरतपुर, मुकेश तिवारी उप सरपंच मझिगवां, रामलाल गोंड़ पूर्व सरपंच अमिलई, देवतादीन विश्वकर्मा पूर्व सरपंच भैंसरहा, राममाणि द्विवेदी, रामायण प्रसाद द्विवेदी, कैलाश तिवारी, नारायण प्रसाद तिवारी, मनोज द्विवेदी, गोमती प्रसाद मिश्रा, चंद्रमणि मिश्रा, शीवेन्द्र मिश्रा, रमेश मिश्रा, जागेन्द्र मिश्रा, मुनेश त्रिपाठी, अशोक मिश्रा, गिरिजा प्रसाद तिवारी, अजय पाण्डेय, श्रीनिवास साकेत, गिरधारी साकेत, रामलाल कोल, दिनेश कोल, महेश यादव, अनिल तिवारी, बलराम पाण्डेय, मकरंद पाण्डेय, संदीप पाण्डेय, हरिश्चन्द्र मिश्रा, निर्भय द्विवेदी आदि सैकड़ों ग्रामीणजन उपस्थित रहे।


### ग्रामीणजन करेंगे वृहद आंदोलन: कृष्णदेव



जनपद पंचायत रामपुर नैकिन के पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ट संविदाकार कृष्णदेव सिंह केडी ने कहा कि अल्ट्राटेक कंपनी प्रबंधन यदि ग्रामीण जनों की मूलभूत समस्याओं के समाधान करने में कोताही बरती तो इस बार ग्रामीण जन वृहद आंदोलन करेंगे और कंपनी का काम बंद कराएंगे। मीडिया से चर्चा करते हुए श्री सिंह ने कहा कि कंपनी ने ग्रामीण जनों से जो वादा किया था उस वादे का एक भी शब्द पालन नहीं कर रही है। जिसके कारण कंपनी से प्रभावित किसान व ग्रामीण जन काफी परेशान हैं। गरीब बच्चों को न तो बेहतर शिक्षा मिल पा रही है, न स्वास्थ्य की कोई व्यवस्था की गई है। स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, स्थानीय ट्रांसपोर्टरों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। उन्हें काम नहीं दिया जा रहा है। करीब 10 सूत्रीय मांगों को लेकर हम लोगों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर 15 दिन समस्याओं के समाधान दिया गया है। यदि निर्धारित समय पर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो हम लोग वृहद आंदोलन करेंगे।

## शहर एवं ग्रामीण अंचल की खबरें

### 5 सितंबर को गौरव शिक्षक दिवस का होगा आयोजन



**जागरण, सीधी।** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन सीधी द्वारा 5 सितंबर को गौरव शिक्षक दिवस का आयोजन जिला अध्यक्ष इंजिनियर आरबी सिंह की अगुवाई में रमाबलदेव पैलेस सीधी में होगा। आयोजन के मुख्य अतिथि अजय सिंह राहुल भैया विधायक विधान सभा क्षेत्र चुरहट, केदारनाथ शुक्ल पूर्व विधायक विधान सभा क्षेत्र सीधी, कौशल प्रताप सिंह, संगठन मंत्री भारतीय शिक्षण मंडल मध्यप्रदेश, अजीत सिंह, प्रदेश अध्यक्ष प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन मध्यप्रदेश, डॉ. अरविंद त्रिपाठी, प्राध्यापक पीएमश्री कॉलेज सीधी एवं आरडी शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन मध्यप्रदेश रहेंगे। सुबह 8:30 बजे डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की झांकी एवं भव्य शोभा यात्रा सिद्धभूमि इंटरनेशनल स्कूल पनवार से निकल कर नगर भ्रमण करते हुए 11:30 बजे रमाबलदेव पैलेस में पहुंचेगी। उक्त आयोजन में जिले के हजारों शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा।

### अरुणा द्विवेदी ने संभाला कुसमी थाना का पदभार



**जागरण, सीधी।** जिले के जनपद कुसमी अंतर्गत कुसमी थाने के नए थाना प्रभारी अरूणा द्विवेदी ने कुसमी थाना अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया। इससे पहले ये जिले उमरिया जिले मे थानाध्यक्ष के रूप मे कई सराहनीय कार्य किये। जिसकी क्षेत्र में आज भी ईमानदार अधिकारी के रूप मे इनकी चर्चा होती है। जिसके बाद इनका तबादला सीधी जिले के कुसमी थाने पर थाना अध्यक्ष पद पर कर दिया गया। जहां थाना कुसमी पहुंचने के बाद अरूणा द्विवेदी ने पुलिसकर्मियों से परिचय लेने के बाद थाना का जायजा लिया। इसी क्रम में स्टाप से थाना क्षेत्र की जानकारी हासिल कर महत्वपूर्ण समस्याओं पर चर्चा करते हुए थाने में पदस्थापित पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मियों से बैठक कर विचार विमर्श कर कई दिशा निर्देश दिया। मीडिया कर्मियों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण, अवैध शराब तस्करों पर शिकंजा, शांति व्यवस्था कायम रखने व नागरिकों के बीच पुलिस की बेहतर कार्य कुशलता एवं छवि प्रस्तुत करना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

### संविदा कर्मचारियों को अब मिलेगा उपादान का फायदा



**जागरण, सीधी।** संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ सीधी के जिला अध्यक्ष राजीव गौतम ने बताया और खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम ने संविदा कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए बड़ी राहत देने वाला फैसला लिया है। अब संविदा पर काम करने वाले अधिकारी/कर्मचारी और उनके आश्रितों को भी उपादान यानी सेवा पूरी होने पर मिलने वाली वित्तीय सहायता का लाभ मिलेगा। यह आदेश सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र 22 जुलाई 2023 के आधार पर जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि उपादान भुगतान की सुविधा अब उन संविदा कर्मचारियों पर भी लागू होगी, जिनकी सेवा 1 सितंबर 2025 के बाद पूरी होगी या सेवा के दौरान उनकी मृत्यु हो जाएगी। यानी पहले यह लाभ सिर्फ स्थायी सरकारी कर्मचारियों को मिलता था, लेकिन अब संविदा कर्मचारियों को भी इसका अधिकार होगा। इस फैसले से हजारों संविदा कर्मचारियों और उनके परिवारों को आर्थिक सुरक्षा मिलेगी। अगर किसी संविदा कर्मचारी की नौकरी समाप्त होती है या दुर्भाग्य से उनकी मृत्यु हो जाती है, तो उनके परिवार को भी उसी तरह उपादान मिलेगा, जैसे नियमित सरकारी कर्मचारियों के परिवार को मिलता है। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ सीधी के जिला अध्यक्ष राजीव गौतम ने बताया मध्य प्रदेश सरकार ने हाल ही में संविदा कर्मचारियों के लिए कई और सुविधाएं भी लागू की थीं। इसमें वेतन वृद्धि, मातृत्व और पितृत्व अवकाश, सेवा सुरक्षा, शिकायत निवारण की सुविधा और इन बदलावों का फायदा प्रदेश के 32,000 से ज्यादा संविदा कर्मचारियों और लगभग 1.5 लाख परिवारों को होगा। इतना ही नहीं कुछ समय पहले सरकार ने यह भी तय किया था कि यदि किसी संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी की मृत्यु हो जाती है तो उनके परिवार के किसी सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति दी जाएगी। अगर किसी कारण नियुक्ति संभव नहीं होए तो परिवार को 2 लाख रुपये की एकमुश्त सहायता राशि दी जाएगी। इन नीतियों और नए आदेशों से यह साफ है कि राज्य सरकार संविदा कर्मचारियों और उनके परिवारों की सुरक्षा को लेकर गंभीर है। अब तक संविदा कर्मचारी अपने भविष्य को लेकर असुरक्षित महसूस करते थे, लेकिन उपादान और अन्य सुविधाओं से उन्हें भी सरकारी कर्मचारियों जैसा सम्मान और भरोसा मिलेगा। यह आदेश लागू होने के बाद संविदा कर्मचारियों और उनके परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी और उनकी जिंदगी में आर्थिक स्थिरता आएगी।

### गणेश विद्यालय छात्रों का राज्यस्तरीय खेल में चयन




**जागरण, सीधी।** नगर के श्री गणेश हायर सेकेंडरी स्कूल अमहा के पांच खिलाड़ियों का चयन एसजीएफआई द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इन खिलाड़ियों ने संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन कर स्थान बनाया है। जुडोए बॉक्सिंग सतना एवं कुराश सिंगरौली जिले में आयोजित संभागीय स्तरीय खेल प्रतियोगिता में उनके शानदार प्रदर्शन के बाद राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता के लिए चुना गया है। चयनित खिलाड़ियों में बॉक्सिंग अंडर-14 में आदित्य सिंह, जूडो अंडर-17 में धैर्य सिंह सुशांत सिंह, कुराश अंडर-17 में अंश सिंह एवं ध्रुव सिंह का नाम शामिल है। विद्यालय के पीटीआई कोच माखनलाल मिश्र के नेतृत्व में उक्त खिलाड़ियों की टीम ने हिस्सा लिया। खिलाड़ियों ने खेल मैदान पर दमदार प्रदर्शन कर दर्शकों व निर्णायकों की सराहना प्राप्त की। विद्यालय के प्राचार्य जेएन मिश्र ने खिलाड़ियों की इस सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल विद्यालय के लिए गर्व की बात है, बल्कि आने वाले समय में अन्य छात्र खिलाड़ियों को भी प्रेरित करेगी। इस अवसर पर प्रकाश श्रीवास्तव, एके नवैत, एएस भट्ट, विनायक पाण्डेय, सतीश तिवारी, सौरभ द्विवेदी, पुष्पराज मिश्र, प्रदीप मिश्र, राजेन्द्र मिश्र, रामचरण मिश्र, जागृति मिश्रा एवं नीलम मिश्रा सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने छात्रों की सफलता पर उन्हे बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## सेमरिया क्षेत्र में खाद-यूरिया एवं डीएपी का गहराया संकट




**जागरण, सेमरिया।** सेमरिया क्षेत्र सहित जिले भर में खाद की भारी दिक्कत देखी जा रही है जिससे किसानों को खाद के लिए यूरिया एवं डीएपी की मार झेलनी पड़ रही है, जानकारी के मुताबिक जहां इस समय किसान यूरिया एवं डीएपी के लिए दर-दर की ठोकर खा रहे हैं। वहीं खाद न मिलने से किसान काफी नाराज एवं परेशान देखे जा रहे हैं। वही अभी हाल ही में देखा गया कि सेमरिया के एक खाद विक्रेता कुबेर गुप्ता के यहां लगभग 79बोरी गोदाम में खाद पड़ी हुई है। जहां प्रशासन द्वारा खामियां पाई गई और गोदाम को सील कर दिया गया था, लेकिन अब किसानों की नजर इस खाद पर टिकी है कि कब प्रशासन अपने स्तर पर वितरित कराएगा या नहीं कराएगा। अगर प्रशासन अपने स्तर पर अपनी निगरानी पर वितरित कर दी जाए तो कम से कम 79 किसानों को खाद मिल जाएगा। वहीं अब सेमरिया क्षेत्र की कई किसानों का निगाह सील की गई खाद पर टिकी हुई है। बरहाल यह तो प्रशासनिक बात है और प्रशासन अपने स्तर से नियमानुसार जो होगा वह तो करेगा ही लेकिन इतना जरूर कहा जा सकता है कि इस समय सेमरिया क्षेत्र में खाद के लिए किसानों को दर-दर की ठोकर खा रहे हैं और किसानों को खाद ना मिलने के कारण किसान परेशान हैं।

> सेमरिया क्षेत्र में खाद नहीं मिल रही, जिससे हम लोगों को खाद की भारी दिक्कत है। खाद के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं। धान में डालना जरूरी है
>
> **मो. नसीम खान, बेल्दह**



> इस समय धान की फसल में यूरिया एवं डीएपी की खाद डालना है और खाद बहुत जरूरी है लेकिन खाद न मिलने से हम लोग परेशान हैं, हालांकि सेमरिया में एक विक्रेता के पास खाद है, लेकिन सील है। अगर प्रशासन अपने स्तर पर बैठकर वितरित कर दी जाए तो हम लोगों को मिल सकता है।
>
> **राजकुमार प्रजापति, मनकीसर**



> यूरिया खाद के लिए इस समय दर-दर की ठोकर खा रहे हैं, लेकिन कहीं नहीं मिल रही है, हालांकि सेमरिया में एक व्यापारी के पास खाद है लेकिन कुछ कारण बस प्रशासन द्वारा सील कर दिया गया है, अगर प्रशासन द्वारा बैठकर वितरित कर दिया जाए तो हम लोगों को मिल सकता है।
>
> **रुक्मणी सिंह, नौगाम**

## पानी में घुसकर मध्यान्ह भोजन ले रहे शासकीय स्कूल बाड़ीझिरिया के बच्चे



**जागरण, सीधी।** जिले के कुसमी विकासखंड अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बाड़ीझिरिया में सोमवार की दोपहर अचानक हुई आधे घंटे की तेज बारिश ने स्कूल को तालाब में तब्दील कर दिया। स्कूल परिसर में पानी भरने से कक्षा 1 से 5 तक पढ़ने वाले छोटे-छोटे मासूम छात्र-छात्राओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालात ऐसे बने कि बच्चों को मध्यान्ह भोजन के लिए भी पानी में घुसकर जाना पड़ा। स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के परिजनों ने संकुल केंद्र टमसार में इस समस्या की शिकायत दर्ज कराई। परिजनों का कहना है कि विद्यालय परिसर में नियमित रूप से साफ-सफाई का कार्य नहीं होता। इसी लापरवाही के कारण बारिश का पानी बहकर सीधे स्कूल के कमरों और आंगन में भर गया। बच्चों को गंदे पानी में बैठकर पढ़ाई करनी पड़ी और भोजन तक पानी पार करके करना पड़ा। गांव के परिजन रामराज साकेत ने बताया कि लंबे समय से स्कूल में गंदगी और जलभराव की समस्या बनी हुई है, लेकिन इस ओर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा।

## कलेक्टर ने सुनी 176 आवेदकों की समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश



**जागरण, सीधी।** नागरिकों के समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इस बार आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 176 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। अनिराकृत आवेदनों के लिये समय-सीमा निर्धारित कर अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, अपर कलेक्टर बीपी पाण्डेय सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

### जिले में औसत वर्षा 1135.2 मिमी दर्ज

**जागरण, सीधी।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 2 सितम्बर को सीधी जिले में 13.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 0.0 मिमी. चुरहट 0.0 मिमी, गोपद बनास में 6.8 मिमी, सिहावल में 18.2 मिमी, बहरी में 22.0 मिमी, मझौली में 21.0 मिमी और कुसमी में 27.0 मिमी वर्षा हुई है। उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 1135.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। 1 जून से 2 सितम्बर तक तहसील बहरी में सर्वाधिक वर्षा 1251.9 मिमी दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 901.4, चुरहट में 1069.0, गोपद बनास में 1183.2, सिहावल में 1198.6 मिमी, मझौली में 1217.0 मिमी और कुसमी में 1125.0 मिमी औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 1080.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 54.5 मिमी औसत वर्षा अधिक हुई है।

### तालाब में मगरमच्छ मिलने से दहशत में ग्रामीण

**जागरण, सीधी।** बहरी तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत नकझर कला के एक तालाब में मगरमच्छ ने अपना डेरा जमाए बैठा हुआ था। गांव के लोगों में काफी दहशत बनी हुई थी ग्रामीणों के द्वारा सोन घड़ियाल विभाग को सूचना दी गई, जहां सूचना मिलते ही विभाग के द्वारा रेस्क्यू टीम गठित कर रेस्क्यू करने के लिए भेजा गया।

IDBI BANK
आईडीबीआई बैंक लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय: आईडीबीआई टॉवर, डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स,कफ परेड, मुंबई-400005
CIN No: L65190MH2004GOI148838
वित्तीय वर्ष 25-26 के लिए पूरे भारत में बैंक की शाखाओं और कार्यालयों के लिए डीजी सेट की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग हेतु आरएफपी
वित्तीय वर्ष 25-26 के लिए पूरे भारत में आईडीबीआई बैंक की शाखाओं और कार्यालयों के लिए डीजी सेट की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग हेतु आरएफपी के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए कृपया बैंक की वेबसाइट www.idbibank.in (नोटिस और निविदा लिंक के अंतर्गत) पर जाएँ या 022-66194339/66553371 पर संपर्क करें। **आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 22 सितंबर, 2025 को दोपहर 3.00 बजे तक या उससे पहले है।** उपरोक्त के संबंध में आगे कोई भी शुद्धिपत्र केवल बैंक की वेबसाइट पर पोस्ट किया जाएगा और समाचार पत्रों में अलग से कोई अधिसूचना जारी नहीं की जाएगी।
ह./-
उ.म.प्र. (आईएमडी)

बाइरैक
इग्नाइट इनोवेट इंक्यूबेट
birac
Ignite Innovate Incubate
जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद्
(बायोटेक्नोलॉजी विभाग, भारत सरकार के तत्वावधान में स्थापित एक गैर-लाभकारी धारा 8, सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम)
बाइरैक
घोषणा
निम्नांकित विषय पर प्रस्तावों के लिए खुले आमंत्रण
भारतीय घरेलू और सामुदायिक परिवेशों के लिए रूपांतरकारी स्वच्छता प्रौद्योगिकियों (TST) का विकास
'ग्रैंड चैलेंजेस इंडिया' के अंतर्गत
बायो टेक्नोलॉजी विभाग (भारत सरकार) और गेट्स फाउंडेशन का एक प्रमुख संयुक्त सहकार्य
बाजार के लिए तत्पर, विनियमन के अनुरूप, और व्यापक पैमाने पर उपयोग के लिए तैयार स्वच्छता प्रौद्योगिकियों की नई पहलों को सामने लाने के उद्देश्य से, इन प्रौद्योगिकियों का चयन प्रौद्योगिकी ट्रैक्स की तीन श्रेणियों के अंतर्गत किया जाएगा :
» ट्रैक-1: ब्लैक वाटर घरेलू रूपांतरकारी स्वच्छता (शौचालय) प्रौद्योगिकी (b-HTST) का विकास
» ट्रैक-2: ग्रे + ब्लैक वाटर घरेलू रूपांतरकारी स्वच्छता (शौचालय) प्रौद्योगिकियों (gb-HTST) का विकास
» ट्रैक-3: ग्रे और ब्लैक वाटर सामुदायिक रूपांतरकारी स्वच्छता (शौचालय) प्रौद्योगिकियों (gb-CTST) का विकास



वित्तीय सहायता : 18 महीने की अवधि के साथ ₹ 60 लाख तक
वित्तपोषण, तकनीकी सहायता, उन्नयन और परिनियोजन के माध्यम से नवप्रवर्तकों को सहायता देना
पात्रता
भारतीय कम्पनियां, स्टार्ट-अप्स, गैर-लाभकारी संस्थाएं (सोसायटी, ट्रस्ट और फाउंडेशन), एलएलपी, भारतीय सरकारी एजेंसियां और शैक्षणिक एवं अनुसंधान संस्थान (किसी उद्योग भागीदार के साथ प्राथमिकता दी जाएगी)।
प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : 10 अक्टूबर, 2025
आवेदन एवं विषय सम्बंधी विवरण के लिए **बाइरैक** की वेबसाइट **www.birac.nic.in** पर लॉग ऑन करें
DEPARTMENT OF BIOTECHNOLOGY Government of India
Grand Challenges India
GF

# जीतू पटवारी पर हुए प्राण घातक हमले के विरोध में कटनी कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



**जागरण, कटनी।** जिला शहर कांग्रेस जनो ने प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पर रतलाम में हुए हमले का विरोध दर्ज कराते हुए जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष अमित शुक्ला के नेतृत्व में बड़ी संख्या में जुटे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया को पुलिस महानिदेशक के नाम ज्ञापन सौंप कर आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किए जाने की मांग की है। कांग्रेस जिला शहर अध्यक्ष अमित शुक्ला ने बताया कि 31 अगस्त को रतलाम में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी पर अज्ञात लोगों ने हमला किया। उन्होंने कहा कि पटवारी पर पहले भी इस तरह के हमले हुए हैं। श्री शुक्ल ने कहा कि जीतू पटवारी प्रदेश में बेखौफ चल रहे नशे के कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चला रहे हैं। वे प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए लगातार आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इसी कारण उन पर बार-बार हमले हो रहे हैं। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि नशे के कारोबारियों की भाजपा नेताओं के साथ मित्रता के संबंधों के फोटो सोशल मीडिया पर सामने आ रहे हैं। कांग्रेस का आरोप है कि आरोपियों को राजनीतिक संरक्षण मिल रहा है।

**सत्य को धारण करने के लिये परिग्रह को छोड़ना पड़ेगा-मुनिश्री- कटनी।** जैन बोर्डिंग हाउस परिसर में पर्वराज पर्यूषण पर्व के अवसर पर आचार्य शांतिसागर विद्या संस्कार केन्द्र पाठशाला के नन्हे मुन्नें बच्चों द्वारा धार्मिक नाटक प्रस्तुत किये गये जिसकी उपस्थितजनों ने सराहना की कार्यक्रम का संचालन मंजू दीदी, रूची दीदी द्वारा किया गया।

## नाम सुधार सूचना

संदीप कुमार द्विवेदी पिता श्री राजपति द्विवेदी उम्र 45 वर्ष निवासी अमहिया, रीवा तहसील हुजूर नगर, जिला-रीवा म.प्र. का निवासी हूँ। एवं शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मेरी पुत्री आशी द्विवेदी कक्षा 10वीं ज्योती सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल रीवा में अध्ययनरत है। मेरी पुत्री की अंकसूची में आशी द्विवेदी की स्पेलिंग ASHI DWIVEDI लिखी है। जो गलत है। जबकि मेरी पुत्री के आधार कार्ड एवं समस्त दस्तावेजों में आशी द्विवेदी की स्पेलिंग AASHI DWIVEDI लिखी है। जो सही है। अतः मेरी पुत्री के शैक्षणिक दस्तावेजों में (आशी द्विवेदी) ASHI DWIVEDI के स्थान पर आशी द्विवेदी के नाम की सही स्पेलिंग AASHI DWIVEDI सुधार किया जाय एवं लिखा-पढ़ा व जान जाय।

RN-88777 संदीप कुमार द्विवेदी

## उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना सं0ः झांसी-टीएमसी-10-2025 दिनांक : 30.08.2025

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियंता (टीएमसी) लाइन झांसी निम्नलिखित कार्य के ऑन लाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है।

**कार्य का नाम :** वर्क फॉर सप्लाई, असेम्बलिंग, कमीशनिंग एंड मेनटेनिंग ऑफ न्यू टैंपिग बैंक्स फॉर यूनीमैट -4 एस ट्रैक मशीन्स विद वारन्टी पीरियड।

**अनुमानित लागत (₹):** ₹ 14557516.76 | **धरोहर राशि (₹) :** ₹ 222800.00

**निविदा बन्द होने की तिथिः** 25.09.2025 | **कार्य समापन अवधिः** 06 माह

निविदा उनके सामने दर्शायी गई तिथि को 15.00 बजे तक ऑन लाइन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। निविदा सूचना का विवरण उपरोक्त कार्यालय के सूचना पटल पर देखा जा सकता है। 1575/25(DG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

## उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना सं: JHS-N-GSU-09-25 दिनांकः 28.08.2025

**ई टेन्डरिंग निविदा सूचना**

उप मुख्य सिगनल व दूरसंचार अभियंता (गति शक्ति यूनिट) उत्तर मध्य रेल झांसी भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**कार्य का नामः** एस एंड टी वर्क इन कनेक्शन विथ कंस्ट्रक्शन ऑफ आरयूबी इन लियू ऑफ गेट नम्बर एलसी-384, एलसी-417 एंड एलसी-418 इन झाँसी-बाँदा सेक्शन ऑफ झाँसी डिवीज़न।

**कार्य लागत लगभगः** ₹ 8265327.66 | **धरोहर राशिः** ₹ 165300.00

**निविदा प्रपत्र का मूल्यः** Nil | **निविदा खुलने की तिथि: 23.09.2025 Time 15:00**

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधिः** 12 माह।

- निविदा **दिनांक 23.09.2025** को **15:00 बजे** तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे।
- पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in** (JHANSI DIVISION-GATI SHAKTI, NORTH CENTRAL RLY) पर देखें। **1576/25(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

# नवीन भवन का हुआ भूमि पूजन

**ब्यौहारी।** पंडित राम किशोर शुक्ला शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय नवीन भवन का भूमिपूजन क्षेत्र के विधायक शरद को ल ने किया एवं महाविद्यालय को कई सौगातें दीं जो क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है इस भवन के बनने से पीजी कक्षाओं की सभी संकाय खुलने का रास्ता साफ हो जाएगा नवीन भवन 3 करोड़ 69 लख रुपए से बनकर तैयार होगा जिसमें लाइब्रेरी ऑडिटोरियम एवं शैक्षणिक कक्ष शामिल है भूमि पूजन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्री कृष्ण गुप्ता नगर परिषद अध्यक्ष, आकांक्षी सिंह जनपद अध्यक्ष, विनय गुप्ता मंडल अध्यक्ष, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आरके तिवारी, आरसी त्रिपाठी प्रोफेसर ,वंश बहादुर सिंह एवं समस्त क्षेत्र की स्टाफ उपस्थित रहा।

## भारत आदिवासी पार्टी में सौंपा ज्ञापन

**ब्यौहारी।** भारत आदिवासी पार्टी द्वारा ब्यौहारी में राज्यपाल के नाम का ज्ञापन सोपा विश्व में गिरदावरी में भ्रष्टाचार खत्म करना छोटे किसानों को पर्याप्त की वीडियो उपलब्ध कराना प्राइवेट दुकानों की जांच सहित कई मांगों को लेकर राज्यपाल के नाम का ज्ञापन नया तहसीलदार सैनिक द्विवेदी को सोपा ज्ञापन सौंपते समय प्रमुख रूप से लाल बहादुर नेटी, माउजर खान, एवं भारत आदिवासी पार्टी के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**बिना लाइसेंस दवा बेचने पर कोर्ट से 3 साल की सजा, 25 हजार का जुर्माना लगाया - कटनी।** जिले में बिना लाइसेंस और कागजों के धड़ल्ले से दवा बेचने वालों पर आखिरकार शिकंजा कस गया है। शालीमार मार्केट स्थित मेसर्स शिवा ट्रेडिंग कंपनी के मालिक आत्माराम विधवानी को न्यायालय ने कड़ी सजा सुनाते हुए 3 साल का कठोर कारावास और 25 हजार रुपये का जुर्माना ठोका है।

## कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा,जिला-रीवा (म.प्र.)

**//निविदा सूचना //**

क्रमांक 816/ई-टेंडर/स्व.भा.मि./न.पा.नि./2025 रीवा दिनांक 01.09.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक तथा NIT क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2025_UAD_444615_1 01.09.2025 [FIRST CALL] 816/01.09.2025 | नगर पालिक निगम रीवा क्षेत्रांतर्गत 14 स्थानों पर डिजाइन, बिल्ड, फाइनेंस, ऑपरेट एवं ट्रांसफर (DBFOT) आधार पर विज्ञान के अधिकारों के विरुद्ध स्मार्ट पब्लिक टॉयलेट का निर्माण कार्य 20 वर्षीय लाइसेंस अवधि 5 वर्ष की आपसी सहमति के आधार पर किए जाने बावत। स्थल विवरण निम्नानुसार है- (1) धोबिया टंकी बस स्टैण्ड के पास, (2) रेलवे फ्लाई ओवर के नीचे, (3) समान फ्लाई ओवर के नीचे शिल्पी कुंज टर्निंग के पास, (4) अटल पार्क के पास, (5) न्यू बस स्टैण्ड के पास, (6) शिल्पी प्लाजा बी-ब्लाक के सामने, (7) अस्पताल चौराहा के पास, (8) मार्तंड स्कूल कलेक्ट्रेट के पास, (9) कॉलेज चौराहा सेल्फी प्वाइंट के पास, (10) अमरा कोठी फूल मंडी के पास, (11) स्वागत भवन परिसर के पास, (12) पी.टी.एस. चौराहा के पास, (13) दीनदयाल कॉलोनी के सामने, (14) सिरमौर चौराहा फ्लाई ओवर के नीचे। | निर्माण अवधि 06 माह (संचालन-संधारण अवधि 20 वर्ष) | ₹12,500.00 ₹1,50,000.00 | 01.10.2025 18:00 बजे तक। |

नोटः निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
जोन क्रमांक-03
नगर पालिक निग , रीवा (म.प्र.)

# कंप्यूटर परीक्षा में इंदिरा गांधी कॉलेज के छात्र, छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**ब्यौहारी।** ब्यौहारी के अग्रणी कंप्यूटर कॉलेज माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय से संबंध इंदिरा गांधी कंप्यूटर कॉलेज के वार्षिक एग्जाम बीसीए, डीसीए, और पीजीडीसीए में छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा और अच्छे अंक प्राप्त किया 6 अंक प्राप्त करने वालों मे बीसीए फाइनल में टॉपर शैलेंद्र कुमार पांडे 87त्न अंक प्राप्त किया दूसरे स्थान में श्रेया 85त्न, अमरेश कुमार कुशवाहा 84, इसी तरह से बीसीए फोर्थ सेमेस्टर में आकांक्षा सिंह ,हिमानी आसुदानी, शिवांश मिश्रा का अच्छा प्रदर्शन रहा बीसीए सेकंड सेम में आशि गुप्ता ,परिधि निगम अनमोल चतुर्वेदी ने अच्छा प्रदर्शन किया पीजीडीसीए फाइनल में सुषमा पटेल टॉपर रही दूसरे स्थान पर अंकिता तिवारी रही गीतांजलि पटेल एकांश गौतम तीसरे चौथे स्थान पर रहे वहीं डीसीए फाइनल में हिमांशी समदरिया प्रथम साधना कोल दितीय रही और गायत्री रावत तीसरे स्थान पर रही इन छात्र-छात्राओं ने अच्छी पढ़ाई करके उत्कृष्ट प्रदर्शन किया एवं विद्यालय को गौरवान्वित किया विद्यालय परिवार ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## 3 एवं 6 को मांसाहारी पदार्थों का क्रय-विक्रय प्रतिबंधित

**कटनी।** आगामी पर्वो को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे द्वारा बुधवार 3 सितंबर एवं शनिवार 6 सितंबर को निगम सीमा क्षेत्र में स्थित समस्त पशु वध ग्रह एवं चिकन, मांस मटन एवं मछली विक्रय की दुकानें, व्यावसायिक प्रतिष्ठान होटल बंद रखने के निर्देश निगम के स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी को दिए हैं।

# लोक अदालत में अधिक से अधिक करदाताओं को मिले लाभ : उपायुक्त

**कटनी।** नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर निगम के बकाया करों की वसूली हेतु गठित राजस्व अमले द्वारा किए जा रहे वसूली के प्रयासों सहित आगामी लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा सोमवार को उपायुक्त शैलेष गुप्ता एवं राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक द्वारा की जाकर राजस्व अमले को बकाया राजस्व वसूली के कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक के दौरान राजस्व शाखा के अधिकारी कर्मचारियों की मौजूदगी रही। बैठक में राजस्व वसूली अमले एवं वार्ड प्रभारियों को सितंबर माह की वसूली निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप करने की हिदायत दी जाकर निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कम वसूली करनें वाले वसूलीकर्ताओं के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने एवं वेतन आहरण पर रोक लगाने की कार्रवाई प्रस्तावित करने के निर्देश दिए गए।

# महापौर ने अतिक्रमण शाखा के कार्यों की समीक्षा की

**कटनी।** नगर निगम की अतिक्रमण शाखा के माध्यम से नगर की सुगम यातायात व्यवस्था सहित मुख्य मार्गो में अव्यवस्थित रूप से खड़े वाहनों की व्यवस्थित पार्किंग किये जाने की कार्यवाही सहित किये जा रहे अन्य दैनिक कार्यो की समीक्षा सोमवार को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा की जाकर अतिक्रमण अधिकारी मानेन्द्र सिंह को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान यातायात सूबेदार राहुल पाण्डेय भी विशेष रूप से मौजूद रहे। वाहनों की व्यवस्थित पार्किंग हेतु यातायात विभाग का ले सहयोग बैठक के दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा यातायात प्रभारी राहुल पाण्डेय से बाजार क्षेत्रों के मुख्य मार्गो में अव्यवस्थित रूप से खड़े वाहनों पर कार्यवाही करते हुए व्यवस्थित पार्किंग कराने की बात कहे जानें पर यातायात प्रभारी श्री पांडेय द्वारा यातायात विभाग के कर्मचारियों एवं नगर निगम के माध्यम से सामूहिक अभियान चलाकर यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करानें में पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान मुख्य मार्गो की सेंट्रल पार्किंग, पेड़ पार्किंग, रूई बाजार एवं विश्वकर्मा पार्क में व्यवस्थित पार्किंग और किराए पर क्रेन लिए जानें जैसे मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवें।

## लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क -
8962086944

## (मोहिनी भदौरिया) व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड त्योंथर, जिला रीवा (म.प्र.)

व्यवहार वाद प्रकरण क्रमांक R.C.S.A./170/2023
पेशी दिनांक 24.10.2025

रमाशंकर पाण्डेय, पिता राम किशोर पाण्डेय, ग्राम पंडिवार तहसील त्योंथर जिला रीवा (म.प्र.)
........ वादीगण/आवेदकगण

बनाम

मु. सबल राजकुमारी पत्नी लाल विष्णु प्रताप सिंह निवासी ग्रा. बैकुण्ठपुर तह. सिरमौर जिला रीवा म.प्र.
......... प्रतिवादीगण/अनावेदकगण

विषयः प्रतिवादीगण की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के संबंध में

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख किया जाता है कि इस न्यायालय में लंबित व्यवहार वाद प्रकरण क्रमांक R.C.S.A. 170/23 रमाशंकर पाण्डेय, पिता रामकिशोर पाण्डेय, जिला-रीवा (म.प्र.) का प्रकरण आवेदक द्वारा इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है। आवेदक क्रमांक R.C.S.A. 170/23 रमाशंकर पाण्डेय, पिता रामकिशोर पाण्डेय, ग्राम पंडिवार जिला-रीवा (म.प्र.)जिला-रीवा (म.प्र.) द्वारा न्यायालय श्रीमान मोहिनी भदौरिया व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 त्योंथर जिला रीवा म.प्र. में दावा बावत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र हेतु आदेश-7, नियम-1 व्य.प्र.सं. 1908 ई.के अंतर्गत हर आम व खास के विरुद्ध व्यवहार पेश किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 24.10.2025 नियत किया गया है। अतः उक्त प्रकरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह व्यक्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से जिस किसी को मामले के बारे में जानकारी हो, न्यायालय में सुबह 11.00 बजे दिन उपस्थित होकर अपनी प्रतिरक्षा करें। यदि दिनांक 24.10.2025 को हर आम व खास की ओर से उपस्थिति नहीं होती है तो अनावेदकगण की अनुपस्थिति में प्रकरण में सुनवाई पूर्ण की जावेगी।

नोटः- यदि किसी कारण से नियत पेशी दिनांक 24.10.2025 को शासकीय अवकाश घोषित हो जाता है, तो इस स्थिति में कार्य दिवस में सुनवाई की जायेगी।

न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से प्रकाशनार्थ प्रेषित किया जा रहा है।

(मोहिनी भदौरिया)
व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2
कनिष्ठ खण्ड त्योंथर,
जिला रीवा म.प्र.

RN-84518

**महानदी घाट विसर्जन स्थल का निरीक्षण करने पहुंची नगर परिषद अध्यक्ष : कटनी।** विजयराघवगढ़ नगर व आसपास श्री गणेश प्रतिमाओं की स्थापना के भव्यता के साथ पूजा अर्चना मे लीन है धार्मिक नगरी। नगर मे सार्वजनिक स्थलों पर रखे गणेश जी के पंडालों पर नगर परिषद अध्यक्ष के आदेशों पर रोजाना साफ सफाई लाईट इत्यादि की व्यवस्था की जा रही है। आगामी समय मे गणेश विसर्जन की तैयारियों को देखते हुए नगर परिषद अध्यक्ष व मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनीष परते नगर परिषद के कर्मचारियों व पार्षदो के साथ महानदी घाट का निरिक्षण करने पहुंचे जहां पर गणेश विसर्जन किया जाना है।

## आवश्यकता है

ऑफिस कार्य हेतु लड़की एवं महिलाओं की आवश्यकता है।
वेतन 5,000 से 10,000+कमीशन बोनस उम्र 18 वर्ष से 35 वर्ष
पता-न्यू बस स्टैंड रीवा मध्यप्रदेश
संपर्क नं.-9752075387
आर-84258 (3/10)

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रीवा (म.प्र.)

क्रमांक 3685/ राजस्व / न.पा.नि. / 2025 रीवा, दिनांक 02.09.2025

**कैविऐट दायर करने की सूचना**

एतद्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम रीवा के स्वामित्व के सुरूचि काम्पलेक्स की ऊपरी छत का प्रीमियम / किराया पर प्रथम आवंटन अनुबंध दिनांक 01.04.1992 को 35 माह के लिए किया गया। तत्पश्चात् नामांतरण के माध्यम से उक्त छत का आवंटन / अनुबंध दिनांक 08.06.1998 को किराया पर 35 माह के लिए श्री नानकराम पंजवानी, तनय श्री प्रीतमदास पंजवानी, सुरूचि काम्पलेक्स, होटल सूर्या, खन्ना चौराहा, पता-द्वारिका नगर, रीवा को किया गया। अंतिम अनुबंध दिनांक 01.04.2019 से दिनांक 28.02.2022 तक के लिए किया गया, जो समाप्त हो चुका है। उक्त छत आवंटन की अवधि 33 वर्ष से अधिक की हो चुकी है।

मध्यप्रदेश नगरपालिका (अचल सम्पत्ति का अंतरण) नियम, 2016 के नियम 8 अंतर्गत सम्पत्ति का अंतरण 30 वर्ष के लिए किए जाने का प्रावधान है, तद्नुसार प्रथम आवंटन दिनांक 01.04.1992 के आधार पर 30 वर्ष की अवधि दिनांक 31.03.2022 को पूर्ण हो चुकी है, पूरित अनुबंध की शर्तो का उल्लंघन आवंटिती द्वारा किया गया है।

उपरोक्त के कारण मध्यप्रदेश नगरपालिका (अचल सम्पत्ति का अंतरण) नियम, 2016 के नियम 15 तथा 17 के प्रावधानों के अंतर्गत सुरूचि काम्पलेक्स की ऊपरी छत का प्रीमियम / किराया पर किया गया आवंटन रद्द कर, उक्त छत एवं उस पर निर्मित संरचना का आधिपत्य नगर पालिक निगम रीवा द्वारा क्यों न प्राप्त कर लिया जाय, इस संबंध में 15 दिवस की नोटिस क्रमांक 3681/ राजस्व/न.पा.नि./2025, दिनांक 02.09.2025 श्री नानकराम पंजवानी, तनय श्री प्रीतमदास पंजवानी, सुरुचि काम्पलेक्स, होटल सूर्या, खन्ना चौराहा, पता-द्वारिका नगर, रीवा को जारी किया गया है। मान्नीय उच्च न्यायालय जबलपुर, मान्नीय न्यायालय रीवा में इस संबंध में कोई भी न्यायालयीन प्रकरण होता है, तो नगर पालिक निगम रीवा द्वारा कैबिऐट दायर की जा रही है।

(आयुक्त महो. द्वारा आवेशित)

उपायुक्त (राजस्व)
नगर पालिक निगम, रीवा (म.प्र.)

## कार्यालय प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय रीवा (म.प्र.)

क्रमांक/जीपीसीआर/भंडार/निविदा/2025/443 रीवा दिनांक 25/08/2025

**संशोधित तिथि**

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय रीवा में सुरक्षा व्यवस्था एवं साफ-सफाई व्यवस्था हेतु निविदा (टेण्डर) आमंत्रित किया जाना है। निविदा हेतु पात्र व्यक्ति/फर्मो से तालिका में दर्शाये समय चक्र के अनुसार निविदा दरें आमंत्रित हैं।

| No. | Description | Earnest Money Deposit | Bid Document Price |
|---|---|---|---|
| 1 | Security guard & Man Power | 25,000/- Only | Nil |

1. ऑनलाईन निविदा करने के लिये विवरण https://gem.gov.in पर उपलब्ध है। टेण्डर से संबंधित मुख्य तिथियां एवं समय निम्नानुसार है-

| S.N. | Particulars | Date & Time |
|---|---|---|
| 1 | Tender Publishing Date | 26/08/2025, 16:00 Hrs |
| 2 | Tender Download Start Date | 26/08/2025, 16:00 Hrs |
| 3 | Bid Submission Start Date | 26/08/2025, 16:00 Hrs |
| 4 | Bid Submission Closing Date | 15/09/2025, 16:00 Hrs |
| 5 | Technical Bid Opening | 15/09/2025, 16:30 Hrs |
| 6 | Financial Bid Opening | After completion Technical Bid |

1. ऑनलाईन निविदा दस्तावेज तथा अन्य विवरण https://gem.gov.in है।
2. अर्नेस्ट मनी का भुगतान ऑनलाईन माध्यम https://gem.gov.in से किया जावेगा।

प्राचार्य
शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय
रीवा (म.प्र.)

G-18101/25

## कार्यालय नगर परिषद मऊगंज जिला मऊगंज (म.प्र.)

cmomahuganj@mpurban.gov.in

क्रमांक /2363/e-tendering/NP/2025 मऊगंज/दिनांक 02.09.2025

**निविदा सूचना आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_448713_1 दिनांक - 03.09.2025 | वार्ड क्र.08 में सोनी के घर से बरांव रोड तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य (तृतीय आमंत्रण ) | 1. 30 दिवस 2. 756370/- | 1. 2000/- 2. 7565/- | 11.09.2025 |
| 2 | 2025_UAD_448714_1 दिनांक - 03.09.2025 | वार्ड क्र.09 में भाठी रोड से विपिन मिश्रा के घर तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य (तृतीय आमंत्रण ) | 1. 15 दिवस 2. 99052/- | 1. 1000/- 2. 1981/- | 11.09.2025 |
| 3 | 2025_UAD_448715_1 दिनांक - 03.09.2025 | वार्ड क्र.15 में सुनीता मिश्रा के घर से लालमणि सोंधिया के घर तक WBM रोड निर्माण कार्य (तृतीय आमंत्रण ) | 1. 30 दिवस 2. 199446/- | 1. 2000/- 2. 3990/- | 11.09.2025 |
| 4 | 2025_UAD_448716_1 दिनांक - 03.09.2025 | वार्ड क्र.09 में धर्मदास गुप्ता के घर से शंकरदयाल गुप्ता के घर तक पीसीसी रोड निर्माण कार्य (चतुर्थ आमंत्रण) | 1. 30 दिवस 2. 270650/- | 1. 2000/- 2. 2710/- | 11.09.2025 |
| 5 | 2025_UAD_448718_1 दिनांक - 03.09.2025 | वार्ड क्र.02 में बृजमोहन से छठीलाल साकेत के घर तक RCC नाली निर्माण कार्य (चतुर्थ आमंत्रण) | 1. 30 दिवस 2. 403286/- | 1. 2000/- 2. 4035/- | 11.09.2025 |
| 6 | 2025_UAD_448720_1 दिनांक - 03.09.2025 | वार्ड क्र.11 में इन्दुलाल प्रजापति से सौखीलाल प्रजापति के घर तक WBM रोड निर्माण कार्य (चतुर्थ आमंत्रण) | 1. 15 दिवस 2. 96097/- | 1. 1000/- 2. 1922/- | 11.09.2025 |
| 7 | 2025_UAD_448723_1 दिनांक - 03.09.2025 | वार्ड क्र.02 में रामावतार कोल से पंचम साकेत के घर तक RCC नाली निर्माण कार्य (पंचम आमंत्रण) | 1. 30 दिवस 2. 438610/- | 1. 2000/- 2. 4390/- | 11.09.2025 |
| 8 | 2025_UAD_448729_1 दिनांक - 03.09.2025 | वार्ड क्र.02 में ठाकुरदीन साकेत से रामलाल साकेत के घर तक पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य (पंचम आमंत्रण) | 1. 30 दिवस 2. 111585/- | 1. 1000/- 2. 2240/- | 11.09.2025 |

नोटः- निविदा से सम्बंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद मऊगंज
जिला मऊगंज (म.प्र.)

## कार्यालय नगर परिषद मऊगंज जिला मऊगंज (म.प्र.)

cmomahuganj@mpurban.gov.in

क्रमांक /2344/e-tendering/NP/2025 मऊगंज/दिनांक 01.09.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_448590_1 दिनांक - 02.09.2025 | वार्ड क्र.05 मे रमाकांत से उपेन्द्र सिंह के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण ) | 1. 30 दिवस 2. 305512/- | 1. 2000/- 2. 3055/- | 17.09.2025 |
| 2 | 2025_UAD_448591_1 दिनांक - 02.09.2025 | वार्ड क्र.07 मे चक्रभाठी मे पुरानी सी.सी. रोड से रामखेलावन तक PCC रोड निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण ) | 1. 30 दिवस 2. 220696/- | 1. 2000/- 2. 2210/- | 17.09.2025 |
| 3 | 2025_UAD_448592_1 दिनांक - 02.09.2025 | वार्ड क्र.01 मे NH7 से सुखचैन पटेल के घर तक रिनूअल सीसी रोड निर्माण कार्य (द्वितीय आमंत्रण ) | 1. 30 दिवस 2. 355490/- | 1. 2000/- 2. 3555/- | 09.09.2025 |
| 4 | 2025_UAD_448593_1 दिनांक - 02.09.2025 | वार्ड क्र.02 मे मोहन कोल से वंशपति साकेत के घर तक आरसीसी बंद नाली निर्माण कार्य (द्वितीय आमंत्रण ) | 1. 30 दिवस 2. 112693/- | 1. 1000/- 2. 2555/- | 09.09.2025 |
| 5 | 2025_UAD_448593_1 दिनांक - 02.09.2025 | वार्ड क्र.03 मे पीसीसी रोड से दिनेश पटेल के घर तक WBM रोड निर्माण कार्य (द्वितीय आमंत्रण ) | 1. 30 दिवस 2. 219317/- | 1. 2000/- 2. 2200/- | 09.09.2025 |
| 6 | 2025_UAD_448595_1 दिनांक - 02.09.2025 | वार्ड क्र. 03 मे उमेश से राजेश गुप्ता के घर तक WBM रोड निर्माण कार्य (द्वितीय आमंत्रण ) | 1. 30 दिवस 2. 213393/- | 1. 2000/- 2. 2135/- | 09.09.2025 |
| 7 | 2025_UAD_448596_1 दिनांक - 02.09.2025 | वार्ड क्र. 08 मे त्रिमूर्ति भवन से विश्राम गृह बाउड्री तक पीसीसी रोड निर्माण कार्य (द्वितीय आमंत्रण ) | 1. 30 दिवस 2. 376070/- | 1. 2000/- 2. 3760/- | 09.09.2025 |
| 8 | 2025_UAD_448597_1 दिनांक - 02.09.2025 | वार्ड क्र.11 मे जेल रोड से राममणि पटेल के घर तक WBM रोड निर्माण कार्य (द्वितीय आमंत्रण ) | 1. 30 दिवस 2. 216844/- | 1. 2000/- 2. 2170/- | 09.09.2025 |
| 9 | 2025_UAD_448598_1 दिनांक - 02.09.2025 | वार्ड क्र. 12 मे पंडित कोल से राजेन्द्र मिश्रा के घर तक पीसीसी रोड निर्माण कार्य (द्वितीय आमंत्रण ) | 1. 30 दिवस 2. 260714/- | 1. 2000/- 2. 2610/- | 09.09.2025 |

नोटः- निविदा से सम्बंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद मऊगंज
जिला मऊगंज (म.प्र.)

## नाम सुधार सूचना

मै भूतपूर्व सैनिक सुबेदार रामायण प्रसाद पटेल S/o स्व. रामनाथ पटेल आर्मी नम्बर -JC765747Y- ग्राम पिपरवार पो. महमूदपुर, थाना व तहसील मनगवां जिल रीवा (म.प्र.) पिन 486111 का निवासी हूं। मै कथन करता हूं कि प्रार्थी भारतीय सेना में पदस्थ होकर सेवापूर्ण उपरांत पद सुबेदार आर्मी रिटायर्ड हूं जिसका नंबर रैन्क तथा नाम JC765747Y सुबेदार रामायण प्रसाद पटेल है। यह कि मेरे आर्मी के सेवा युक्त पुस्तिका में मेरी पत्नी का नाम राजकुमारी देवी (Rajkumari Devi) त्रुटिवश दर्ज हो गया है जो गलत है, जबकि अन्य दस्तावेजो आधार कार्ड, पेन कार्ड, बिजली बिल, बैंक पास बुक एवं भूमि के राजिपात में मेरी पत्नी का नाम राजकुमारी पटेल (Rajkumari Patel) अंकित है, जो सही व सत्य है। अतः मेरे सर्विस रिकार्ड इंन्डियन आर्मी के डिसचार्ज बुक एवं पी.पी.ओ. नं.-204201500235 आर्मी ग्रुप इन्श्योरेन्स ECHS- कन्टीन कार्ड में मेरी पत्नी का सही नाम राजकुमारी पटेल (Rajkumari Patel) दर्ज किया जाए एवं पढ़ा, लिखा व जाना जाए।

RN-82775 रामायण प्रसाद पटेल

## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये वरिष्ठ मंडल विद्युत इन्जी. (कर्षण वितरण) झाँसी के निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**ई-निविदा सूचना संख्या :** झॉसी-टी.डी.-टेन्डर-2025-05

**कार्य का नाम :** झॉसी मंडल के VGLJ-MKP एवं VGLJ-CNB खण्ड में वेतवा नदी गार्डर ब्रिज और VGLJ-DHO खण्ड में सांक एवं आसन नदी गार्डर ब्रिज पर कम्पोजिट हाई वोल्टेज इंसूलेशन कोटिंग की आपूर्ति और अनुप्रयोग का कार्य।

**अनुमानित लागत (रू.) :** 39349462.84 | **अमानत राशि/बिड सिक्योरिटी (रू.) :** 346800.00

**निविदा बन्द होने की तिथि :** 24.09.2025 15:00 pm.

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि :** 09 माह

● निविदा दिनांक **24/09/2025** को **15:00** बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे। ● पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। **1574/25(AS)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

## कार्यालय नगर पालिका परिषद सिरोंज जिला विदिशा (म.प्र.)

Email-cmosironj@mpurban.gov.in

क्रमांक/निर्माण 1988/2025 दिनांक 25.08.2025

**प्रथम ई-निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | ऑनलाईन निविदा क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_447100_1 26.08.2025 | निकाय क्षेत्रांतर्गत स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 अंतर्गत 10 टी.पी.डी. एम.आर.एफ/कम्पोस्टिंग प्लांट निर्माण/सुदृढ़ीकरण कार्य | 6 माह लागत- 132.95 लाख | 12500.00 EMD- 66500.00 | 29.09.2025 05:30 PM |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी संशोधन, का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

( रामप्रकाश साहू )
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद सिरोंज

### गौरक्षा जागरण यात्रा एवं दिव्य महादरबार का समापन

# बृजबिहारी सरकार ने कहा गाय को मिले राष्ट्र माता का दर्जा

**जागरण, मण्डला।** परम पूज्य बृजबिहारी अनिकेत कृष्णा शास्त्री जी महाराज का आगमन 28 अगस्त को महिष्मति नगरी में हुआ था। भक्तों ने महाराज श्री का स्वागत महाराजपुर पौंडी में पुष्पमाला से किया और यहां से भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो नगर भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल वृंदावन गार्डन बिंझिया पहुंची। 90 दिवसीय गौरक्षा जागरण यात्रा का आयोजन कर रहे बृजबिहारी अनिकेत कृष्णा शास्त्री जी ने यात्रा का मंडला में समापन किया और यहां पर दिव्य महादरबार का आयोजन हुआ।



भक्तों से 11 लौंग बिना फूलवाली अर्पण कराते हुए परम पूज्य बृजबिहारी सरकार ने भक्तों की समस्याओं का निदान करते हुए उनकी जिज्ञासा का समाधन किया। इस अवसर पर बृजबिहारी अनिकेत कृष्णा शास्त्री जी ने धर्मप्रेमियों से कहा कि गौमाता को राष्ट्र माता घोषित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि 90 दिवसीय गौरक्षा जागरण यात्रा का उद्देश्य गौमाता की सुरक्षा रक्षा और सम्मान है। उन्होंने बताया कि जिस तरह गौ हत्या गौ तस्करी हो रही है यह चिंतन का विषय है। वहीं धर्मपरिर्वन भी समाज को विनाश की ओर धकेल रहा है। महिष्मति नगरी का आध्यात्मिक वातावरण उस समय भक्तिभाव से सरोबार हो उठा जब परम पूज्य बृजबिहारी अनिकेत कृष्णा शास्त्री महाराज का नगर में दिव्य आगमन हुआ। वहीं ब्रज बिहारी सरकार ने मां नर्मदा के पूजन के लिए पंच चौंकी महाआरती में सहभागिता दर्ज कराई और यहां पर मां नर्मदा की भव्य महाआरती कर आर्शीवाद लिया। वहीं भक्तों ने उनका जन्मदिन भी धूमधाम से मनाया। महाराज श्री ने अपने पावन आशीर्वचन में कहा कि गाय केवल भारतीय संस्कृति की आत्मा ही नहीं बल्कि मानवता की आधारशिला है। उसकी रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है। उन्होंने गौरक्षा को धर्म संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए लोगों से संकल्प कराया कि समाज में गौमाता की सेवा और संरक्षण हेतु सभी सक्रिय भागीदारी निभाएं। इस दिव्य दरबार की सबसे विशेष झलक तब देखने को मिली जब भक्तजनों से महाराज श्री ने 11 लौंग बिना वाली लेते हुए उनकी समस्याओं का समाधान बताया। भक्तजन अपनी-अपनी परेशानियां सुनाकर जब समाधान पाते तो उनके चेहरे पर अविश्वसनीय आश्चर्य और अपार खुशी झलकने लगी। यह क्षण श्रृद्धालुओं के लिए अलौकिक और अविस्मरणीय बन गया। कार्यक्रम स्थल वृंदावन गार्डन में भक्तों की इतनी भीड़ उमड़ी कि पूरा परिसर मंत्रोच्चार, भजन और जयकारों से गूंज उठा। महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग सभी के चेहरे पर आस्था और आनंद की चमक देखी गई।

परम पूज्य बृजबिहारी अनिकेत कृष्णा शास्त्री जी महाराज ने कहा कि गौ सेवा ही परम सेवा है और जब तक हमारी संस्कृति में गोरक्षा का संकल्प जीवित रहेगा तब तक भारत विश्व में आध्यात्मिक शक्ति का केंद्र बना रहेगा। उन्होंने गौरक्षा को लेकर कहा कि गाय भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म की धरोहर है। जिस घर-गांव में गौ माता का वास होता है वहां सदैव सुख-समृद्धि और शांति बनी रहती है। गौ माता केवल दुग्धदायिनी ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण मानवता के पोषण का आधार हैं। आज आवश्यकता है कि हम सभी मिलकर गौरक्षा के लिए जागरूक हों और समाज में संदेश दें कि गाय हमारी माता है उसकी सेवा करना ही सच्ची उपासना है। महाराज श्री ने स्पष्ट कहा कि जिस दिन समाज ने गौ माता की रक्षा का संकल्प पूरी निष्ठा से ले लिया उसी दिन भारत विश्वगुरु बनने के मार्ग पर और तेजी से अग्रसर होगा। उन्होंने गौ माता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गौ माता का प्रत्येक अंग हमारे लिए कल्याणकारी और जीवनदायी है।

गौधन ही वास्तविक धन है और यही भारतीय संस्कृति का आधार रहा है। महाराज श्री ने बताया कि गौमूत्र औषधीय गुणों से परिपूर्ण है। यह शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक है और कई असाध्य रोगों में लाभकारी माना गया है। गोबर से बने कंडे और खाद खेतों को उर्वरक बनाने के साथ-साथ पर्यावरण को भी शुद्ध करते हैं। गाय का दूध, दही, घी और मक्खन न केवल शरीर को बल और ऊर्जा देते हैं बल्कि मानसिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति में भी सहायक होते हैं। गाय की पीठ पर हाथ फेरने और उसके पास बैठने से मन को अद्भुत शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव होता है। उन्होंने कहा कि गौ माता केवल जीव नहीं बल्कि चराचर जगत की आराध्या शक्ति हैं। उनके अंग-अंग में देवताओं का वास बताया गया है। इसलिए गोरक्षा केवल धार्मिक कर्तव्य ही नहीं बल्कि मानवीय दायित्व भी है।

## आरोपी अमित रिछारिया अवैध हथियार, एससी-एसटी, मारपीट संबंधी 7 अपराधों में पूर्व से लिप्त



**जागरण, लवकुश नगर ।** थाना लवकुशनगर क्षेत्र अंतर्गत कस्बा में दो दिन पूर्व रात्रि में घर में घुसकर संपत्ति के साथ तोड़फोड़, अवैध हथियार से फायर कर हत्या का प्रयास संबंधी फरियादी की रिपोर्ट पर भारतीय न्याय संहिता की समुचित धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया था। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए गए, प्रकरण में आयुध अधिनियम की धारा की बढ़ोत्तरी की गई। पुलिस टीम द्वारा उक्त घटना हत्या का प्रयास, संपत्ति को क्षति को अंजाम देने वाले मुख्य आरोपी अमित रिछारिया पिता गणेश रिछारिया निवासी चंदला रोड लवकुश नगर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त 315 बोर का देसी कट्टा, जिंदा कारतूस, खाली खोका, मोटरसाइकिल बरामद की गई। अभियुक्त अमित रिछारिया अवैध हथियार मारपीट एससी एसटी जैसे साथ अपराधों में पूर्व से लिप्त है, अभियुक्त को न्यायालय पेश किया गया। घटना में सम्मिलित अन्य आरोपियों की तलाश एवं विवेचना कार्यवाही जारी है। उक्त कार्यवाही में एसडीओपी लवकुशनगर नवीन दुबे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी लवकुशनगर निरीक्षक अजय अंबे, उप निरीक्षक ज्ञान सिंह, प्रधान आरक्षक अनीस अहमद, रामकृपाल, सुरेंद्र यादव, आरक्षक रमाकांत, देव सिंह, सूरज, उमेश, बलराम, मंगल, हिरदेश, चंदन, विकास की भूमिका रही।

## राज्यमंत्री के क्षेत्र में खुली स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल

### प्रसूता को नहीं मिली एंबुलेंस, हाथठेले पर पहुंची अस्पताल

**जागरण, छतरपुर ।** राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार के गृह क्षेत्र चंदला विधानसभा की स्वास्थ्य सुविधाओं की बदहाल स्थिति उस समय उजागर हुई, जब एक गर्भवती महिला को एंबुलेंस नहीं मिली और उसे हाथठेले पर लिटाकर ऊबड़-खाबड़ रास्तों से अस्पताल ले जाया गया। इतना ही नहीं, अस्पताल पहुंचने पर स्टाफ की अनुपस्थिति का हवाला देकर उसे सुबह 8 बजे के बाद आने को कहा गया। यह पूरा वाक्या तब हुआ, जब जिला मुख्यालय पर मुख्यमंत्री जिले में मेडिकल सुविधाओं के विस्तार देने की बातें कर रहे थे। प्राप्त जानकारी के मुताबिक शनिवार को छतरपुर दौरे पर आए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंच से मेडिकल कॉलेज में अस्पताल बनाए जाने की घोषणा कर रहे थे, उसी समय चंदला के वार्ड नंबर 4 की रहने वाली गर्भवती प्रियंका को प्रसव पीड़ा शुरु हुई। प्रियंका के पति ने बताया कि प्रसव पीड़ा शुरू होने पर उन्होंने 108 एंबुलेंस सेवा को फोन किया, लेकिन एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंची। मजबूरी में कोई अन्य वाहन उपलब्ध न होने के कारण परिजनों ने प्रियंका को हाथठेले पर लिटाकर ऊबड़-खाबड़ रास्तों से अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में मौजूद कर्मचारी ने संवेदनहीनता दिखाते हुए स्टाफ के न होने का हवाला देकर सुबह 8 बजे के बाद आने के लिए कह दिया। इस घटना ने क्षेत्र की बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को उजागर किया है। चंदला क्षेत्र, जो जिले को करोड़ों का राजस्व देता है, वहां के नागरिकों को आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरसना पड़ रहा है।

## विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने विभिन्न निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन एवं लोकार्पण

**जागरण, डिंडोरी।** विधानसभा क्षेत्र शहपुरा के शैक्षणिक विकास को नई दिशा देने की मंशा से स्थानीय विधायक श्री ओमप्रकाश धुर्वे ने मंगलवार को शाहपुर स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल भवन का लोकार्पण, सांस्कृतिक भवन का भूमिपूजन, ग्राम नुनखान में हाईस्कूल भवन का लोकार्पण, पंचायत भवन का भूमिपूजन, सामुदायिक भवन का भूमिपूजन, सीसी रोड का भूमिपूजन, ग्राम पंचायत मेर माल में उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन सीएचओ आवास गृह का भूमिपूजन, पुलिया निर्माण का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इस अवसर पर ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं की बड़ी संख्या उपस्थित रहीं।

अंत में उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपने घरों में अपनी माँ के नाम से एक-एक पौधा अवश्य लगाएँ।हाई स्कूल भवन लोकार्पण



कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष श्री चमरू सिंह नेताम ने सभी को गणेश उत्सव की शुभकामनाएँ दीं और भवन निर्माण विभाग का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विद्यार्थियों से मेहनत और अनुशासन के साथ पढ़ाई कर जिले व माता-पिता का नाम रोशन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में आदिवासी संस्कृति विलुप्त हो रही है, इसे जीवित रखना हम सबका कर्तव्य है। साथ ही उन्होंने राष्ट्र निर्माण को प्रथम कर्तव्य बताते हुए सबको इसमें सहयोग देने का आग्रह किया। अंत में उन्होंने सभी से अपनी माँ के नाम से एक-एक पौधा लगाने का संकल्प लेने की अपील की।

विधायक श्री ओमप्रकाश धुर्वे ने ग्राम नुनखान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कहा कि ग्रामीणों को हो रही पानी की समस्या का समाधान जल्द ही करने के निर्देश पीएचई विभाग को दिए हैं।विधायक श्री धुर्वे ने कहा कि प्रत्येक घर में नल की व्यवस्था कर रहे हैं साथ ही उन्होंने कहा कि 1 एक एकड़ स्वयं की भूमि में पौधारोपण करते हैं तो 2 लाख रूपए की राशि शासन के द्वारा स्वीकृत की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष श्री चमरू सिंह नेताम, जनपद सदस्य श्रीमती कीर्ति गुप्ता, श्री राकेश परस्ते, श्री रेवा पाण्डेय, श्री मनोहर ठाकुर, श्री लक्ष्मण सिंह, श्री सुशील राय, उपाध्यक्ष श्रीमती रामकिशोरी ठाकुर अन्य वरिष्ट जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता एवं प्रशासनिक अधिकारी बीईओ श्री बी.डी.सोनी, बीआरसी श्री अरूण चौबे, थाना प्रभारी शाहपुर, जनसंपर्क अधिकारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## वन अधिकार अधिनियम 2006 पर प्रगति हेतु कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

**डिंडोरी ।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट ऑडिटोरियम हॉल में वन अधिकार अधिनियम 2006 के अंतर्गत प्रगति लाने हेतु जिले के 86 वनग्रामों के पटवारी, सचिव/रोजगार सहायक एवं बीटगार्डों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व में स्वीकृत वन अधिकार दावों, ग्राम स्तरीय समिति की कब्जा रिपोर्ट, वर्तमान लंबित दावों की कार्यवाही विवरण तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान 84 पटवारी, 74 सचिव एवं 79 बीटगार्ड उपस्थित रहे।कलेक्टर ने बैठक में पाई गई कमियों की पूर्ति कर आगामी गुरुवार, 4 सितम्बर 2025 को पूर्ण जानकारी सहित कार्यशाला में उपस्थित होने के निर्देश दिए।

## विधायक के सामने स्वास्थ्य समूहों ने खोला दर्द, बोले, 48 प्रतिशत बच्चों के हिसाब से राशन मिलता है, जबकि खाते 80 प्रतिशत छात्र

**नौगांव ।** विधायक कामाख्या प्रताप सिंह और एसडीएम नौगांव के सामने मंगलवार को आधा दर्जन से अधिक महिला स्वसहायता समूह की कार्यकर्ताओं ने अपनी समस्याएं रखीं। ये समूह मध्यान्ह भोजन योजना के तहत स्कूलों में बच्चों को भोजन बनाने का काम करते हैं। कार्यकर्ताओं ने बताया कि शासन की गड़बड़ी और लापरवाही की वजह से समूह आर्थिक संकट झेल रहे हैं।

**48 प्रतिशत बच्चों के आधार पर मिलती है राशि और खाद्यान्न :** समूह की महिलाओं ने विधायक और एसडीएम को बताया कि पहले उन्हें स्कूल में दर्ज छात्र संख्या के 70त्न बच्चों के आधार पर मध्यान्ह भोजन की राशि और खाद्यान्न मिलता था। लेकिन अब शासन ने इसे घटाकर 48त्न बच्चों के आधार पर राशि और खाद्यान्न देना शुरू कर दिया है।महिलाओं का कहना है कि स्कूलों में रोजाना 70 से 80 प्रतिशत छात्र उपस्थित रहते हैं और भोजन करते हैं, ऐसे में 48 प्रतिशत बच्चों के हिसाब से मिलने वाला खाद्यान्न और राशि पर्याप्त नहीं होती।कार्यकर्ताओं ने यह भी शिकायत की कि अगस्त 2025 का एमडीएम का खाद्यान्न अब तक प्राप्त नहीं हुआ है। जिसके कारण समूहों को बच्चों को भोजन कराने में भारी परेशानी हो रही है।

## बकस्वाहा में जनसुनवाई में 140 आवेदन प्राप्त

**बकसवाहा ।** जनपद पंचायत परिसर स्थित आजीविका मिशन के सभागार में मंगलवार को आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर ग्रामीणों की भीड़ और उम्मीदों का केंद्र बना। कलेक्टर पार्थ जैसवाल के कार्यक्रम में न पहुंचने पर अपर कलेक्टर मिलेन्द्र नागदेवे ने शिविर की कमान संभाली और सुबह 10:30 बजे से दोपहर बाद तक लगातार ग्रामीणों की समस्याएं सुनते रहे। शिविर में लगभग 140 शिकायतें दर्ज हुईं। इनमें से कुछ शिकायतों का समाधान तुरंत मौके पर ही किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देशों के साथ सौंपा गया। ग्रामीणों ने देखा कि अधिकारी केवल शिकायतें दर्ज नहीं कर रहे थे, बल्कि उनका समाधान सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठा रहे थे। लोगों की सुविधा के लिए विभागवार अलग-अलग स्टॉल लगाए गए, जिससे आवेदकों को सीधे अपने विभाग से संपर्क साधने का मौका मिला। शिविर में वृद्ध और विकलांगों के लिए ट्राइसाइकिल की व्यवस्था भी की गई। इस दौरान दो विकलांगों को मौके पर ही साइकिल उपलब्ध कराई गई। सबसे भावुक क्षण तब आया जब अपर कलेक्टर मिलेन्द्र नागदेवे ने स्वयं विकलांगों को साइकिल पर बिठाकर रवाना किया। ग्रामीणों ने इस मानवीय पहल की खूब सराहना की। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत गढ़ोई का एक विकलांग युवक लाठी टेकते हुए गिर पड़ा और वन विभाग से जुड़ी अपनी समस्या सुनाई।

## मोंटफोर्ट विद्यालय में संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का समापन

**जागरण, मंडला ।** मोंटफोर्ट विद्यालय में चल रही दो दिवसीय संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आज समापन हुआ जिसमें सात जिलों से आए हुए 200 प्रतिभागियों में से विभिन्न आयु वर्ग में 5 बालक और 5 बालिका कुल 15 बालक और 15 बालिका चयनित हुए जो कि सीहोर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जबलपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे। मोंटफोर्ट स्कूल की तरफ से सभी चयनित प्रतिभागियों को मेडल प्रदान किया। आयोजन को सफल बनाने में संस्था प्रमुख ब्रदर बिनु चेरियन, उप प्राचार्य ब्रदर मैथ्यूज, कॉर्डिनेटर इवेंजलीन कुशराम, राहत कुरैशी, अंकिता कुशवाहा और संदीप कौर,खेल शिक्षक रोहित नायकवार ,अभिषेक श्रीवास,रमा मार्को,मोनाली और सभी शिक्षक स्टाफ स्कूल, प्रबंधन ,स्कूल शिक्षा विभाग का सराहनीय योगदान रहा।



## कोतवाली पुलिस की सराहनीय पहल, गुमशुदा बालक को परिजनों को सौंपा

**जागरण, डिंडौरी।** मानवता और जिम्मेदारी की मिसाल पेश करते हुए कोतवाली पुलिस डिंडौरी ने एक लावारिस हालत में मिले 8 वर्षीय दिव्यांग (श्रवण एवं वाणी बाधित) बालक को उसके परिजनों से मिलवा दिया। जानकारी के अनुसार, 1 सितंबर 2025 की रात को सुनील शुक्ला, निवासी सुब्खार, एक 8 वर्षीय बालक को थाना कोतवाली लेकर आए। बालक उद्योग कार्यालय डिंडौरी के पास लावारिस हालत में मिला था और वह बोलने तथा सुनने में असमर्थ था।थाना प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद नागपुरे ने तत्परता दिखाते हुए अपने स्टाफ के सहयोग से तत्काल कार्रवाई की। रात में ही बच्चे को सुरक्षित वन स्टाफ सेंटर में रखा गया और उसके परिजनों की तलाश शुरू कर दी गई।लगातार प्रयासों के बाद, बाल कल्याण समिति के सदस्य नागेंद्र चौरसिया की मदद से बालक के परिजनों का पता लगाया गया। पता चला कि बालक मुडिया कला, थाना शाहपुर का निवासी है और मानसिक रूप से विक्षिप्त है। बाद में पुलिस ने उसे सुरक्षित रूप से उसके परिवार के सुपुर्द कर दिया।इस सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी के साथ-साथ सहायक उप निरीक्षक प्रवीण खंपरिया, प्रधान आरक्षक हनुमान सिंह और आरक्षक राम सिंह की भूमिका भी उल्लेखनीय रही।



## प्लास्टिक तानकर चल रहा स्कूल, जर्जर छत के नीचे पढ़ रहे मासूम, बजाग बीआरसी ने की जांच, मरम्मत के दिए निर्देश



**जागरण, डिंडोरी ।** तहसील मुख्यालय से महज तीन किलोमीटर दूर सारंगपुर गांव का माध्यमिक शाला भवन जर्जर स्थिति में संचालित हो रहा है वर्तमान हालत यह है कि भवन की छत प्लास्टिक के सहारे चल रही है इसके वावजूद भी स्कूल के अंदर पानी टपक रहा है इसी स्कूल के अंदर बैठकर विद्यार्थी राम पर भरोसा कर विद्याध्ययन करने मजबूर हैं जर्जर कमजोर छत की कंडीशन देखकर लगता है कि आगे क्या होगा कुछ कहा नहीं जा सकता।शाला भवन की स्थिति देखते हुए सोमवार को विकासखंड स्त्रोत समन्वयक बृजभान सिंह गौतम ने स्कूल का निरीक्षण किया। एवं जांच करते हुए उन्होंने पाया कि छत से पानी टपक रहा है इसलिए प्लास्टिक का आवरण छत पर लगाया गया है छत का प्लास्टर गिर रहा है भवन की स्थिति बड़ी मरम्मत के लायक है। बी आर सी ने भवन की हालत देखते हुए शिक्षकों को जल्द ही मरम्मत कार्य के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। फिलहाल जर्जर भवन के हालात को सुधारने के लिए शाला निधि से प्राप्त राशि से ही एक सप्ताह के भीतर आवश्यक मरम्मत कराने के लिए कहा गया है बी आर सी ने बताया कि वार्षिक कार्ययोजना में शाला की मेजर रिपेयरिंग के लिए पूर्व में राज्य शिक्षा केंद्र को प्रस्ताव भेजा जा चुका है राशि स्वीकृत होते ही भवन की संपूर्ण मरम्मत का कार्य कराया जाएगा। वर्तमान में स्कूल भवन में जहां जहां सुधार की आवश्यकता है उसे ध्यान में रखते हुए शीघ्र ही कार्य कराने के निर्देश शाला प्रबंधन को दिए गए हैमामला सारंगपुर गांव का है जहां स्कूल भवन खंडहर में तब्दील होते जा रहा है और इस भवन की छत धीरे धीरे खराब होने लगी है और इसी जर्जर छत के ऊपर पन्नी लगाकर नौनिहालों का भविष्य संवारा जा रहा है। स्कूल भवन की हालत कमोबेश खराब है जिससे किसी भी वक्त अनहोनी की आशंका बनी रहती है लेकिन जिम्मेदार सब कुछ जानकर भी अंजान बने बैठे हैं। जर्जर हो चुके टपकती छत के नीचे दहशत के साये में छात्र पढ़ने के लिए मजबूर हैं। शिक्षक बताते हैं की बारिश से बचने के लिए स्कूल भवन की छत पर पन्नी बिछाया गया है जिससे पानी का टपकना तो कम हुआ है ।

## शराब के लिए रुपए न देने से नाराज युवकों ने शाला में अतिथि शिक्षक की कर दी पिटाई

**जागरण, गौरिहार ।** जनपद शिक्षा केंद्र गौरिहार अंतर्गत संकुल कितपुरा के शासकीय माध्यमिक शाला मवई घाट में दो असामाजिक तत्वो द्वारा स्कूल में घुसकर शिक्षकों के साथ अभद्रता कर, मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार 2 सितंबर को करीब 2 बजे गांव के ही दो युवकों ने शराब के नशे में विद्यालय पहुंचकर वहां पर अध्यापन कार्य कर रहे शिक्षकों के साथ गाली – गलौच कर जमकर अभद्रता की।शिक्षकों द्वारा गाली देने से मना करने पर शराबी युवकों ने अतिथि शिक्षक श्रीचंद्र पाल के साथ मारपीट कर दी,जिसमे उनके कपड़े भी फट गए और चोट भी लग गई है।घटना के बाद स्कूल के शिक्षको द्वारा संकुल प्राचार्य कितपुरा को लिखित आवेदन देकर उचित कार्यवाही की मांग की है। प्रभारी प्रधानाध्यापक वैभव कुमार साहू ने लिखित शिकायती के माध्यम से बताया की ग्रामीन युवा विनोद पटेल व अखिलेश पटेल दोनो लोग शराब के नशे में शाला परिसर के अंदर घुस आये और शिक्षको से गाली गलौज करने लगे शिक्षकों ने मना किया तो कक्षाओ में घुसकर शिक्षकों के साथ मारपीट कर दी।जिसमें शाला में पदस्थ श्रीचंद्र पाल अतिथि शिक्षक को चोटें आईं हैं और उनके कपड़े भी फट गए है।उन्होंने बताया कि शाला में पदस्थ अन्य शिक्षकों ने किसी तरह से बीच बचाव कर अतिथि शिक्षक को उनसे छुड़ाया।प्रधानाध्यापक ने बताया कि आरोपी युवक जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से निकल गए। शिक्षकों ही बताया कि उक्त दोनो ब्यक्तियों द्वारा शिक्षको से शराब के लिए 2 हजार रुपए प्रतिमाह आई मॉग की जा रही थी जिसका सभी शिक्षको ने वि रोध किया था।इसी बात से नाराज होकर उनके द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया है।घटना के बाद से विद्यालय के शिक्षकों के बीच भय का माहौल है।उक्त घटना वीडियो सोशल मीडिया में भी प्रसारित हो रहे हैं। प्रधानाध्यापक द्वारा संकुल प्राचार्य को लिखित में आवेदन सौंपकर कार्यवाही की मॉग की गई है।जब इस संबंध में संकुल प्राचार्य बलराम तिवारी से बात की गई तो उन्होंने घटना के बारे में बताया कि मवईघाट शाला में हुई मारपीट के बारे में लिखित में आवेदन आया है।जिसके बाद मेरे द्वारा संबंधित घटना की जानकारी बीईओ और बीआरसी गौरिहार के अलावा संबंधित पुलिस को भेज दी गई है।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर लगातार हो रहे हमले कांग्रेस ने पुलिस महानिदेशक से की सुरक्षा बढ़ाने की मांग

**जागरण, मंडला ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष माननीय श्री जीतू पटवारी पर बीते कुछ समय से लगातार जानलेवा हमलों की घटनाएँ हो रही हैं। 31 अगस्त 2025 को रतलाम में आयोजित वोट चोर – गद्दी छोड़ रैली के दौरान भाजपा समर्थित असामाजिक तत्वों द्वारा की गई पत्थरबाज़ी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पर जानलेवा हमले की स्पष्ट मंशा को दर्शाती है।आज जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेताओं का एक प्रतिनिधि मंडल जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अशोक मर्सकोले, पूर्व अध्यक्ष एड राकेश तिवारी के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंडला से भेंट कर ज्ञापन सौंपा । जिला कांग्रेस कमेटी का कहना है कि श्री जीतू पटवारी पर हो रहे हमले राजनीतिक साज़िश का हिस्सा हैं। विपक्ष के शीर्ष नेताओं को सुरक्षा न देना लोकतंत्र की भावना के विपरीत है।कांग्रेस पार्टी इसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं करेगी।जिला कांग्रेस कमेटी ने यह भी स्पष्ट किया कि श्री पटवारी की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की ढिलाई प्रदेश की राजनीति और प्रशासन दोनों के लिए गंभीर परिणाम ला सकती है।



**ज्ञापन सौंपने वाले कांग्रेस नेता :** राजेश कछवाह, अमित , हमराज ,महेंद्र , संजय तिवारी, सोनू भल्लावी,आलोक रजनीश रंजन उसराठे, शाहिद अली सोनू,नीलू शुक्ला,जीतराज कछवाह,बब्बी राय,बाबा दुबे, धनेश्वरी मसराम, बैजन्ती माला मरावी, सोमवती धुर्वे,जावेद कुरैशी, शाहरूख खान, अमन लाहौरी,राहुल श्रीवास,रोशन अली, रेशमा अल्वी, कीर्ति तिवारी,सहदेव मरावी, मीडिया विभाग से विवेक दुबे उपस्थित रहे।

## नेताजी सुभाष चन्द्र बोस छात्रावास में आधा सैंकड़ा से अधिक बालिकाएं बीमार, वार्डन पर लापरवाही के आरोप

**जागरण, मंडला ।** मंडला बालिका आवासीय विद्यालय निवास में इलाज के आभाव में बालिका की मृत्यु होने के बाद प्रशासन के द्वारा व्यवस्था में कोई सुधार नहीं किया गया। यहां निवास के ही गडरा नेता जी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय छात्रावास में करीब आधा सैंकड़ा से अधिक बालिकाएं सर्दी खासी और बुखार से पीड़ित हो गए। स्वास्थ्य परीक्षण नहीं होने के चलते पूरा छात्रावास खाली हो गया। बालिकाएं छात्रावास को छोड़ कर घर चली गई है। पालको व ग्रामीणो ने छात्रावास की वार्डन पर लापरवाही के आरोप लगाए है। जिला कलेक्टर से वार्डन पर कार्रवाई की मांग की गई है।बताया गया है कि आदिवासी बालिकाओ के लिए आवासीय शिक्षा व्यवस्था मंडला में चौपट हो गई। यहां अध्ययनरत बालिकाओ को समुचित सुविधाएं नहीं मिल रही है। पोषकतायुक्त भोजन नहीं दिया जा रहा है। गुणवत्तायुक्त शिक्षा के अलावा अकादमिक संसाधन नही मिल रहे है। इसके कारण आवासीय शिक्षा प्राप्त करने वाली बालिकाओ को कई तरह की मानसिक व शारीरिक समस्याओ का सामना करना पड़ रहा है। आवासीय छात्रावास का क्रियान्यवन समग्र शिक्षा अभियान से किया जा रहा है। यहां पदस्थ डीपीसी और गडरा वार्डन की लापरवाही के चलते छात्रावासो की सुविधाओ में कटौती हो रही है। मनमानी से छात्रावास का संचालन किया जा रहा है। छात्रावास की बालिकाओ के स्वास्थ्य बिगडने पर वार्डन से शिकायत भी की गई लेकिन वार्डन के द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया। इस वजह से एक के बाद छात्रावास की पचास से अधिक बालिकाएं बीमार होती गई। पिछले एक सप्ताह से बीमारी का प्रकोप बढ़ गया इनका उपचार तक नहीं कराया गया। इससे परेशान होकर बालिकाओं के परिजन अपने घर ले गए है। इससे पूरा छात्रावास खाली हो गया है। छात्रावास में ही वार्डन के द्वारा बालिकाओ पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है।



संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

# आतंकवाद के मुद्दे पर चीन में भारत को बड़ी सफलता

*सफलता शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन से जारी घोषणापत्र में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए नृशंस आतंकवादी हमले की स्पष्ट निंदा भारत के लिए एक बड़ी कूटनीतिक सफलता है। दअसल, यह सफलता केवल शब्दों का खेल नहीं, बल्कि आतंकवाद के विरुद्ध भारत के उस दृढ़ संकल्प का प्रतीक है, जो अंतरराष्ट्रीय मंचों पर किसी भी प्रकार के दोहरे मापदंड को स्वीकार नहीं करता। इस घोषणापत्र का महत्व इसलिए और भी बढ़ जाता है क्योंकि इसमें पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफकी मौजूदगी में न केवल हमले की निंदा की गई, बल्कि इसके अपराधियों, आयोजकों और समर्थकों को न्याय के कटघरे में लाने की अनिवार्यता पर भी जोर दिया गया।*

*यहां गौरतलब है कि यह वही एससीओ है, जिसके रक्षा मंत्रियों की बैठक में कुछ महीने पहले जून में इसी पहलगाम हमले का जिक्र तक न होना भारत के लिए घोर निराशा का कारण बना था। उस वक्त भारत ने अपनी संप्रभुता और सुरक्षा से कोई समझौता न करते हुए संयुक्त घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया था। भारत का यह कड़ा रुख एक स्पष्ट संदेश था कि आतंकवाद के मुद्दे पर लीपापोती या चयनात्मक दृष्टिकोण उसे कतई स्वीकार्य नहीं है। भारत के इस साहसिक कदम की आलोचना भी हो सकती थी, इसे अलगाववादी कदम के तौर पर भी देखा जा सकता था, लेकिन नई दिल्ली ने अपने सिद्धांतों को प्राथमिकता दी।*

*बहरहाल, आज जब शिखर सम्मेलन के मुख्य घोषणापत्र में उसी हमले को प्रमुखता से शामिल किया गया है, तो यह भारत के अडिग रुख की स्पष्ट जीत है। यह दर्शाता है कि यदि अपने राष्ट्रीय हितों को लेकर दृढ़ता और स्पष्टता के साथ पक्ष रखा जाए, तो अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी अपनी बात मनवाई जा सकती है। यह घटनाक्रम चीन और रूस जैसे सदस्य देशों पर भी भारत के बढ़ते प्रभाव को रेखांकित करता है, जिन्होंने अंततः भारत की चिंताओं को समझना और उसे स्वीकार करना आवश्यक समझा।*

*घोषणापत्र में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री की उपस्थिति में आतंकवादियों के समर्थकों को सजा दिलाने की बात कहना, इस्लामाबाद के लिए एक असहज करने वाली स्थिति है। वह लंबे समय से अपनी धरती से संचालित होने वाले आतंकी समूहों पर कार्रवाई करने से बचता रहा है और अंतरराष्ट्रीय मंचों का उपयोग कश्मीर का राग अलापने के लिए करता रहा है। लेकिन, एससीओ जैसे मंच पर, जहां वह स्वयं एक सदस्य है, इस प्रकार की भाषा का प्रयोग होना उस परोक्ष दबाव को बढ़ाता है, जिसकी भारत हमेशा से वकालत करता आया है। यह पाकिस्तान के लिए एक संदेश है कि आतंकवाद को 'अच्छा' और 'बुरा' बताकर दुनिया को अब और गुमराह नहीं किया जा सकता।*

*गत 22 अप्रैल को पहलगाम में 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या ने पूरे देश को झकझोर दिया था। यह हमला कश्मीर की शांति और पर्यटन को पटरी से उतारने की एक सोची-समझी साजिश थी। ऐसे में एससीओ जैसे संगठन द्वारा इसकी निंदा यह सुनिश्चित करती है कि आतंकवाद को किसी भी आधार पर उचित नहीं ठहराया जा सकता और यह मानवता के विरुद्ध एक अपराध है। बहरहाल, यह घोषणापत्र एक महत्वपूर्ण कदम है, लेकिन असली चुनौती इसके क्रियान्वयन में है। शब्दों को कार्रवाई में बदलना होगा। भारत को इस कूटनीतिक जीत पर संतोष करने के बजाय, अब यह सुनिश्चित करने के लिए लगातार दबाव बनाना होगा कि घोषणापत्र में कही गई बातों को गंभीरता से लिया जाए। हमले के अपराधियों और उनके आकाओं, जो सीमा पार बैठे हैं, पर ठोस कार्रवाई के लिए एक निगरानी तंत्र बनाने की दिशा में काम करना होगा। अंततः एससीओ में भारत की यह सफलता एक नए आत्मविश्वास से भरे भारत की तस्वीर पेश करती है, जो अपने हितों की रक्षा के लिए किसी भी मंच पर झुकने को तैयार नहीं है।*

# उपराष्ट्रपति पद के लिए क्रमशः अनिवार्य होती गयी 'निष्ठा'

राजनैतिक परिदृश्य

प्रभु चावला

उपराष्ट्रपति के जिस पद को कभी गणतंत्र की खामोश अंतरात्मा माना जाता था, वह आज इसका वाचाल परिचालन केंद्र बन कर रह गया है। जो कुर्सी कभी दार्शनिक, राजनीतिज्ञ और संविधान के रक्षक की कुर्सी मानी जाती थी, वह अब परम सत्ता संरक्षक, चुनावी प्रतिनिधि और सत्ता की विचारधारा के आक्रामक समर्थक की कुर्सी बन गयी है। इस साल का विवाद, पहले की तरह, दो भारत के बारे में बताता है। एनडीए ने संघ के स्वयंसेवक सीपी राधाकृष्णन को इस पद के लिए चुना है, जो तमिलनाडु से हैं। इसके विपरीत, इंडिया गठबंधन ने न्यायमूर्ति बी सुदर्शन रेड्डी को चुना है, जो न्यायशास्त्र की अंतरात्मा के प्रतिनिधि हैं। ऊंची जाति के होने के बावजूद वह उदारवादी हैं तथा नागरिक आजादी, संवैधानिक नैतिकता और न्यायिक शुद्धता के आग्रही हैं।

गणतंत्र के शुरुआती दशक में उपराष्ट्रपति का चुनाव सर्वसम्मति से हुआ करता था, और समान विचारधारा की बजाय योग्यता पर जोर दिया जाता था। सर्वपल्ली राधाकृष्णन, जाकिर हुसैन, गोपाल स्वरूप पाठक-ये सभी सर्वसम्मति से ही उप राष्ट्रपति चुने गये थे। लेकिन इंदिरा गांधी ने दबाव बनाने के युग की शुरुआत की। उन्होंने परंपरा पर निष्ठा को तरजीह दी। इस तरह जाति, पंथ तथा क्षेत्र चुनाव के आधार बनने लगे। यह प्रवृत्ति रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण मानी जाने लगी, क्योंकि सत्ताधारी वर्ग ने संसद को संवाद के मंच की बजाय विधेयकों को पारित करने की जगह मान लिया। चूंकि उत्तरोत्तर आने वाली सरकारों ने अपने बहुमत के बूते लोकसभा में विधेयकों को पारित कराना शुरू कर दिया, ऐसे में राज्यसभा लोकतंत्र की खासियत की आखिरी सीमा बनी।

ऐसे में, उच्च सदन में उपराष्ट्रपति का नियंत्रण बहुत महत्वपूर्ण हो गया। और यहीं पर भाजपा की सक्रियता का मतलब हैः उपराष्ट्रपति अगर तटस्थ होता है, तो चीजें मुश्किल हो सकती हैं, समान विचारधारा का होने पर फायदा है। अब तक के उपराष्ट्रपतियों का रोस्टर समाजशास्त्र के सिलेबस की तरह लगता हैः ब्राह्मण, दलित, मुस्लिम, लिंगायत, जाट, कायस्थ, कम्मा। हर चुनाव ने एक सांस्कृतिक गणना दिखायी, तो हर हार में गहरे मतभेद सामने आये। जैसे, शिंदे बनाम शेखावत (दलित बनाम राजपूत), हेप्तुल्ला बनाम अंसारी (मुस्लिम विविधता बनाम मुस्लिम कूटनीति), अल्वा बनाम धनखड़ (ईसाई अल्पसंख्यक बनाम हिंदू बहुसंख्यक)।



**गणतंत्र के शुरुआती दशक में उपराष्ट्रपति का चुनाव सर्वसम्मति से हुआ करता था, और समान विचारधारा की बजाय योग्यता पर जोर दिया जाता था। सर्वपल्ली राधाकृष्णन, जाकिर हुसैन, गोपाल स्वरूप पाठक-ये सभी सर्वसम्मति से ही उप राष्ट्रपति चुने गये थे। लेकिन इंदिरा गांधी ने दबाव बनाने के युग की शुरुआत की। उन्होंने परंपरा पर निष्ठा को तरजीह दी। इस तरह जाति, पंथ तथा क्षेत्र चुनाव के आधार बनने लगे।**

**वर्ष 2025 में भी यह सिलसिला कायम है :** भगवा तमिल बनाम तेलुगू न्यायिक सेवा, स्टालिन का संघवाद बनाम आरएसएस का केंद्रवाद, नेहरूयुगीन अंतरात्मा की पुकार बनाम राष्ट्रवादी वर्चस्व। यही नहीं, हर उपराष्ट्रपति चुनाव की अपनी कहानी है। वर्ष 2002 में यूपीए ने महाराष्ट्र से चर्चित दलित चेहरे सुशील कुमार शिंदे को भाजपा दिग्गज और राजस्थान के प्रमुख राजपूत नेता भैरों सिंह शेखावत के मुकाबले मैदान में उतारा। वह शुद्ध रूप से जाति आधारित मुकाबला बन गया।

**वर्ष 2007 में एनडीए ने विमर्श बदल दिया :** उसने उपकुलपति रहे दिग्गज कूटनीतिज्ञ और शैक्षणिक तथा भारतीय विदेश सेवा से जुड़े संस्थानों से जुड़े मुस्लिम प्रत्याशी हामिद अंसारी के मुकाबले मुस्लिम महिला नजमा हेपतुल्ला को उतार दिया। यूपीए के सांस्थानिक उदारवाद के मुकाबले एनडीए ने विविधता का पक्षधर होने की सुविचारित कोशिश की। यह सिलसिला 2022 में भी जारी रहा, जब यूपीए ने कर्नाटक से एक वरिष्ठ ईसाई नेत्री मार्गरेट अल्वा को उपराष्ट्रपति पद का प्रत्याशी बनाया। महिला और अल्पसंख्यक होने के साथ दक्षिणी राच्य कर्नाटक का होने के कारण यूपीए की प्रतीकवाद राजनीति सुस्पष्ट थी। मार्गरेट अल्वा का मुकाबला राजस्थान के जाट नेता और नरेंद्र मोदी के प्रति घोषित निष्ठावान जगदीप धनखड़ से हुआ।

**नतीजा जोरदार रहा :** धनखड़ 346 मतों से विजयी हुए। एक बार फिर भाजपा का राच्यसभा में नियंत्रण हो गया। कभी प्रतिनिधित्व को संतुलित करने के लिए जिस जातिगत समीकरण का प्रयोग किया जाता था, अब उसका इस्तेमाल विपक्षी एकता को विभाजित और बाधित करने के लिए किया जाने लगा। वर्ष 2025 में भी यह सिलसिला जारी है। उपराष्ट्रपति पद के दोनों प्रत्याशियों ने दक्षिण भारत को मुश्किल में डाल दिया है -तमिल गौरव भाजपा के प्रत्याशी को स्वीकार करेगा या आंध्र की निष्ठा केंद्र के फरमान के आगे सिर झुकायेगी? संसद में संख्याबल भाजपा के साथ है, और उसके गठबंधन सहयोगी अनिच्छुक होते हुए भी उसके निर्देश का पालन कर सकते हैं। लेकिन इस चुनाव की प्रतीकात्मकता की-जो नेहरूवाद बनाम आरएसएस, तमिल बनाम तेलुगू, स्टालिन बनाम संघवाद है- अनदेखी करना कठिन है। इंडिया गठबंधन उम्मीद कर रहा है कि सुदर्शन रेड्डी की क्षेत्रीय पहचान एनडीए में फूट पैदा कर सकती है। इसके विपरीत, एनडीए को विश्वास है कि संघ का एक परंपरावादी आदमी धर्मनिरपेक्ष शिविर में सेंध लगा देगा। ये दोनों प्रत्याशी नहीं, शतरंज केद्दांव हैं, और खेल का उद्देश्य संघवाद को विखंडित करना है।

यह चुनाव राजनीतिक संस्कृति पर भी एक फैसला होगा। हामिद अंसारी और जगदीप धनखड़ जैसे पक्षपाती उपराष्ट्रपतियों का दौर, जिनका विपक्षी सदस्यों से विवाद लगातार होता रहता था, शायद अब स्वाभाविक हो चला है। उपराष्ट्रपति की कुर्सी तटस्थ नहीं रह गयी है। राज्यसभा विमर्श और विवेचना का सदन है, ऐसे में, इसके सभापति अगर सिद्धांत के बजाय सत्ता को तरजीह दें, तो उच्च सदन की कार्यवाही सर्वाधिक प्रभावित होगी। दलगत राजनीति से विध्वस्त भारतीय लोकतंत्र एक ऐसा उपराष्ट्रपति चाहता है, जो जाति और पंथ के दायरे से ऊपर उठे। उपराष्ट्रपति का यह चुनाव संविधान की अंतरात्मा और बहुसंख्यक की ताकत के बीच का चुनाव है। इस बार वोट डालते हुए हमारे सांसदगण सिर्फ अगले उपराष्ट्रपति को नहीं चुनेंगे, बल्कि अखंड बहुसंख्यकवाद और बहुलतावादी संभावना के बीच आधिकारिक निर्णय भी करेंगे। ध्यान रहे, जब उपराष्ट्रपति ताबेदार बन जाते हैं, तब गणतंत्र अतीत का अवशेष मात्र रह जाता है। सर्वपल्ली राधाकृष्णन से सुदर्शन रेड्डी तक, दर्शनशास्त्र से विखंडन तक, उपराष्ट्रपति का कार्यालय क्रमशः अधःपतन को प्राप्त हुआ है। इसका कारण यह नहीं है कि प्रत्याशी कम योग्य हैं, बल्कि यह है कि चुनाव का आधार श्रेष्ठता की जगह मुनाफे तक सीमित रह गया है। जो देश कभी विचारों के लिए उपराष्ट्रपति की ओर देखता था, वह देश इस चुनाव के जरिये अब जाति समूहों, क्षेत्रों तथा बेचैन गठबंधनों को संदेश देता है। देश का दूसरा शीर्ष संवैधानिक कार्यालय दूसरा सबसे प्रतीकात्मक कार्यालय है, जो अब सम्माननीय कम और खोखला ज्यादा है।

भारतीय लोकतंत्र के इस द्वंद्व का एक और पहलू यह भी है कि उपराष्ट्रपति का चुनाव धीरे-धीरे सिर्फ सत्ता समीकरणों की कसौटी पर होने लगा है। आज स्थिति यह है कि उम्मीदवारों की योग्यता, विचारधारा और नैतिक आधारभूत दृष्टि पर चर्चा कम और उनके जातीय, क्षेत्रीय तथा राजनीतिक निहितार्थों पर बहस अधिक होती है। यही कारण है कि संसद के उच्च सदन की गरिमा दांव पर लगी हुई महसूस होती है।

अगर हम पीछे देखें, तो स्पष्ट होता है कि संविधान निर्माताओं ने उपराष्ट्रपति की भूमिका को निष्पक्ष, संवादशील और विवेकशील बनाए रखने की परिकल्पना की थी। राज्यसभा को उन्होंने एक ऐसा मंच माना था, जहां गहन विमर्श और वैचारिक संतुलन के जरिए लोकतंत्र की आत्मा को सुरक्षित रखा जा सके। परंतु आज यह भूमिका राजनीतिक संघर्षों और संख्याबल की लड़ाई में उलझ कर रह गई है। दिलचस्प बात यह है कि इस पद को लेकर जनता में सीधा उत्साह नहीं दिखता। राष्ट्रपति चुनाव की तरह उपराष्ट्रपति का चुनाव आम नागरिकों की रोजमर्रा की बहस का हिस्सा नहीं होता। लेकिन संसद के भीतर इसका महत्व उतना ही है जितना सरकार के नीतिगत भविष्य का। यह पद सिर्फ एक संवैधानिक मर्यादा नहीं, बल्कि विधायी संस्कृति के भविष्य का दर्पण भी है।

# प्रकृति को बचाने के लिए संघर्ष करने वालों की जान के लाले

पर्यावरण और सुरक्षा

कुमार सिद्धार्थ

वैश्विक स्तर पर पर्यावरण कार्यकर्ताओं पर मंडरा रहे भयावह संकट को उजागर करने वाली हाल की 'ग्लोबल विटनेस' रिपोर्ट बताती है कि वर्ष 2012 से अब तक पर्यावरण संरक्षण के लिए संघर्ष करते हुए 2,106 कार्यकर्ताओं की हत्या हो चुकी है। इनमें से एक-तिहाई से अधिक हत्याएँ लैटिन अमेरिका में हुईं। अकेले वर्ष 2023 में कम-से-कम 196 लोगों की जानें गईं। इस रिपोर्ट से स्पष्ट है कि पर्यावरण की रक्षा करने वाले लोग आज भयंकर शारीरिक, मानसिक और सामाजिक खतरों का सामना कर रहे । खनन, औद्योगिक और निर्माण परियोजनाओं के खिलाफ खड़े होने के कारण ये कार्यकर्ता सत्ता और पूंजी के निशाने पर आ जाते हैं।

'ग्लोबल विटनेस,' जो बीते ढाई दशक से तेल, गैस, खनन और वन क्षेत्रों में मानवाधिकारों और पर्यावरणीय शोषण की जाँच करता रहा है, ने इस रिपोर्ट को 200 से अधिक देशों के पर्यावरण कार्यकर्ताओं से बातचीत करके तैयार किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, इनमें से 90 फीसदी से अधिक लोगों को शारीरिक और मानसिक तौर पर प्रताड़ना का सामना करना पड़ा है और 25 फीसदी से अधिक पर हिंसक हमले हुए हैं। 70 फीसदी हत्याएँ खनन, बड़े बांधों और जंगलों की कटाई के खिलाफ आंदोलन करने वालों की हुई हैं।

रिपोर्ट बताती है कि विकास की आड़ में स्थानीय समुदाय, विशेषकर आदिवासी, किसान, महिलाएं और मछुआरे, खास निशाने पर हैं। जब ये समुदाय अपनी ज़मीन, जंगल और नदियों के संरक्षण की आवाज उठाते हैं, तो या तो उन्हें झूठे मामलों में फँसाया जाता है या फिर वे गोलियों का शिकार होते हैं। कोलंबिया, फिलीपींस, ब्राज़ील, कांगो और होंडुरास जैसे देश इस हिंसा के गवाह हैं। यहां हर साल सैकड़ों लोग सिर्फ इसलिए मारे जाते हैं क्योंकि वे अपने जंगल, नदियों, खेतों और अस्तित्व की रक्षा के लिए संघर्षरत हैं।



कोलंबिया लगातार दूसरे साल सबसे खतरनाक देश माना गया था जहाँ 2023 में 79 पर्यावरण रक्षकों की हत्याएं हुईं। यह लगातार चौथा वर्ष है, जब कोलंबिया में सबसे अधिक हत्याएं दर्ज हुई हैं। वर्ष 2012 से अब तक ऐसी 461 हत्याएं हुई हैं, जो किसी भी देश के मुकाबले अधिक हैं। इसके बाद ब्राजील में 34, मैक्सिको और होंडुरास में 18-18 और फिलीपींस में 11 पर्यावरण रक्षकों की हत्याएं हुईं। मध्य अमेरिका पर्यावरण कार्यकर्ताओं के लिए सबसे खतरनाक क्षेत्र बन चुका है, जहां प्रति व्यक्ति हत्याओं की दर सबसे अधिक रही है।

इनमें से अधिकांश हमले वनों की रक्षा करने वालों, खनन विरोधी आंदोलनों में शामिल लोगों और आदिवासी समुदायों के प्रतिनिधियों पर हुए हैं। अक्सर ये हमले संगठित अपराधियों, सरकार समर्थित ठेकेदारों या निजी कंपनियों के इशारों पर होते हैं। इंडोनेशिया और थाईलैंड में कार्यकर्ताओं को 'रेड टैगिंग' (देशद्रोही) करार देकर मारा या गायब किया जा रहा है। इन मामलों में भारत की स्थिति भी चिंताजनक है। रिपोर्ट के अनुसार 2012 से 2022 के बीच भारत में 71 पर्यावरण रक्षकों की हत्या दर्ज की गई। इनमें से कई पत्रकार थे, जो ज़मीन अधिग्रहण और अवैध खनन जैसे संवेदनशील विषयों पर रिपोर्टिंग कर रहे थे। वर्ष 2014 के बाद मारे गए 28 पत्रकारों में से 13 पर्यावरण से जुड़े मुद्दों पर काम कर रहे थे। भारत में रेत-माफिया और अवैध खनन पर लिखने वाले पत्रकारों को खासकर निशाना बनाया गया।

रिपोर्ट इंगित करती है कि भारत में नागरिक अधिकार कार्यकर्ताओं, पर्यावरणविदों और पत्रकारों पर बढ़ती निगरानी, गिरफ्तारी और बदनाम करने की घटनाओं में तेज़ी आई है। साथ ही, उनके खिलाफ 'गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम' (यूएपीए) जैसे कठोर कानूनों का दुरुपयोग कर उनकी आवाज़ को दबाया जा रहा है। सरकारों द्वारा कार्यकर्ताओं को वर्षों जेल में रखना, उनकी जमानत रोकना और उन्हें 'राष्ट्रविरोधी' करार देना जैसी घटनाएं कई राच्यों में सामने आई हैं।

'ग्लोबल विटनेस' के अनुसार, भारत में सामाजिक कार्यकर्ताओं और गैर-सरकारी संगठनों पर मनमाने आपराधिक आरोप लगाए जा रहे हैं, उन पर निगरानी रखी जा रही है और उनके बैंक खाते फ्रीज़ कर दिए गए हैं, जिससे नागरिक समाज पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। रिपोर्ट इस बात पर भी ज़ोर देती है कि कई देशों में पर्यावरण कार्यकर्ताओं को ऐसे मुकदमों का सामना करना पड़ता है जिनका उद्देश्य ही जनहित में उठी आवाज़ों को रोकना है। ये मुकदमे इतने लंबे और खर्चीले होते हैं कि आम नागरिक उनमें फँसकर टूट जाते हैं या चुप हो जाते हैं।

आदिवासी समुदाय इससे सर्वाधिक प्रभावित हैं - कुल हत्याओं के 34 फीसदी शिकार आदिवासी रहे हैं। उनके पास कानूनी दस्तावेज़ों का अभाव, मुख्यधारा से दूरी और राजनीतिक समर्थन की कमी उन्हें कमजोर बनाती है, जबकि यही समुदाय सदियों से प्रकृति के साथ सहजीवन की मिसाल पेश करते आए हैं।

'ग्लोबल विटनेस' रिपोर्ट की भूमिका में प्रसिद्ध पर्यावरणविद् डॉ. वंदना शिवा लिखती हैं - 'हम केवल जलवायु आपातकाल के दौर में नहीं हैं, बल्कि एक व्यापक प्रजातीय विलुप्ति की ओर बढ़ रहे हैं। ऐसे समय में ये पर्यावरण कार्यकर्ता उन चुनिंदा लोगों में हैं, जो इस लड़ाई में डटे हुए हैं। वे न केवल नैतिक दृष्टिकोण से सही हैं, बल्कि इसलिए भी सुरक्षा पाने के अधिकारी हैं क्योंकि हमारी प्रजाति और हमारे हरित ग्रह का भविष्य उन्हीं के संघर्षों पर टिका है।'

आज जब जलवायु संकट के प्रभाव दुनिया के हर कोने में महसूस किए जा रहे हैं- बाढ़, सूखा, जंगल की आग, समुद्र के जलस्तर में बढ़ोत्तरी - ऐसे समय में पर्यावरण रक्षकों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है।

रिपोर्ट के कुछ अहम सुझाव - पर्यावरण रक्षकों की सुरक्षा के लिए विशेष कानून बनाना, उनके खिलाफ दमनकारी मुकदमों को रोका जाना और जिम्मेदार कंपनियों की जवाबदेही तय करना, लेकिन यह तभी संभव है जब नागरिक समाज, मीडिया और आम जनमानस इन मुद्दों को अपने विमर्श के केंद्र में लाएं। हाल ही में 'इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस' (आईसीजे) ने एक ऐतिहासिक निर्णय में कहा है कि जलवायु संकट से निपटना सभी देशों की कानूनी ज़िम्मेदारी है। यह फैसला बताता है कि अब जलवायु परिवर्तन केवल पर्यावरणीय नहीं, बल्कि मानवाधिकार और अंतरराष्ट्रीय कानून का भी गंभीर मुद्दा बन चुका है। उम्मीद की जा रही है कि इससे उन लोगों को कुछ राहत मिलेगी जो पर्यावरण की रक्षा के लिए खतरों का सामना कर रहे हैं। (सप्रेस)

प्रसंगवश

# अर्थव्यवस्था ने दिखाई ताकत पर अभी जोखिम बरकरार

आर्थिक अनिश्चितता के इस दौर में चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के अनुमानों ने अर्थव्यवस्था के जानकारों और पूर्वानुमान लगाने वालों को चौंकाया है। गत सप्ताह जारी आधिकारिक आंकड़े बताते हैं कि जून तिमाही में अर्थव्यवस्था 7.8 फीसदी की दर से बढ़ी जो पांच तिमाहियों में उच्चतम है। सकल मूल्य वर्धन को अर्थव्यवस्था का बेहतर संकेतक माना जाता है और उसमें 7.6 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। भारतीय रिजर्व बैंक ने इस तिमाही के लिए 6.5 फीसदी वृद्धि का अनुमान जताया था। बहरहाल, इस स्तर की वृद्धि को बरकरार रखना या रिजर्व बैंक के पूरे वर्ष के 6.5 फीसदी के लक्ष्य को हासिल करना विपरीत कारोबारी माहौल में चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

पहली तिमाही में अर्थव्यवस्था के लगभग सभी हिस्सों ने वृद्धि को बल दिया। कृषि क्षेत्र पिछले वर्ष की समान अवधि के 1.5 फीसदी की तुलना में 3.7 फीसदी की दर से बढ़ा। विनिर्माण क्षेत्र ने 7.7 फीसदी की दर से वृद्धि दर्ज की जबकि गत वर्ष की समान अवधि में यह 7.6 फीसदी की दर से बढ़ा था। सेवा क्षेत्र भी पिछले साल की तुलना में तेज गति से बढ़ा जबकि खनन और उत्खनन में कमी आई। निर्माण क्षेत्र में मंदी आई।

उच्च वृद्धि को एक हद तक सरकारी व्यय से मदद मिली जो इस तिमाही में 7.4 फीसदी बढ़ा। गत वर्ष की पहली तिमाही में आम चुनाव के कारण सरकारी व्यय सीमित था। यह सरकारी खातों में भी नजर आया। केंद्र सरकार ने पहली तिमाही में वार्षिक पूंजीगत व्यय बजट का लगभग एक-चौथाई हिस्सा खर्च किया, जबकि पिछले वर्ष इसी तिमाही में यह केवल लगभग 16 फीसदी था।

पहली तिमाही के आंकड़े उत्साह बढ़ाने वाले हैं जबकि यहां से हालात कठिन हो सकते हैं। वृद्धि के समक्ष सबसे बड़ा जोखिम अमेरिका द्वारा लगाए गए शुल्कों का है। अनुमान बताते हैं कि करीब 66 फीसदी भारतीय निर्यात को 50 फीसदी या उससे अधिक शुल्क का सामना करना होगा। वृद्धि पर इसका वास्तविक प्रभाव इस बात पर निर्भर करेगा कि यह शुल्क कितने लंबे समय तक लागू रहता है।

**भारतीय रिजर्व बैंक ने इस तिमाही के लिए 6.5 फीसदी वृद्धि का अनुमान जताया था। बहरहाल, इस स्तर की वृद्धि को बरकरार रखना या रिजर्व बैंक के पूरे वर्ष के 6.5 फीसदी के लक्ष्य को हासिल करना विपरीत कारोबारी माहौल में चुनौतीपूर्ण हो सकता है।**

अगर इस स्तर का शुल्क कुछ तिमाहियों तक भी लागू रहा तो यह रोजगार और घरेलू मांग को प्रभावित करना शुरू कर देगा। सरकार जहां इसके असर को कम करने को लेकर काम कर रही है, वहीं मांग को पहुंचे संभावित नुकसान की भरपाई मुश्किल होगी। ऐसे में आने वाली तिमाहियों में वृद्धि मोटे तौर पर भारत-अमेरिका रिश्तों में सुधार पर निर्भर होगी। इसके अलावा, वर्तमान तिमाही की वृद्धि पर भी असर पड़ सकता है क्योंकि कई परिवार वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में संभावित कटौती की उम्मीद के चलते अपने खरीदारी के फैसले टाल सकते हैं। उदाहरण के लिए, कारों सहित कई वस्तुओं पर जीएसटी दरों में कमी की संभावना है। हालांकि, इसका असर केवल एक तिमाही तक सीमित रह सकता है, क्योंकि जैसे ही जीएसटी दरें समायोजित होंगी, मांग फिर से बढ़ जाएगी।

मांग से जुड़ी चिंताओं के अलावा एक और बड़ी समस्या है नॉमिनल वृद्धि की कमी। वर्तमान कीमतों पर, पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि केवल 8.8 फीसदी रही। चूंकि आने वाली तिमाहियों में महंगाई दर कम रहने की संभावना है, ऐसे में नॉमिनल वृद्धि इसी स्तर पर या इससे भी कम रह सकती है। ऐसे में राजकोषीय लक्ष्यों को हासिल करना कठिन हो सकता है। रिपोर्टों के अनुसार, आगामी जीएसटी समीक्षा से राजस्व पर भी असर पड़ सकता है, कम से कम अल्पकालिक रूप में। ऐसे में सरकार को कई उभरती चुनौतियों का समाधान करना होगा। यह एक चुनौतीपूर्ण वित्तीय वर्ष साबित हो सकता है, जिसमें सरकार को बेहद सतर्कता से कदम उठाने होंगे।

## ।।गीता।।



**श्लोक**

**ये तु सर्वाणि कर्माणि मयि संन्यस्य मत्पराः।**
**अनन्येनैव योगेन मां ध्यायन्त उपासते।**

**भावार्थ**

भगवान कहते है - जो साधक अपने कर्मों को मुझे अर्पण कर और मेरे परायण होकर अनन्य भाव से मेरा ही ध्यान करते हुए उपासना करते हैं, मैं उनका उद्धारक बन जाता हूं।

जीवन दर्शन

# गणेश के बड़े सिर, सूँड़, पेट और मूषक का आध्यात्मिक महत्व

गणेश जी को विघ्नहर्ता और बुद्धि का देवता कहा गया है। उनके शरीर का डील-डौल न केवल बेहद अनोखा है, बल्कि वो एक पशु और मनुष्य का मिलता-जुलता स्वरूप भी है। लेकिन इतने अनोखे शरीर होने के बावजूद उनका प्रत्येक अंग और चिन्ह कई आध्यात्मिक रहस्यों और गुणों का प्रतिनिधित्व करते हैं। भगवान् गणेश के अनोखे शरीर के कारण उन्हें लम्बोदर, गजानन, एकदंत, विनायक जैसे नामों से भी जाना जाता है। उनके शरीर की संरचना कुछ ऐसी है कि वो बाकी देवी-देवताओं से अलग दिखती है, लेकिन उनका प्रत्येक अंग किसी न किसी आध्यात्मिक रहस्य को उजागर करता है। गणेश जी के शरीर की संरचना, उनका वाहन, उनके हथियार, सबकुछ गहरे आध्यात्मिक रहस्यों को लिए हुए हैं, जिन्हें समझकर मनुष्य बहुत कुछ सीख सकता है। तो, चलिए जानते हैं...गणेश जी के शरीर का आध्यात्मिक प्रतीकवाद **हाथी का सिर** : उनका यह सिर बुद्धि, विवेक और गहन चिंतन का प्रतीक है। यह सिखाता है कि जीवन में सफलता के लिए व्यापक दृष्टिकोण और गहराई से सोच आवश्यक है।

**छोटी आँखें :** गणेश जी की आँखें एकाग्रता और सूक्ष्म दृष्टि का प्रतीक हैं। यह दर्शाता है कि हमें हर छोटी बात पर ध्यान देना चाहिए और लक्ष्य पर केंद्रित रहना चाहिए।

**बड़े कान :** उनके बड़े कान ग्रहणशीलता और श्रवण शक्ति का प्रतीक हैं। यह सिखाता है कि हमें दूसरों की बात ध्यान से सुननी चाहिए और केवल सकारात्मक विचारों को अपनाना चाहिए।

**लंबी सूँड़ :** गणेश जी की सूंड अनुकूलन शीलता और बहुमुखी प्रतिभा का प्रतीक है। यह दर्शाता है कि हमें जीवन में लचीला होना चाहिए और हर परिस्थिति में समाधान ढूँढना चाहिए।

**बड़ा पेट :** गणेश जी का उदार यानि बड़ा पेट यह दर्शाता है कि गणेश जी में सभी प्रकार की ऊर्जाओं और शक्तियों को समाहित करने की क्षमता है। यह इस बात का सन्देश देता है कि सभी व्यक्ति में जीवन के सभी अनुभवों को पचाने की क्षमता होनी चाहिए, चाहे वो दुःख हो या सुख, सफलता हो या असफलता।

**चार हाथ :** गणेश जी के चार हाथ कर्म, ज्ञान, भक्ति और योग के चार मार्गों का प्रतीक हैं। गणेश जी एक हाथ में अंकुश यानि हाथी का कांटा धारण करते हैं, जो मन को नियंत्रित करने का प्रतीक है। दूसरे हाथ में पाश धारण करते हैं, जो बुराई और अहंकार को बाँधने की शक्ति को दर्शाता है। यह मोह और बंधनों से मुक्ति का प्रतीक भी है। यह सिखाता है कि हमें सांसारिक बंधनों से ऊपर उठना चाहिए। तीसरे हाथ में मोदक रखे हुए हैं, जो आत्मज्ञान और आत्मिक आनंद का मीठा फल है, जो यह दर्शाता है कि सच्चा सुख भीतर से आता है। उनका चौथा हाथ आशीर्वाद मुद्रा में है, जो करुणा, रक्षा और आशीर्वाद का संकेत है। यह दर्शाता है कि जीवन में संतुलन और समर्पण आवश्यक है।

**एक दाँत (एकदन्त)** उनका एक दांत अपूर्णता में भी पूर्णता देखने का संदेश है। यह दर्शाता है कि जीवन में बाधाएँ हों, फिर भी उन्हें स्वीकार कर आगे बढ़ना चाहिए।

**वाहन -** मूषक (चूहा)गणेश जी का वाहन मूषक चंचल इच्छाओं और अहंकार का प्रतीक। गणेश जी का उस पर सवारी करना दर्शाता है कि बुद्धि को इच्छाओं पर नियंत्रण रखना चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त ने संभाला पद

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** आयकर विभाग मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ के प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त (पीसीसीआईटी) ललित कृष्ण सिंह दहिया ने सोमवार को विधिवत रूप से पदभार ग्रहण कर लिया। वे 31 दिसंबर 2025 तक इस पद पर रहेंगे। दहिया इससे पहले मुंबई-4 में चीफ कमिश्नर इनकम टैक्स (सीसीआईटी) के पद पर कार्यरत थे और उन्हें इसी माह पीसीसीआईटी के पद पर प्रमोशन मिला है। दहिया ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद भोपाल में पदस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों की बैठक लेते हुए अफसरों का परिचय लिया और एमपी सीजी में आयकर विभाग के रेवेन्यू कलेक्शन की जानकारी ली। भोपाल में पदस्थ पीसीसीआईटी नवरतन सोनी 31 जुलाई को रिटायर हो गए थे उसके बाद इस पद का अतिरिक्त प्रभार पीसीसीआईटी यूपी वेस्ट और उत्तराखंड अपर्णा करण को सौंपा गया था। दहिया 1900 बैच के आईआरएस अफसर हैं।



### 7 हजार की रिश्वत लेते ऑपरेटर को दबोचा

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** लोकायुक्त पुलिस की उज्जैन यूनिट ने सोमवार को नीमच जिले के जीरन नगर परिषद में कंप्यूटर ऑपरेटर चैनसुख बैरागी को 7 हजार की घूस लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। बैरागी ने मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना के तहत सहायता राशि देने के एवज में शिकायतकर्ता भारत कुमार भट्ट से 20 हजार की रिश्वत मांगी थी। भट्ट ने लोकायुक्त एसपी उज्जैन आनंद यादव को शिकायत में बताया था कि उनकी मां सागर बाई के निधन के बाद मिलने वाली 2 लाख रुपये की सहायता राशि के लिए ऑपरेटर 20 हजार रूपए मांग रहा था। शिकायत की पुष्टि के बाद लोकायुक्त टीम ने जाल बिछाकर भारत कुमार को 7,000 के नोट लेकर चैनसुख बैरागी के पास भेजा। जैसे ही बैराग ने अपने दफ्तर में रिश्वत ली, वैसे ही डीएसपी दिनेश चंद्र पटेल और निरीक्षक हिना डाबर,की टीम ने उसे रंगे हाथों गिरफ्तार कर घूस के नोट बरामद कर लिए।

### संतोष ने कार्यकर्ताओं को दी संगठनात्मक जानकारी

**विसं भोपाल।** भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने सोमवार को प्रदेश कार्यालय में प्रदेश टोली के सदस्यों के साथ बैठक कर सेवा पखवाड़ा सहित आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया। बैठक में भाजपा प्रदेश अध्याक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में विराजमान भगवान श्री गणेश जी की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों एवं कार्यकर्ताओं की सुख-समृद्धि की कामना की।

### मप्र कर्मचारी मंच 21 को करेगा प्रदर्शन

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** मप्र कर्मचारी मंच के नेतृत्व में प्रदेश के लाखों अस्थाई कर्मचारी नौकरी स्थाई करने की मांग को लेकर 21 सितंबर को अंबेडकर जयंती मैदान तुलसी नगर में करेंगे। इस दौरान खून से मुख्यमंत्री को ज्ञापन लिखेंगे। यह निर्णय कर्मचारी मंच की प्रमुख समिति द्वारा प्रस्ताव पारित करके लिया गया है। कर्मचारी मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया है कि सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट आदेश जारी करें हैं कि प्रदेश के अस्थाई कर्मचारियों को स्थाई किया जाए। प्रदेश की जबलपुर, इंदौर और ग्वालियर उच्च न्यायालय खंडपीठ भी मप्र सरकार के लिए कई सैकड़ो आदेश जारी कर चुकी है कि प्रदेश की अस्थाई कर्मचारियों को स्थाई किया जाए नियमित किया जाए।

# एक दर्जन कलेक्टर बदलने की तैयारी, जल्द जारी होगी सूची

## मुख्य सचिव का एक्सटेंशन मिलने के बाद सरकार करेगी प्रशासनिक फेरबदल

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्य सचिव अनुराग जैन का एक्सटेंशन मिलने के बाद राज्य सरकार जल्द ही प्रशासनिक फेरबदल करने की तैयारी में है। इनमें एक दर्जन से ज्यादा कलेक्टर और सचिवालय स्तर के वरिष्ठ फसर बदले जायेंगे। प्रशासनिक सूत्रों की मानें तो राज्य सरकार जल्द एक दर्जन से ज्यादा कलेक्टर बदलेगी जिसकी सूची तैयार हो गई है। इनके अलावा तीन विभागों के सचिव उपसचिव और दूसरे अधिकारी बदले जाएंगे जिनकी परफॉर्मेंस अब तक कमजोर आंकी गई है। इसमें युवा अधिकारियों को जिलों की कमान सौंपी जाएगी। कई जिलों में अधिकारियों के पद लंबे समय से खाली हैं, वहां प्रभारी के भरोसे काम चल रहा है। उज्जैन में किसी ऐसे अधिकारी को संभागायुक्त बनाया जा सकता है जो मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के भरोसेमंद माने जाते हैं। मौजूदा समय में एडिशनल कमिश्नर रत्नाकर झा बतौर प्रभारी कमिश्नर के रूप में काम कर रहे हैं। उन्हें संभागायुक्त संजय गुप्ता के पिछले माह सेवानिवृत्त होने के बाद जिम्मेदारी सौंपी गई थी। कुछ जिलों में खाली पड़े जिला पंचायत सीईओ के पद भी भरे जायेंगे। जानकारी के अनुसार सितंबर इसी सप्ताह में नई पदस्थापना के आदेश जारी हो सकते हैं। इंदौर को भी नया कलेक्टर मिल सकता है। वर्तमान कलेक्टर आशीष सिंह को उज्जैन का संभागायुक्त बनाया जा सकता है। कुछ ऐसे कलेक्टरों को भी बदला जाएगा जिन्हें लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि नाराज हैं और उन्होंने सीएम से शिकायत की है। इनके अलावा लंबे समय से एक ही जिले में पदस्थ कई कलेक्टर को नई पदस्थापना दी जाएगी। फेरबदल में सचिवालय में अहम पदों पर बैठे अधिकारी बदलें जाएंगे। खबर है कि प्रमुख सचिव और सचिव स्तर पर भी अधिकारियों की अदला-बदली की जा सकती है। गृह विभाग के अपर सचिव जेएन कंसोटिया की सेवानिवृत्त के बाद नए गृह अपर मुख्य सचिव की भी पदस्थापना हो सकती है। चर्चा है कि कृषि वर्णवाल या अनुपम राजन को गृह विभाग की जिम्मेदारी दी जा सकता है। उच्च स्तर पर बैठकों में यह तय किया गया है कि नए व युवा अधिकारियों को जिम्मेदारी देकर प्रशासनिक व्यवस्था में नई ऊर्जा लाई जाए।



### एसीएस शुक्ला को मिला गृह विभाग का अतिरिक्त प्रभार

अपर मुख्य सचिव शिवशेखर शुक्ला को पर्यटन विभाग के साथ गृह विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। एसीएस होम जेएन कंसोटिया के सेवानिवृत्त होने के बाद शुक्ला को नई जिम्मेदारी सौंपे सोमवार को देर शाम सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आदेश जारी कर दिया।

## पुलिस महकमे में भी जल्द फेरबदल के आसार

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में पुलिस महकमे में भी जल्द ही फेरबदल होगा। राज्य में जल्दी कई डीआईजी रेंज और जिलों के एसपी बदले जाएंगे। इसे लेकर पीएचक्यू में नए सिरे से जमावट की तैयारी की जा रही है। 2010 बैच के पांच आईपीएस अफसरों को डीआईजी के पद पर प्रमोशन के आठ माह बाद भी नए पद पर पोस्टिंग नहीं मिली है। इन अफसरों को अब इसी माह नई जिम्मेदारी सौंपने की तैयारी है। पिछले साल के अंत में एमपी कैडर के 2010 बैच के 4 आईपीएस अफसरों को एसपी रैंक से प्रमोट कर डीआईजी बनाया गया था। इनमें विजय खत्री एसएसपी रेडियो भोपाल, मनोज कुमार सिंह एसपी धार, विनीत कुमार जैन एसपी अशोकनगर, राकेश कुमार सिंह कमांडेंट एसएआईएसएफ के नाम शामिल थे। प्रमोशन के बाद से अब तक इनकी नई पोस्टिंग के आदेश नहीं हुए हैं और ये अब भी अपनी पुरानी पदस्थापना पर ही काम कर रहे हैं। इसी बैच के राजेश सिंह चंदेल को मार्च में और 32 वीं बटालियन उज्जैन के कमांडेंट शशिंद्र चौहान को भी 1 मई को डीआईजी बनाया गया। इनमें से केवल राजेश चंदेल को ही रीवा डीआईजी का पद मिल सका है और शेष पांचों अफसरों को नई पोस्टिंग का इंतजार है। इन्हें ही एडजस्ट करने के लिए अब रेंज में पदस्थ डीआईजी में बदलाव होंगे।



### भोपाल में डीसीपी और नर्मदापुरम एसपी बदलेंगे

नर्मदापुरम के एसपी और 2014 बैच के आईपीएस गुरुकरण सिंह को जिले में इस पद पर तीन साल से अधिक का समय हो गया है। इसी तरह 2011 बैच के आईपीएस और भोपाल नगरीय क्षेत्र के डीसीपी जोन 3 रियाज इकबाल को भी इस पद पर बने हुए तीन साल से अधिक का समय हो गया है। जल्द ही जारी होने वाली आईपीएस अफसरों की तबादला सूची में सरकार इन दोनों पदों पर भी नई पदस्थापना करेगी। इसके अलावा खरगोन रेंज में डीआईजी का पद 2010 बैच के आईपीएस सिद्धार्थ बहुगुणा के पास है, जबकि इसी रेंज के अधीन आने वाले जिले खंडवा के एसपी मनोज कुमार राय भी इसी बैच के प्रमोटी अफसर हैं। 2010 बैच के मनोज कुमार राय उन 5 अफसरों में हैं, जिन्हें इस साल डीआईजी के पद पर प्रमोशन नहीं मिल सका।

### सीएम हाउस का गेट चमका



मुख्यमंत्री आवास पर सोमवार को वैदिक घड़ी के साथ गेट का भी लोकार्पण किया गया। आकर्षक डिजाइन में गेट तैयार किया गया है। छायाः एचसी वर्मा

# ईडी ने अटैच की रिटायर लेक्चरर की 1 करोड़ 27 लाख की प्रॉपर्टी

## खेती की जमीन, प्लॉट, मकान समेत 27 संपत्तियां कुर्क

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की भोपाल यूनिट ने रिटायर लेक्चरर संतोष कुमार शर्मा और उनकी पत्नी एवं दो बेटों के नाम पर खरीदी गईं 27 अलग अलग संपत्तियों को कुर्क कर लिया है। सोमवार को ईडी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार ईडी ने पीएमएलए एक्ट के तहत लगभग 1.27 करोड़ रुपए की चल और अचल संपत्ति को अटैच किया है। ये प्रॉपर्टी टीमकगढ़, उत्तप्रदेश के झांसी और एमपी में अलग-अलग शहरों में हैं। इसमें कृषि भूमि और आवासीय भूखंड शामिल हैं। ईडी के अनुसार इन संपत्तियों के अलावा संतोष कुमार शर्मा, उनकी पत्नी संध्या शर्मा और उनके बेटे अंकित शर्मा के नाम पर बैंक खातों में जमा रकम को भी अटैच किया गया है।

### लोकायुक्त पुलिस की एफआईआर के आधार पर लिया गया एक्शन

ईडी ने लोकायुक्त पुलिस भोपाल द्वारा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(1)(बी) और धारा 13(2) के तहत दर्ज एपआईआर के आधार पर इस मामले की जांच शुरू की।



एफआईआर के अनुसार संतोष कुमार शर्मा एमपी में सहायक व्याख्याता क पद से रिटायर हुए थे। उन्होंने 1 जुलाई 1985 से 31 दिसंबर 2022 तक अपनी नौकरी के दौरान अपनी ज्ञात और वैध आय से अधिक संपत्ति अर्जित की थी। ईडी की जांच से पता चला कि संतोष कुमार शर्मा के पास मौजूद संपत्तियों का एक बड़ा हिस्सा या उनके अपने नाम के अलावा उनकी पत्नी और दो बेटों के नाम पर है। ईडी इस संपत्ति को अटैच करने के बाद अब आगे की जांच में जुट गई है।

# नाबालिग छात्र के पेट में घोंपा चाकू 3 घंटे फंसा रहा, आरोपी गिरफ्तार



**जागरण, भोपाल।** टीटी नगर इलाके में युवक ने 17 वर्षीय छात्र पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू छात्र के पेट में पूरी तरह घुस गया और करीब तीन घंटे तक फंसा रहा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या की कोशिश का केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। टीटी नगर टीआई गौरव सिंह के अनुसार ईडब्ल्यूएस कॉलोनी, सुनहरी बाग निवासी अंश उर्फ संस्कार शुक्ला (17) कक्षा 11वीं का छात्र है। रविवार रात करीब सवा नौ बजे वह गणेश झांकी के पास खड़ा था। तभी उसका परिचित गोलू उर्फ आशीष रैकवार वहां पहुंचा। अंश ने मजाक में उसे खिड़की बेटा कह दिया। गोलू को यह बात इतनी बुरी लगी कि उसने गाली-गलौच कर अचानक चाकू निकालकर अंश के पेट में घोंप दिया।

### कटिया फंसाते वक्त करंट लगने से युवक की मौत

**जागरण, भोपाल।** बिलखिरिया थाना क्षेत्र के छावनी पठार में करंट लगने से 19 साल के युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मृतक प्रिंस केवट पुत्र बालचंद केवट ग्राम छावनी पठार का निवासी था। घर पर लगे मीटर से बिजली की सप्लाई लेने के लिए सही कटआउट नहीं लगाया गया था। इसके बजाय मीटर से निकले दोनों तार दीवार पर लगी लोहे की कील में लपेट दिए गए थे। इन्हीं तारों पर कटिया फंसाकर घर में बिजली चलाई जाती थी। रविवार सुबह प्रिंस तारों में कटिया फंसा रहा था, तभी उसे तेज करंट का झटका लगा और वह झुलसकर जमीन पर गिर पड़ा। परिजन उसे गंभीर हालत में हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर पीएम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया है।

### डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार की मौत

**जागरण, भोपाल।** रातीबड़ इलाके में डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार कर्मचारी की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मृतक रमेश नाथ (55) कोटरा सुल्तानाबाद का निवासी था। जो एक शासकीय कर्मचारी थे। रविवार को वे किसी काम से रातीबड़ गए थे। शाम को लौटते समय हक अस्पताल के पास उनकी बाइक अचानक डिवाइडर से टकरा गई।

सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

### नहीं बढ़ेगी वोटरलिस्ट में नाम जुड़वाने की तारीख

**पटना, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बिहार की मतदाता सूची संशोधन मामले में अहम फैसला सुनाते हुए वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने की डेडलाइन बढ़ाने की मांग करने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया। राहत यह रही कि चुनाव आयोग ने भरोसा दिलाया है कि 1 सितंबर के बाद भी दायर दावे और आपत्तियों पर विचार किया जाएगा, ताकि योग्य मतदाता अंतिम सूची में शामिल हो सकें। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने दलील दी कि बाढ़ और तकनीकी कारणों से कई लोग समय पर आवेदन नहीं कर पाए। साथ ही, उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम बिना आवेदन के ड्राफ्ट लिस्ट में जोड़ दिए गए, जिसके चलते कई लोग अपने नाम हटाने के लिए आवेदन कर रहे हैं। वहीं चुनाव आयोग की ओर से पेश वकील ने बताया कि बिहार के 7.24 करोड़ मतदाताओं में से 99.5न्न ने दस्तावेज जमा कर दिए हैं। अब तक 1.34 लाख से अधिक लोगों ने नाम हटाने का अनुरोध किया है, जबकि नए नाम जोड़ने के आवेदन सीमित संख्या में आए हैं। आयोग का कहना है कि डेडलाइन बढ़ाने से पूरी प्रक्रिया अनिश्चितकाल तक खिंच सकती है।

# बैंक से लूटा 15 में से 3 किलो सोना बरामद, दो गिरफ्तार

## बिहार से पकड़कर आरोपियों को जबलपुर लाई पुलिस

**जागरण, जबलपुर।** बैंक डकैती मामले में पुलिस लूटे गए 15 किलो सोने में से तीन किलो सोना बरामद कर लिया है। वारदात के मास्टर माइंड राजेश दास को बिहार के गया से पकड़ा है। इसके अलावा सोना छिपाने में आरोपी की मदद करने वाले इंद्रजीत दास (26) को भी गिरफ्तार किया है। मालूम हो कि बीते माह जबलपुर से करीब 50 किलोमीटर दूर खितौला स्थित इसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक में आरोपियों ने डकैती की वारदात को अंजाम दिया था। डकैत बैंक से 14 किलो 800 ग्राम सोना और 5.70 लाख रुपए कैश ले गए थे। मामले में अब तक मास्टरमाइंड समेत छह आरोपी पकड़े जा चुके हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से 3 किलो सोना भी जब्त किया है। दोनों को सोमवार को ही गया से लेकर लौटी पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है।



### मामले में अब तक छह आरोपी पुलिस गिरफ्त में



**अब बाकी का सोना और नकदी को लेकर पूछताछः** जबलपुर पुलिस आरोपी रईस लोधी को पहले ही पकड़ चुकी है। निशानदेही पर राजेश दास की तलाश की जा रही थी। इसके लिए बिहार-झारखंड और उप्र पुलिस को अलर्ट किया था। बिहार पुलिस को दो दिन पहले पता चला कि आरोपी गया में है, उसकी निगरानी कर जबलपुर पुलिस को सूचना दी।

### मास्टर माइंड बिहार का दुर्दांत डकैत, 12 शहरों में केस

वारदात का मास्टर माइंड आरोपी राजेश दास मूल रूप से गया का रहने वाला है। वह बिहार का दुर्दांत डकैत है, उस पर 2011 से 2025 के बीच सासाराम, गया, जमुई, पुरुलिया और रायगढ़ (छत्तीसगढ़) सहित 12 शहरों में बैंक डकैती और अन्य मामले दर्ज हैं। वह डकैती के मामले में रायगढ़ जेल में बंद था और 18 जून को ही छूटा था। इसी जेल में चोरी के आरोप में बंद रहे जबलपुर के रईस लोधी से उसकी मुलाकात हुई थी और वहीं खितौला बैंक डकैती की योजना बनी थी।

राज्य सहकारी बैंक की समीक्षा

### किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण दें: सारंग

**जागरण, भोपाल।** मंत्री विश्वास सारंग ने सोमवार को अपेक्स बैंक, भोपाल में मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक की गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों से खरीफ 2025-26 के लिए समय पर अल्पावधि फसल ऋण वितरण सुनिश्चित करने और किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मंत्री सारंग ने कहा कि राच्य सरकार किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने पैक्स समितियों में खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने और पैक्स कंप्यूटरीकरण की प्रक्रिया को गति देने पर बल दिया। बैठक में किसान क्रेडिट कार्ड को सरल एवं सुलभ बनाने के उपायों पर भी चर्चा हुई। मंत्री सारंग ने कहा कि किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ तभी मिल पाएगा, जब जिला सहकारी बैंक मजबूत स्थिति में कार्य करें। उन्होंने कमजोर बैंकों की वित्तीय स्थिति सुधारने हेतु ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। बैठक में किसान क्रेडिट कार्ड संचालन को और सरल एवं सुलभ बनाने के उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में प्रमुख सचिव सहकारिता डीपी आहूजा, नाबार्ड की सीजीएम सी. सरस्वती, आयुक्त सहकारिता मनोज पुष्प, अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक मनोज गुप्ता सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

सुविधा — 'पीएम ऊषा' परियोजना का मुख्यमंत्री कल करेंगे भूमिपूजन, आईटी पार्क बनेगा

# बीयू में तैयार होगा गर्ल्स के लिए आधुनिक हॉस्टल

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में पीएम-ऊषा (प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान) के तहत 100 करोड़ खर्च किए जाएंगे। इसके तहत बीयू में एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट, सर्वसुविधा युक्त आधुनिक गर्ल्स हास्टल, आईटी पार्क तैयार करने में करीब 40 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। 15 करोड़ से रिनोवेशन का कार्य किया जाएगा। तीस करोड़ से इक्यूपमेंट और शेष 15 करोड़ से सॉफ्ट कम्पोनेंट विद्यार्थियों पर खर्च किए जाएंगे। बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार और राज्यमंत्री कृष्णा गौर परियोजना में शामिल सभी निर्माण कार्य का भूमिपूजन करेंगे। यहां तक दीक्षारंभ कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम सुबह साढे दस बजे ज्ञान विज्ञान भवन से आयोजित होगा। भवन विकास निगम (बीडीसी) से बीयू के सभी भवन तैयार किए जाएंगे। बीयू में 12 करोड़ 86 लाख रुपये की लागत से 120 कमरों का आधुनिक गर्ल्स हास्टल तैयार किया जाएगा। हर कमरे में दो-दो बेड लगाए जाएंगे, जिससे करीब 240 छात्राओं को ठहरने की व्यवस्था हो सकेगी। इसमें छात्राओं को हास्टल में हर सुविधा मुहैया कराई जाएगी। इसमें इंटरनेट, लाइब्रेरी, स्पोर्टस कोट, अभिभावकों के साथ बैठककर चर्चा करने के लिए रेस्ट रूम तक तैयार किए जाएंगे। वर्तमान में बीयू में तीन बॉयस हास्टल और तीन गर्ल्स हास्टल हो जाएंगे।



### एक साथ होगी ऑनलाइन परीक्षा

बीयू में 300 से 500 विद्यार्थियों की एक साथ आनलाइन एग्जाम कराने के लिए कम्प्यूटर युक्त सेंटर तैयार किया जाएगा। आईटी पार्क के लिए दो मंजिला इमारत तैयार होगी। इसकी लागत 15.65 करोड़ रखी गई है। इसमें ऊपरी मंजिल में हॉल, ट्रेनिंग सेंटर, वर्कशाप तक आयोजित हो सकेंगे। इसमें कुछ कन्वेंशन हाल भी होंगे, जिससे विद्यार्थियों को ट्रेनिंग लेने में ज्यादा परेशानी नहीं उठाना पड़े और फैकल्टी को अध्ययन कराने में ज्यादा आसानी होगी। पीएम-ऊषा परियोजन से मैनेजमेंट, लिम्नोलॉजी, आईटी, फार्मेसी और लॉ डिपार्टमेंट में विकास कार्य होंगे। बीयू की पुरानी बिल्डिंग, विभाग, लैब, हॉस्टल, खेल मैदान और सड़क पर मरम्मत के कार्य भी किए जाएंगे।

### 30 करोड़ से तैयार होगा सीआईएलएफ

बीयू में सेंट्रल इंस्टीट्यूमेंटल लैब फेरिलटी (सीआईएलएफ) तैयार होगी। इसमें करीब 30 करोड़ के इक्यूपमेंट लगाए जाएंगे। इसमें सबसे कम दस लाख रुपये का इक्यूपमेंट होगा। यहां तक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) इक्यूपमेंट लगाए जाएंगे। बीयू उक्त सभी 22 विभाग के इक्विपमेंट की खरीदी होगी। रिसर्च कार्य के लिए एडवांस लैबोरेटरी बनेगी। यहां पर हाई एंड इक्यूपमेंट भी लगाए जाएंगे। रिसर्च के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए कंप्यूटर सिस्टम या रोबोटिक सिस्टम तैयार किया जाएगा। सिविल-मैकेनिकल में बिजली के जनरेटर, आंतरिक दहन इंजन और भाप और गैस टर्बाइन एयर कंडीशनिंग उपकरण, मशीन टूल्स, सामग्री-हैंडलिंग सिस्टम, लिफ्ट और एस्केलेटर, और औद्योगिक उत्पादन इक्यूपमेंट्स लिए जाएंगे। नेशनल जनरेशन सिक्वेसिंग, प्रोटीन ऐनेलाइजर जैसी रिसर्च वर्क के लिए भी इक्यूमेंट्स लिए जाएंगे।

### आधुनिक बनेगा एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट

पीएम-ऊषा के तहत बीयू में एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट तैयार किया जाएगा। इसकी लागत करीब आठ करोड़ 18 लाख रुपये रखी गई है। एग्रीलक्चर इंस्टीट्यूट में उपयोग होने वाली हर सुविधा का ख्याल रखा जाएगा। इसके लिए एग्रीकल्चर काउंसिल आफ इंडिया से सभी कोर्स की अनुमति ली जाएगी। इसके तहत प्रोफेसरों सिलेबस तैयार करेंगे। एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट के लिए जवाहर हास्टल से लगी भूमि को चिंहित कर लिया गया है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष

### अमेरिका को स्पष्ट संदेश...

उसकी विदेश नीति स्वतंत्र है, जो अवसरों और चुनौतियों, दोनों का संतुलन साधते हुए आगे बढ़ती है।

ये दोनों यात्राएं अमेरिका और यूरोप को यह भी बताने और दिखाने में सफल रही हैं कि भारत ने अपनी संतुलन की राजनीति का पुराना और आजमाया हुआ रास्ता नहीं छोड़ा है। वह न तो किसी के दबाव में झुकता है और न ही किसी का पिछलग्गू बनने को तैयार है। उसकी प्राथमिकता अपने हितों की रक्षा और वैश्विक मंच पर स्वतंत्र स्वर बनकर ग्लोबल साउथ का हिमायती बने रहना भी है।

आज जब दुनिया संरक्षणवाद और ध्रुवीकरण की ओर बढ़ रही है, भारत ने प्रधानमंत्री मोदी की इन यात्राओं के जरिए यह स्पष्ट कर दिया कि वह बहुध्रुवीय संतुलन का सक्रिय खिलाड़ी है। यही इस कूटनीति की सबसे बड़ी उपलब्धि है-अमेरिका से दूरी और एशिया में संतुलन।

### 2813 करोड़ में हर घर ...

बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रदेश में अब तक 20 हजार 765 करोड़ रुपए लागत की 27 हजार 990 एकल ग्राम नल जल योजनाओं और 60 हजार 786 करोड़ रूपये लागत की 148 समूह जल प्रदाय योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृत 27 हजार 990 योजनाओं में से 15 हजार 947 ग्रामों की योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं जबकि 12 हजार 43 योजनाओं के कार्य प्रगति पर है। अभी तक कुल 8 हजार 358 योजनाओं के पुनरीक्षण की आवश्यकता महसूस की गई है। पुनरीक्षण के अंतर्गत 7 लाख ग्रामीण परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिए जिलों की प्रस्तुत 8,358 पुनरीक्षित परियोजनाओं के विस्तृत परीक्षण के उपरान्त कुल पुनरीक्षित लागत 9026 करोड़ 97 लाख रूपये की स्वीकृति दिये जाने की अनुशंसा की गई। इन योजनाओं की मूल स्वीकृत लागत 6,213 करोड़ 76 लाख रूपये है।

### 'आर्थिक स्वार्थ' के बावजूद ...

पहले इस साल की पहली तिमाही के जीडीपी आंकड़े आए हैं। एक बार फिर भारत ने हर उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन किया है। जब दुनिया की अर्थव्यवस्थाएं आर्थिक स्वार्थ की चुनौतियों से जूझ रही हैं, तब भारत ने 7.8 फीसदी की वृद्धि दर्ज की है।' मोदी ने कहा कि अगर भारत की मौजूदा आर्थिक रफ्तार कायम रही तो दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह और तेज होगी।

प्रधानमंत्री ने तकनीक और ऊर्जा स्रोतों पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि 20वीं सदी का भाग्य तेल और कोयले से तय होता था, लेकिन 21वीं सदी की असली ताकत सेमीकंडक्टर चिप में है। उन्होंने कहा कि तेल ने पिछली सदी का भविष्य तय किया, लेकिन 21वीं सदी की शक्ति एक छोटे-से चिप में है। यह छोटा जरूर है, लेकिन पूरी दुनिया को तेज़ी से आगे बढ़ाने की ताकत रखता है।'

### जरांगे ने भूख हड़ताल ...

जिसके बाद भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। हालांकि, जरांगे के वकील ने अदालत से बुधवार सुबह तक का समय मांगा और आश्वासन दिया कि आंदोलन शांतिपूर्ण रहेगा। इस पर अदालत ने मोहलत दी और सुनवाई बुधवार तक स्थगित कर दी।

## संक्षिप्त समाचार

### हेमामालिनी ने 12 करोड़ में दो अपार्टमेंट बेचे

**मुंबई, जेएनएन।** ड्रीम गर्ल के नाम से पॉपुलर बॉलीवुड एक्ट्रेस और मथुरा की सांसद हेमा मालिनी ने मुंबई के ओशिवारा इलाके में 12.50 करोड़ रुपये में दो अपर्टमेंट बेचे हैं। यह जानकारी ऑनलाइन प्रॉपर्टी पोर्टल स्क्वायर यार्ड्स द्वारा महाराष्ट्र के इंस्पेक्टर जनरल ऑफ रजिस्ट्रेशन की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन से जुड़े दस्तावेजों की समीक्षा से सामने आई है। यह दोनों ही लेन-देन अगस्त 2025 में रिजस्टर्ड किए गए है। हेमा मालिनी ने हर फ्लैट को बाजार मूल्य (सरकारी मूल्यांकन) से लगभग दोगुनी से भी अधिक कीमत में बेचा है। हेमा मालिनी द्वारा बेचे गए दोनों अपार्टमेंट ओबेरॉय स्प्रिंग्स में स्थित हैं।



### 42 दिन बाद धनखड़ सामने आए, खाली किया बंगला

**नई दिल्ली, जेएनएन।** जगदीप धनखड़ ने अपने इस्तीफे के 42 दिन बाद सोमवार शाम को उपराष्ट्रपति आवास छोड़ दिया है। पूर्व उपराष्ट्रपति अब दक्षिणी दिल्ली के छतरपुर इलाके में स्थित अभय चौटाला के फॉर्महाउस में रहेंगे। इंडियन नेशनल लोकदल चीफ अभय चौटाला ने मीडिया को बताया कि उनके परिवार के धनखड़ के साथ पुराने संबंध रहे हैं। ऐसे में हमने उनसे हमारे फॉर्म हाउस में रहने के लिए अपील की, जिसे उन्होंने मान लिया। धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए मानसून सत्र के पहले दिन 21 जुलाई को पद से इस्तीफा दे दिया था। तब से वे पब्लिकली कहीं नजर नहीं आए थे। इस दौरान विपक्ष ने उन पर हाउस अरेस्ट जैसे कई बड़े आरोप लगाए थे।



### टैरिफ पर ट्रंप बोले- अब बहुत देर हो गई

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया कि भारत ने प्रस्ताव दिया है कि वह अमेरिकी उत्पादों से टैरिफ को शून्य कर देगा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी भले ही वाशिंगटन के व्यापार दबाव के बीच चीन और रूस के नेताओं के साथ एकजुटता प्रदर्शित कर रहे हों, लेकिन वह हमारे उत्पादों से पूरी तरह टैरिफ हटाने की बात कह रहे हैं। ट्रंप ने इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि भारत ने टैरिफ शून्य करने का प्रस्ताव दिया है, लेकिन ऐसा करने में उन्होंने बहुत देर कर दी है। उनको ये काम सालभर पहले ही करना चाहिए था। ट्रंप ने ये भी दावा किया कि अमेरिका के साथ भारत के रिश्ते एकतरफा हैं। ट्रंप ने लिखा कि भारत की तुलना में हम उनसे काफी कम व्यापार करते हैं। वे हमसे ज्यादा ही कमाई कर रहे हैं।



# हिमाचल आपदाग्रस्त प्रदेश घोषित, पंजाब में 800 सड़कें बंद, उत्तराखंड, जम्मू में लैंडस्लाइड, हरियाणा बाढ़ग्रस्त

### मानसूनी बारिश बनी कहर, मौसम विभाग ने सितंबर तक देशभर में औसत से ज्यादा बारिश की चेतावनी जारी की

**नई दिल्ली/ चंडीगढ़/ देहरादून/ जेएनएन।** उत्तर भारत के हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश से हालात खराब हैं। हिमाचल में रविवार से तेज बारिश हो रही है। शिमला के कोटखाई, जुब्बल और जुन्गा में देर रात लैंडस्लाइड से 4 लोगों की मौत हो गई। सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विधानसभा में राज्य को आपदाग्रस्त प्रदेश घोषित किया है।

**चंडीगढ़-मनाली** फोरलेन सहित 5 नेशनल हाईवे और करीब 800 सड़कें बंद पड़ी हैं। कुल्लू समेत 10 जिलों में सोमवार को स्कूल-कॉलेज बंद हैं। उत्तराखंड में केदारनाथ नेशनल हाईवे पर सोमवार को लैंडस्लाइड के बाद दो यात्रियों की मौत और छह लोग घायल हो गए। रेड और ऑरेंज अलर्ट के बाद चार धाम और हेमकुंड साहिब यात्रा 5 सितंबर तक स्थगित कर दी गई है।

**जम्मू-कश्मीर** के राजौरी जिले में लैंडस्लाइड के कारण 12 घर टूट गए। सिरसा में एक नहर टूटने से 50 एकड़ में खड़ी फसल पानी में डूब गई। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में अब तक 2.50 लाख एकड़ में फसलों को नुकसान हुआ है। करीब 40 हजार किसान प्रभावित हुए हैं।

**हथिनीकुंड** बैराज से 29,313 क्यूसेक पानी छोड़ा गया, जिससे यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंचा गया है। दिल्ली सरकार ने बाढ़ का अलर्ट जारी किया है। हरियाणा के 6 जिलों में भी बाढ़ जैसे हालात हैं।



**पंजाब** के 9 जिलों फाजिल्का, फिरोजपुर, कपूरथला, पठानकोट, तरनतारन, होशियारपुर, मोगा, गुरदासपुर और बरनाला में बाढ़ के हालात हैं। अब तक 1312 गांव बाढ़ से प्रभावित हो चुके हैं। भाखड़ा डैम में फ्लड गेट 4-4 फीट तक खोल दिए हैं।

**हिमाचल प्रदेश आपदा प्रभावित राज्य घोषित:** हिमाचल प्रदेश को आपदा प्रभावित राज्य घोषित कर दिया गया है। सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विधानसभा में यह घोषणा की। राज्य में 21 अगस्त से मॉनसून फिर से सक्रिय हो गया है। इसके बाद से प्रदेश में लगातार बारिश, बादल फटने और भूस्खलन की घटनाएं हो रहे हैं। इससे चम्बा, कुल्लू, लाहौल स्पीती, मंडी, शिमला, कांगड़ा और हमीरपुर जिले सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं।



**केदारनाथ** यात्रा मार्ग पर सोनप्रयाग से आगे गौरीकुंड के पास मुंकटिया इलाके में एक यात्री वाहन पर अचानक पहाड़ी से बोल्डर गिर गया। इस हादसे में दो यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया। इस हादसे के समय वाहन में 11 यात्री सवार थे, जिनमें से 2 लोगों की मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक, वाहन में सवार सभी यात्री उत्तरकाशी जिले के निवासी बताए जा रहे थे।

### बिहार में 16 दिन चली राहुल की 'वोटर अधिकार यात्रा' का समापन

# हम हाइड्रोजन बम के साथ तैयारः राहुल

**पटना, जेएनएन।** बिहार में 16 दिन चली राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा आज यानी सोमवार को पटना में खत्म हुई। राहुल ने साढ़े 3 घंटे पटना में वोटर अधिकार मार्च निकाला। गांधी मैदान में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सुबह 11 बजे मार्च की शुरुआत हुई जो हाईकोर्ट के पास अंबेडकर मूर्ति पर माल्यार्पण कर खत्म हुई। इससे पहले राहुल-तेजस्वी के मार्च को डाकबंगला चौराहे पर रोक दिया गया। यहां जनसभा हुई। इसके लिए पहले से मंच तैयार था। अपने संबोधन में राहुल गांधी ने कहा, एनडीए के लोग वोट चोरी कर जीत रहे। महाराष्ट्र में भी ये वोट चोरी कर जीते। देश ही नहीं, चीन में भी लोग बोल रहे हैं, वोट चोर, गद्दी छोड़। वोटर अधिकार यात्रा में बीजेपी के लोग काले झंडे दिखा रहे हैं। बीजेपी के लोग सुन लें, एटम बम से बड़ा हाइड्रोजन बम होता है, वो आ रहा है। वोट चोरी की सच्चाई पूरे देश को पता लगने वाली है। हाइड्रोजन बम के बाद नरेंद्र मोदी देश को अपना चेहरा नहीं दिखा पाएंगे। राहुल गांधी का भाषण जैसे ही खत्म हुआ, कुछ युवक काला झंडा दिखाने लगे। उसके बाद हंगामा शुरू हो गया। पुलिस ने वहां से दो युवक को किसी तरीके से निकाला। दोनों को पुलिस थाने ले गई है। दोनों से पूछताछ चल रही है। वहीं राहुल गांधी दिल्ली के लिए निकल चुके हैं।



#### खड़गे का दावा 6 माह में गिर जाएगी मोदी सरकार

इससे पहले कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दावा किया कि मोदी सरकार 6 महीने में गिर जाएगी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, पीएम मोदी वोट चोरी के जरिए बिहार में जीतने का प्रयास कर रहे हैं। आपको सतर्क रहने की आवश्यकता है। अगर आप सतर्क नहीं रहेंगे तो ये लोग आपको डुबाएंगे। मैं आपसे यही विनती करूंगा कि आज हम सबको चोर से लड़ना है। यहां पर सरकार की ओर से पुलिस का इंतजाम क्यों नहीं रहा। मैं पूछना चाहता हूं। आप याद रखिए मैं पुलिस को वॉर्निंग नहीं करना चाहता हूं आपके पास बहुत ज्यादा दिन नहीं हैं। जल्द हमारी सरकार आने वाली है। हमारी सरकार में आपको काम करना ही पड़ेगा। अगर आप लोग सरकार की बातों में आकर हमारे लोगों को साथ धक्का-मुक्की करेंगे तो ये बात ठीक नहीं है।

#### न लालू यादव झुके न मैं झुकूंगा : तेजस्वी यादव

सभा को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा- आज तक लालू यादव इनके आगे झुके नहीं, तेजस्वी भी नहीं झुकेगा। जब लालू जी इनके आडवाणी को गिरफ्तार करवा दिए थे तो उनका बेटा तेजस्वी एफआईआर से डरने वाला नहीं है। हमारे तो भगवान का ही जन्म जेल में हुआ था। बिहार में जो सरकार चल रही है, यह डबल इंजन की सरकार है, जिसका एक इंजन अपराध और दूसरा भ्रष्टाचार में लगा हुआ है। ये बिहारियों को ठगना चाहते हैं। बिहार उड़ती चिड़िया को हल्दी लगाना जानता है।

**हेमंत सोरेन इंडिया गंठबंधन को भूले:** झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन वोटर अधिकार मार्च के समापन समारोह में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि एसआईआर की मदद से वोट चोरी किया जा रहा है। इसके साथ ही मोदी सरकार पर जमकर हमला किया। इस दौरान हेमंत सोरेन भूल गए कि विपक्षी दलों का इंडिया गठबंधन बन चुका है। उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को यूपीए का नेतृत्वकर्ता बताया।

**इंडिया अलायंस के सभी नेता हुए शामिल:** वोटर अधिकार मार्च में टीएमसी के सांसद यूसुफ पठान, शिवसेना की तरफ से संजय राउत, केसी वेणुगोपाल, अशोक गहलोत, झारखंड सीएम हेमंत सोरेन, कर्नाटक के डिप्टी सीएम डी शिव कुमार शामिल रहे। इसमें पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी नहीं पहुंचीं।

**17 अगस्त से हुई थी यात्रा की शुरुआत:** 17 अगस्त से बिहार में वोट अधिकार यात्रा की शुरुआत हुई थी। सासाराम के बियाडा ग्राउंड से शुरू होकर पटना में समापन हुआ। महागठबंधन की यह वोट अधिकार यात्रा बिहार के लगभग 23 जिलों से होकर गुजरी है। इस यात्रा के दौरान 3 दिन ब्रेक लिया गया। पहले दिन कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे मौजूद रहे। फिर यात्रा के दौरान प्रियंका गांधी, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव समेत इंडिया अलायंस के अन्य बड़े नेता मौजूद रहे।

#### अभी तक तो दुनिया में भी हाइड्रोजन बम नहीं फूटा है

कथित वोट चोरी से जुड़े अपने खुलासे का हवाला देने पर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) सांसद रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधा है। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि जब भी मैं राहुल गांधी को सुनता हूं, संसद के अंदर या बाहर, यह समझने में समय लगता है कि वह क्या कहना चाह रहे हैं। आज उन्होंने कहा है, मैंने एटम बम फोड़ दिया है अब मैं हाइड्रोजन बम फोड़ूंगा... एटम बम और हाइड्रोजन बम का चुनाव से क्या संबंध है?... राहुल गांधी विपक्ष के नेता के रूप में खुद को क्यों नीचा दिखा रहे हैं... देश को समझना चाहिए, राहुल गांधी गैरजिम्मेदार हैं। रविशंकर प्रसाद ने कहा, आज राहुल गांधी ने कहा कि मैंने एटम बम फोड़ा है, अब हाइड्रोजन बम फोड़ूंगा। चुनाव में मतगणना को लेकर कर्नाटक में जो उनका एटम बम था वो तो फुस्स हो गया, वो दिवाली का एक छोटा पटाखा भी नहीं निकला, और वो हाइड्रोजन बम फोड़ने की बात कर रहे हैं।



### इलाके में भारतीय सेना का सर्च आपरेशन जारी

# जम्मू-कश्मीर के बालाकोट में आतंकियों की घुसपैठ नाकाम

**श्रीनगर, जेएनएन।** जम्मू-कश्मीर के पूंछ जिले के बालाकोट सेक्टर में भारतीय सेना ने आतंकियों की बड़ी घुसपैठ की कोशिश को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया है। इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है और सेना आतंकियों की तलाश में लगी हुई है। बालाकोट सेक्टर में आतंकियों की बढ़ती गतिविधियों के मद्देनजर सेना ने विशेष सतर्कता बरती है। सेना अधिकारियों के अनुसार आतंकियों ने इलाके में घुसपैठ की कोशिश की जिस पर सेना ने तुरंत जवाबी कार्रवाई की। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच तेज गोलीबारी हुई। मुठभेड़ अभी भी जारी है और भारतीय सेना पूरे इलाके को घेर कर आतंकियों को खोज रही है। सेना की सक्रियता और तत्परता की वजह से बड़ी घुसपैठ को रोक दिया गया है। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के बालाकोट सेक्टर में सोमवार सुबह नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर एक बड़ी घटना हुई। सेना के जवानों ने एलओसी के पास संदिग्ध हलचल देखी और तुरंत गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद दोनों ओर से जबरदस्त फायरिंग हुई। सूत्रों के मुताबिक, सुबह करीब 5.30 बजे डब्बी इलाके में जीरो लाइन के पास कुछ संदिग्ध लोग बाड़ के उस पार दिखाई दिए। भारतीय सेना ने उन्हें चुनौती दी तो उन्होंने भी फायरिंग शुरू कर दी। सेना की ओर से दी गई त्वरित प्रतिक्रिया के चलते घुसपैठ की यह कोशिश नाकाम रही। सेना ने पूरे इलाके में अतिरिक्त बल तैनात किए गए हैं ताकि किसी भी तरह की घुसपैठ को रोका जा सके। व्हाइट नाइट कॉर्प्स ने ट्वीट कर बताया कि उनके जवानों ने अलर्ट रहते हुए इस मूवमेंट को पकड़ा और तुरंत गोलीबारी कर दुश्मन की साजिश को नाकाम कर दिया।



#### बालाकोट सेक्टर में सुरक्षा बढ़ाई गई

घटना के बाद से सेना ने पूरे बालाकोट सेक्टर में सुरक्षा बढ़ा दी है। सेना का सर्च अभियान जारी है ताकि किसी भी आतंकवादी को भागने का मौका न मिले। सेना की त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने में मदद मिली है। स्थानीय लोगों को भी सतर्क रहने और सेना का सहयोग करने के लिए कहा गया है। पुंछ-राजौरी क्षेत्र लंबे समय से पाकिस्तान की ओर से घुसपैठ की कोशिशों का गवाह रहा है। हर बार आतंकियों को सीमा पार कराने की साजिशें रची जाती हैं, लेकिन भारतीय सेना की सतर्कता और मुस्तैदी से ये योजनाएं असफल हो जाती हैं। इस घटना के बाद इलाके में सुरक्षा और सख्त कर दी गई है।

# ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री के प्रतिनिधि अश्विनी से मिले, कई मुद्दों पर चर्चा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने सोमवार को ऑनलाइन गेमिंग उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इसमें ई-स्पोर्ट्स और सोशल गेम्स को प्रोत्साहन देने पर विशेष रूप से चर्चा हुई। साथ ही, उपयोगकर्ताओं के पैसों की सुरक्षा और उद्योग में व्यवस्थित बदलाव (ऑर्डरली ट्रांजिशन) जैसे अहम मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया। सरकारी सूत्रों ने बताया कि बैठक में यह भी नोट किया गया कि उद्योग ने कानून के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाए हैं। इससे पहले शुक्रवार को भी गेमिंग कंपनियों के प्रतिनिधियों ने केंद्रीय आईटी सचिव के साथ बैठक की थी। बैठक में गेमिंग कानून को लेकर नियमों और आगे की दिशा को लेकर चर्चा हुई। सचिव स्तर की इस बैठक में गेमिंग प्लेटफार्म के प्रतिनिधियों के अलावा बैंकिंग और फिनटेक प्रतिनिधि भी शामिल थे। बैठक का मकसद स्टेकहोल्डर्स को यह बताना था कि इस कानून में उनके लिए क्या है। जल्द इस कानून से संबंधित नियम बनाए जाएंगे और यह एक सतत प्रक्रिया है। नियमों से ज्यादा, इसका मकसद ऑनलाईन गेमिंग से जुड़े उद्योग को कानून और उसके परिणामों की जानकारी देना था। सरकार प्रोग्रेसिव कानून के पक्ष में है, लेकिन उसे ऐसे मुद्दों पर जनभावनाओं के साथ ही स्टेकहोल्डर्स का हित भी ध्यान में रखना है। शुक्रवार की बैठक में आगे का रास्ता क्या होगा, इस पर हितधारकों के साथ चर्चा की गई। दरअसल ये एक लगातार चल रही परामर्श प्रक्रिया का हिस्सा है।



# हूती विद्रोहियों ने संयुक्त राष्ट्र के 11 लोगों को बनाया बंधक

**सना, जेएनएन।** यमन में सक्रिय हूती विद्रोहियों ने रविवार को संयुक्त राष्ट्र के दफ्तरों में ही बोल दिया। इन विद्रोहियों ने यूएन के 11 कर्मचारियों को बंधक बना लिया है। हूती विद्रोहियों ने राजधानी सना और पोर्ट सिटी कहे जाने वाले हुदेदा में हमले किए। इस दौरान उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के दफ्तरों में काम करने वाले करीब एक दर्जन लोगों को ही बंधक बना लिया। संयुक्त राष्ट्र के दफ्तरों पर ये हमले इजरायल की एयरस्ट्राइक के बाद किए गए है, जिसमें उसके पीएम समेत कई सीनियर कमांडर मारे गए हैं। यमन के सुरक्षा अधिकारियों का कहना है कि हूती विद्रोहियों ने कई दर्जन अन्यलोगों को भी बंधक बना लिया है। इन लोगों पर आरोप है कि वे इजरायल के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने कहा कि हूती विद्रोही जबरन ही संगठन की ओर से संचालित वर्ल्ड फूड प्रोग्राम के दफ्तर में घुस आए। यूएन की संपत्ति को नुकसान पहुंचाया।



### जिम में महिलाओं को पुरुषों द्वारा ट्रेनिंग पर सुको चिंतित

**इलाहाबाद, जेएनएन।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में जिम में महिलाओं को ट्रेनिंग देने वाले पुरुषों के काम करने के तरीकों पर चिंता जताई है। अदालत का कहना है कि पुरुष ट्रेनर बगैर किसी सुरक्षा उपायों को महिलाओं को ट्रेनिंग दे रहे हैं। उन्होंने जिम में महिलाओं के सम्मान के मुद्दे का जिक्र किया। वह एक जिम ट्रेनर के खिलाफ की गई शिकायत पर सुनवाई कर रहे थे, जिसमें महिला ने ट्रेनर पर उसकी सहेली के अश्लील वीडियो बनाने के आरोप लगाए थे। उन्होंने कहा, यह चिंता की बात है कि पुरुष जिम ट्रेनर महिलाओं को बगैर किसी ऐसी पर्याप्त सुरक्षा के ट्रेनिंग दे रहे हैं, जिससे उनकी सुरक्षा और सम्मान को सुनिश्चित किया जा सके।

# अमेरिका में एयरपोर्ट पर दो विमानों की आपस में टक्कर से 3 लोगों की हुई मौत

**वाशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिका में एक बार फिर 2 विमान आपस में टकराए हैं। टक्कर लगते ही दोनों विमानों में आग लग गई और वे जमीन पर गिर गए। एक विमान पूरी तरह जलकर राख हो गया और दूसरा विमान डैमेज हुआ है। विमान हादसे में 3 लोगों की मौत होने की खबर है, लेकिन अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। विमान हादसा कोलोराडो के फोर्ट मॉर्गन म्यूनिसिपल एयरपोर्ट पर रनवे पर हुआ। मॉर्गन काउंटी शेरिफ ऑफिस ने विमान हादसे की पुष्टि की है। मॉर्गन काउंटी शेरिफ ऑफिस की ओर से मीडिया ब्रीफिंग में बताया कि हादसा कोलोराडो के फोर्ट मॉर्गन म्यूनिसिपल एयरपोर्ट के पास विमान हादसा स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 10 बजकर 40 मिनट हुआ। दोनों छोटे विमान थे, जो अचानक एक दूसरे को क्रॉस करते हुए आपस में टकरा गए। गत 12 अगस्त को भी अमेरिका में 2 विमानों की टक्कर हुई थी। अमेरिका के मोंटाना एयरपोर्ट पर लैंडिंग कर रहा प्लेन एयरपोर्ट पर खड़े प्लेन से टकरा गया।



# पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की हर संभव मदद करूंगाः संजय

**नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों में इस समय कुदरत का कहर देखने को मिल रहा है। खासतौर पर पंजाब के कई इलाके बाढ़ की चपेट में आ गए हैं, जिसकी वजह से जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। पंजाब के मौजूदा हालातों को मद्देनजर रखते हुए बॉलीवुड सुपरस्टार संजय दत्त ने सोशल मीडिया पर मदद का बड़ा एलान किया है और पीड़ितों के साथ खड़े होने की बात कही है। पिछले एक सप्ताह से ज्यादा समय से पंजाब में भारी बारिश हो रही है, जिसके चलते गुरुदासपुर और पठानकोठ जैसे कई इलाके जलमग्न हो गए हैं। बाढ़ ने इन क्षेत्रों में भारी तबाही मचाई है, जिसके चलते सूबे में भयानक मंजर देखने को मिला है। इस मामले को लेकर अब एक्टर संजय दत्त ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर एक लेटेस्ट ट्वीट किया है। जिसमें उन्होंने लिखा है- इस वक्त पंजाब में बाढ़ से हुई तबाही वाकई दिल दहला देने वाली है। इससे प्रभावित होने वाले सभी लोगों को शक्ति और प्रार्थनाए भेज रहा हूं। मैं हर संभव मदद करने के लिए तैयार हूं और करूंगा। बाबाजी पंजाब में सभी का भला और उनकी रक्षा करें।



### शर्मनाक चार साल में यौन अपराधों में सबसे अधिक दोषी पाए गए भारतीय

# 2021 में 28 भारतीय पाए गए थे दोषी 2024 में 100 तक पहुंच गई संख्या

**लंदन,जेएनएन।** ब्रिटेन में रहने वाले भारतीयों के नाम पर एक ऐसा रेकॉर्ड जुड़ा है, जो उनके लिए शर्मिंदगी की वजह है। ब्रिटेन में यौन अपराधों में सजा पाने वाले विदेशी नागरिकों में सबसे ज्यादा तेजी भारतीयों में दर्ज की गई है। ब्रिटेन के न्याय मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 2021 और 2024 के बीच यानी चार साल में भारतीय नागरिकों के यौन अपराधों की दोषसिद्धि में विदेशी नागरिकों की तुलना में सबसे अधिक वृद्धि देखी गई। इस दौरान यौन अपराधों के लिए भारतीयों की दोषसिद्धि में 257 प्रतिशत वृद्धि हुई। यह संख्या 2021 के 28 मामलों से बढ़कर 2024 में 100 तक पहुंच गई। भारत के बाद नाइजीरिया और इराक के लोग दोषी मिले। ब्रिटिश न्याय मंत्रालय के आंकड़ों के विश्लेषण के अनुसार, वर्ष 2021 और 2024 के बीच यौन अपराधों के लिए दोषी करार दिये गए विदेशी नागरिकों में भारतीयों की संख्या में 257 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इस अवधि के दौरान यौन अपराधों के लिए दोषी करार दिये गए विदेशी नागरिकों की संख्या में कुल 62 प्रतिशत की वृद्धि हुई।




#### नाइजीरियन और ईराकी भी पीछे नहीं

2021 और 2024 के बीच भारत के बाद नाइजीरियाई नागरिकों के मामले 166 प्रतिशत, इराकियों के 160 प्रतिशत, सूडानी के 117 प्रतिशत और अफगानियों के 115 प्रतिशत बढ़े हैं। भारत के पड़ोसी देशों का भी इस लिस्ट में नाम है। बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ दर्ज मामलों में इन चार वर्षों में 100 प्रतिशत आई है।

#### सीएमसी ने किया आंकड़ों का विश्लेषण

ये आंकड़े ब्रिटेन के न्याय मंत्रालय के पुलिस राष्ट्रीय कंप्यूटर से प्राप्त आंकड़ों पर आधारित हैं। थिंक टैंकसेंटर फॉर माइग्रेशन कंट्रोल (सीएमसी) ने आंकड़ों का विश्लेषण किया है। सीएमसी ने कहा, यौन अपराधों के लिए दोषी करार दिये गए विदेशी नागरिकों की संख्या 2021 और 2024 के बीच 62 प्रतिशत बढ़ी है। यह चार साल में 687 से बढ़कर 1,114 हो गई। सीएमसी का कहना है कि 2021 से ही भारतीय नागरिक इस चार्ट में सबसे ऊपर बने हुए हैं। 2021 में भारतीयों पर ऐसे 28 आपराधिक मामले दर्ज किये गए थे। इसके बाद 2022 में 53, 2023 में 67 और पिछले साल यानी 2024 में भारतीयों पर यौन शोषण के 100 आपराधिक मामले दर्ज किए गए।

### सुप्रीम कोर्ट में याचिका खारिज

# एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल की बिक्री पर रोक नहीं

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें भारत में पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने की नीति पर सवाल उठाए गए थे। भारत सरकार ने 2023 से पेट्रोल में 20 फीसदी तक एथेनॉल मिलाने की शुरुआत की थी और 2025-26 तक इसे देशभर के सभी पेट्रोल पंपों पर लागू करने का लक्ष्य रखा है। अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणि ने सरकार की ओर से कहा कि यह याचिकाकर्ता इंग्लैंड का निवासी है। 'कोई बाहरी व्यक्ति हमें यह नहीं बता सकता कि भारत में कौन सा पेट्रोल इस्तेमाल किया जाए।' यह याचिका वकील अक्षय मल्होत्रा ने दायर की थी। उनका तर्क था कि अप्रैल 2023 से पहले बनी गाड़ियों और कई बीएस-5 स्टैंडर्ड वाहन भी एथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल के लिए उपयुक्त नहीं हैं। इसलिए उपभोक्ताओं को बिना एथेनॉल वाला विकल्प दिया जाना चाहिए। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ वकील शादान फरासत ने नीति आयोग की 2021 की रिपोर्ट का हवाला दिया। कहा गया था कि एथेनॉल मिले पेट्रोल से पुरानी गाड़ियों की माइलेज औसतन 6 फीसदी तक घट सकती है।

# रामपाल की किताबें बेच रही महिलाओं पर एफआईआर

**जागरण, इंदौर।** प्रदेश के इंदौर में रावजी बाजार पुलिस ने धार्मिक भावनाएं आहत करने के मामले में दो महिलाओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। ये महिलाएं एक युवक को जबदस्ती कथित बाबा रामपाल की किताबें खरीदने के लिए प्रोत्साहित कर रही थी। युवक अनुकूल इंगले ने इसकी रावजी बाजार पुलिस से शिकायत की। इसके बाद पुलिस ने समाजवाद नगर निवासी निर्मला हार्डिया और रेणुका हार्डिया पर एफआईआर दर्ज की है। दोनों महिलाओं को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई है। अनुकूल ने शिकायत में बताया कि जब वह क्षत्रिय धर्मशाला के पास से निकल रहा था तभी दो महिलाएं उसके पास पहुंची। उन्होंने ज्ञान गंगा नाम की किताब लेने की बात कही। इस किताब में पेज नंबर 9 पर लिखा था कि धार्मिक स्थानों पर जाना निषेध है और उपवास नहीं रखना चाहिए। गंगा स्नान भी नहीं करना चाहिए। पेज नंबर 25 पर काल को ब्रह्मा और प्रकृति को दुर्गा बताया है। काल द्वारा प्रकृति के साथ जबदस्ती करने की बात भी लिखी है। लिखा है कि इससे ही ब्रह्मा, विष्णु, महेश की उत्पति हुई है। किताब में गायत्री माता को लेकर भी गलत बातें लिखी हैं। सभी हिंदू धर्म के भगवान को लेकर भी आपत्तिजनक बातें लिखी हैं। इसके बाद हिंदूवादी लोगों के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई तब महिलाओं को थाने बुलाया और उन्हें हिरासत में ले लिया है।



# प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पर हुए हमले का कांग्रेस ने किया जमकर विरोध

### पुलिस महानिदेशक के नाम पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन



**जागरण, पन्ना ।** जिले सहित सम्पूर्ण मप्र में बिगड़ी कानून व्यवस्था, बढ़ते नशे के कारोबार को खत्म करने व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने की मांग को लेकर कांग्रेस पार्टी ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनीश खान के नेतृत्व में पुलिस महानिदेशक के नाम पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा है। साथ ही जिला मुख्यालय पर पुलिस की चौक चौबंद व्यवस्था की मांग रखी।

कांग्रेस ने प्रस्तुत ज्ञापन में उल्लेख किया कि दिनांक 31 अगस्त 2025 को रतलाम दौरे के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर अज्ञात लोगों के द्वारा एकत्रित होकर हिंसक वातावरण निर्मित करते हुए उन पर जानलेवा हमला किया। उन पर पूर्व में भी इस तरह के हमले हो चुके हैं, परन्तु सरकार उनकी सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं है। कांग्रेस ने ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराते हुए कहा कि प्रदेश नशे का गढ़ बन चुका है। नित नये नशे के उद्योगों की जानकारी प्राप्त हो रही हैं, वहां से करोड़ों रुपये की सामग्री जब्त हो रही। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सतत रूप से नशे के खिलाफ अभियान छेड़े हुए हैं। उनका प्रयास है कि प्रदेश नशे से मुक्त हो, इसके लिए वो निरंतर आंदोलनरत है। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता की इसी के चलते उन पर बार-बार हमले किए जा रहे हैं ताकि वह इस मुद्दे पर चुप हो जाएं। जिले में भी निरंतर जघन्य वारदातें हो रही है जिस पर पुलिस रोक लगाने में पूरी तरह विफल है। जिला मुख्यालय सहित सम्पूर्ण जिले में पुलिस की चौक चौबंद व्यवस्था होनी नितांत आवश्यक है। ज्ञापन प्रस्तुत करते समय कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने कहा कि सरकार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं है, इसमें कोई संदेह इसीलिये भी पैदा नहीं होता है कि पकड़े जा रहे नशे के कारोबारियों के भाजपा नेताओं के साथ संबंधों का आधार आरोपियों के साथ सोशल मीडिया पर वायरल हो रही फोटो है। इससे इन आरोपियों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होने से इंकार नहीं किया जा सकता। इसी के चलते आरोपियों के हौसले इतने बुलंद हो रहे हैं कि वो प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पर हमला कराने का दुस्साहस कर पा रहे हैं। अंत में कांग्रेसजन ने प्रस्तुत ज्ञापन के माध्यम से पुलिस महानिदेशक से आग्रह किया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने के निर्देश जारी करें साथ ही फैलते नशे के कारोबार को समाप्त करने के लिए ठोस कदम उठाएं। ज्ञापन प्रस्तुत करते समय कांग्रेस जिलाध्यक्ष अनीश खान, मार्तण्ड देव बुंदेला , शशिकांत दीक्षित, शिव प्रकाश दीक्षित, केसरी अहिरवार, अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष कदीर खान , पिछड़ा वर्ग विभाग के अध्यक्ष राजबहादुर पटेल, राकेश शर्मा ,सौरभ पटेरिया, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष स्वतंत्र प्रभाकर अवस्थी ,वैभव थापक, जितेंद्र जाटव, रियासत खान , जगदेव सिंह ,लखन केवट, अमित शर्मा ,रविंद्र मिश्रा, सुरेंद्र सिंह, बाल किशोर शर्मा, संदीप द्विवेदी, अंका रिछारिया, शेख मोहम्मद, सत्यजीत सिंह अभिषेक चौरसिया ,हिम्मत बागरी बृजेंद्र दुबे,जिला कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अस्तौन पंचायत में करोड़ों की योजनाओं में गड़बड़ी का आरोप

### ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, सरपंच-सचिव व उपयंत्री पर गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप

**जागरण, टीकमगढ़।** जिले की जनपद पंचायत टीकमगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत अस्तौन में सरपंच, सचिव और उपयंत्री पर गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। ग्रामवासियों का कहना है कि पंचायत स्तर पर चल रही विकास योजनाओं में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं कर शासन की राशि हड़प ली गई है। इसको लेकर मंगलवार को ग्रामीणों ने कलेक्टर विवेक क्षोत्रिय को एक ज्ञापन सौंपकर मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग की।

**कागजों में वृक्षारोपण, मौके पर एक भी पौधा नहीं :** इसी क्रम में ग्रामीणों का कहना है कि करदई माता मंदिर, हाई स्कूल और पुलिस चौकी परिसर में वृक्षारोपण कार्य का रिकॉर्ड तैयार किया गया, लेकिन मौके पर एक भी वृक्ष नजर नहीं आता।

**डग प्वाइंट निर्माण में गड़बड़ी :** सिद्ध बाबा के पास डग प्वाइंट निर्माण में 1,73,911 रुपये और मुंडी टोरिया के पास डग प्वाइंट में 2,61,468 रुपये खर्च दिखाए गए हैं। ग्रामीणों के अनुसार, कार्य भुगतान के अनुरूप नहीं हैं और गुणवत्ता भी बेहद खराब है, सड़क और नाली निर्माण में अनियमितताएं, वीरेंद्र सेन के मकान से खेल मैदान तक बनी सीसी रोड में बेस डाला ही नहीं गया और कार्य प्राक्कलन के अनुरूप नहीं किया गया, जाहर यादव के घर से पंचायत भवन तक बनाई गई नाली में भी अनियमितताएं सामने आईं, अस्पताल परिसर में बने बाउंड्री वॉल कार्य की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए गए।

**मनरेगा में फर्जी भुगतान का आरोप :** मनरेगा एक्ट का उल्लंघन करते हुए पंचायत ने जगदीश साहू नामक व्यक्ति को मजदूर दिखाकर भुगतान कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार, जगदीश साहू चलने-फिरने में असमर्थ हैं और कार्य करने की स्थिति में ही नहीं हैं।

**दोहरी भुगतान की शिकायत :** हरि अहिरवार के मकान से वीरेंद्र सेन के घर तक सीसी रोड का भुगतान पंचायत द्वारा कर दिया गया, जबकि इस सड़क का डामरीकरण पहले ही लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जा चुका था।

**परिवारजनों को लाभ पहुंचाने का आरोप :** ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि सरपंच ने अपने परिवार के सदस्यों के खाते में 17,600 रुपये पानी की मोटर सुधार के नाम पर और 20,300 रुपये अन्य मदों में भुगतान करा लिया।

**ग्रामीणों की मांग की जाए निष्पक्ष जांच :** वही ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में अधिकांश कार्य कागजों पर ही किए गए हैं और मौके पर देखने पर अनियमितताएं साफ नजर आती हैं। ज्ञापन में दर्ज अन्य कार्यों में भी भ्रष्टाचार का उल्लेख किया गया है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

## आठ वर्षीय मासूम के साथ दरिंदे ने किया दुष्कर्म का प्रयास, देवेंद्र नगर थाना पुलिस ने किया मामला दर्ज

**पन्ना ।** जिले के देवेंद्र नगर थाना अंतर्गत एक दरिंदे द्वारा मासूम बालिका को हवस का शिकार बनाने का प्रयास किया गया लेकिन उसकी उक्त हरकत मासूम बालिका की सहेलियों ने विफल कर दी जानकारी के अनुसार तीन-चार सहेलियां आपस में खेल रही थी इस दौरान एक युवक द्वारा 8 वर्षीय बालिका को उठाकर एक घर में ले गया तथा उसके साथ गलत हरकत करने लगा इसके संबंध में उसके साथ खेल रही बालिकाएं उसकी हरकत को समझ गई तथा संबंधित स्थान पर पहुंचकर उन्होंने हल्ला मचा दिया जिससे आरोपी भाग खड़ा हुआ तथा घटना की जानकारी परिजनों को दी परिजन द्वारा आरोपी के खिलाफ देवेंद्र नगर थाना में मामला दर्ज कराया है।

# कांग्रेस नेताओं की अभद्र भाषा के विरोध में भाजपा ने किया राहुल गांधी का पुतला दहन

### कांग्रेस की मानसिकता में नारी का अपमान झलकता है- सरोज राजपूत

**टीकमगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वर्गवासी माताजी के लिए कांग्रेस नेताओं द्वारा अभद्र भाषा और अपशब्दों के इस्तेमाल के विरोध में मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं और भाजपा महिला मोर्चा ने राहुल गांधी का पुतला दहन किया। कार्यक्रम की अगुवाई भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती सरोज राजपूत ने की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए सिंधी धर्मशाला के पास रैली निकालकर पुतला दहन किया। भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत ने कहा कि कांग्रेस नेताओं द्वारा महिलाओं के लिए अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल कांग्रेस की मानसिकता को दर्शाता है। जहां भाजपा सरकार 'लाड़ली बहना' योजना से महिलाओं का सम्मान बढ़ा रही है, वहीं कांग्रेस नारी शक्ति का खुलेआम अपमान कर रही है। इस अवसर पर महिला मोर्चा अध्यक्ष विभा श्रीवास्तव, नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मी गिरी गोस्वामी, आशुतोष भट्ट, अभिषेक खरे रानू, रीतेश भदौरिया, विजय पटैरिया, वंदना जायसवाल, पूनम अग्रवाल, संध्या सोनी, मीरा खरे सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा की कार्यकर्ता और भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।



# पर्युषण महापर्व दस लक्षण धर्म पर पवई मे प्रतिदिन प्रतियोगितायें

### बृहद शांति धारा , दस धर्मों के साथ जिनेंद्र भगवान की विशेष पूजन

**जागरण, पवई।** उत्तम क्षमा , उत्तम मार्दव , उत्तम आर्जव , उत्तम सत्य , उत्तम शौच , उत्तम संयम , उत्तम तप , उत्तम त्याग , उत्तम आकिंचन , उत्तम ब्रह्मचर्य दस धर्मों की विशेष आराधना के साथ 1008 जिनेंद्र भगवान की भक्ति और विशेष पूजा और आराधना के लिए प्रसिद्ध पर्युषण महापर्व के पावन अवसर पर पवई में प्रतिदिन भाद्र शुक्ल पक्ष पंचमी से लगातार दस दिन अनंत चतुर्दशी तक जैनेंद्र भगवान की विशेष आराधना त्याग तपस्या साधना व्रत उपवास के साथ भक्ति भाव पूर्वक जैन समाज के श्रावक जन करते हैं । इसी अवसर पर दिगंबर जैन मंदिर पवई में 28 अगस्त 25 प्रातः 7-00 बजे बृहद अभिषेक पूजन शांति धारा और जिनेंद्र भगवान की भक्ति भाव के साथ विशेष पूजन और अर्चना चल रही है सायं 7-00 बजे से जिनेन्द्र भगवान की आरती शाष्त्र बाचन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी कराया जा रहा है उक्ताशय की जानकारी देते हुए जैन महिला मंडल पवई अध्यक्ष श्रीमती रजनी जैन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम संयोजक श्रीमती स्वाति जैन ने बताया कि प्रथम दिन भक्तामर पाठ जानकारी प्रतियोगिता शिक्षक अमित जैन के सहयोग से एवं दूसरे दिन 29 अगस्त 25 को भजन प्रतियोगिता रविन्द्र जैन रब्बू के सहयोग से कराई गई एवं जैन ध्वज की शान (लघु नाटिका) का आयोजन भी किया गया । तीसरे दिन चक्र घुमाओ प्रतियोगिता श्रीमति स्वाति जैन के के निर्देशन में अजित कुमार जैन पत्रकार के सहयोग से आयोजित की गई चौथे दिन 31 अगस्त को कौन बनेगा ज्ञानवान प्रतियोगिता कराई गई पांचवें दिन 01 सितम्बर 2025 को आरती प्रतियोगिता तनु जैन के सहयोग से कराई गई । पर्युषण महापर्व के छठवें दिन 02 सितंबर 2025 को पासिंग दा श्रीफल शिल्पी जैन के द्वारा आयोजित की गई । सातवें दिन आज 03 सितंबर को अंताक्षणीं प्रतियोगिता ,आठवें दिन शब्द बनाओ ,पहेली सुलझाओ

प्रतियोगिता , नौवें दिन तंबोला प्रतियोगिता कु0 आयुषी जैन के द्वारा कराई जाएगी और अंतिम दसवें दिन 06 सितंबर 2025 अनंत चतुर्दशी के दिन खुला प्रश्न मंच सुनील कुमार जैन के सहयोग से आयोजित कराया जाएगा एवं आरती सजाओ,शास्त्र सजाओ, अछार सजाओ सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई जाएगी।



# पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग, जंप संगठन ने सौंपा ज्ञापन

**टीकमगढ़।** पत्रकारों पर लगातार हो रहे हमलों और सुरक्षा को लेकर जर्नलिस्ट यूनियन ऑफ मध्यप्रदेश (जम्प) की जिला इकाई टीकमगढ़ ने कड़ा रुख अपनाया है। सोमवार को जिला इकाई के पदाधिकारियों एवं पत्रकार साथियों ने जिला अध्यक्ष अभय मोर के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक के नाम एक ज्ञापन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को सौंपा। जिसके पश्च्यात पत्रकार संगठन ने कलेक्टर विवेक श्रोतीय को भी ज्ञापन दिया। ज्ञापन में संगठन ने मांग की कि प्रदेश में शीघ्र पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किया जाए, ताकि पत्रकारों को न्याय और सुरक्षा मिल सके। संगठन ने हाल ही में राजगढ़ जिले के कुरावर में हुए हमले का उल्लेख किया, जिसमें जंप के ब्लॉक अध्यक्ष मनोज मेवाड़े पर असामाजिक तत्वों ने लूटपाट और जानलेवा हमला किया था। पत्रकारों का आरोप है कि इस गंभीर घटना के बाद भी स्थानीय थाना प्रभारी ने कार्रवाई करने में लापरवाही बरती और केवल दबाव पड़ने पर ही एफआईआर दर्ज की। इतना ही नहीं, पीड़ित पत्रकार पर समझौता करने का दबाव भी बनाया गया, जो बेहद निंदनीय है। ज्ञापन में कहा गया कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ कहे जाने वाले पत्रकार आज खुद असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। वर्षों से पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग हो रही है, परंतु अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। जिला अध्यक्ष अभय मौर ने कहा कि पत्रकार समाज की समस्याओं को उजागर करने का काम करता है, लेकिन जब उसकी ही सुरक्षा खतरे में हो तो यह लोकतंत्र के लिए गंभीर चिंता का विषय है। सरकार को तत्काल पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करना चाहिए। इस मौके पर हरिश्चन्द यादव, सत्तार खान, अवधेश वर्मा, गंधर्व सिंह बुन्देला, ललित दुवे समीर खान, अकरम खान, प्रतीक रामचंद्रनी,सोनू विश्वकर्मा, नसीम अली, लोकेन्द्र सिंह परमार अखण्ड यादव, नीरज यादव, सलीम खान, विकास राय, रविंद्र अहिरवार, इरफान बाबा,गौरव वर्मा सहित बड़ी संख्या में पत्रकार साथी मौजूद रहे और उन्होंने एक स्वर में पत्रकारों की सुरक्षा की मांग उठाई।



# नपा पंडाल में गूंजे भजन-कीर्तन, भक्तिरस में डूबे श्रद्धालु

### गणेशोत्सव में नपाध्यक्ष पप्पू मलिक ने बढ़ाया श्रद्धालुओं का उत्साह

**टीकमगढ़।** नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ में स्थापित गणेश प्रतिमा पंडाल में मंगलवार को भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार उर्फ पप्पू मलिक सहित नगर के कई श्रद्धालु मौजूद रहे। महिला मंडल की विशेष उपस्थिति रही, जिन्होंने सामूहिक रूप से भक्ति गीत गाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजन-कीर्तन कार्यक्रम के दौरान पूरा पंडाल भक्तिरस से सराबोर हो उठा। ढोलक और झांझ की ताल पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा और समापन पर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार पप्पू मलिक ने कहा कि गणेश उत्सव केवल आस्था का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह समाज में एकता, भाईचारे और सद्भावना का संदेश भी देता है। नगर पालिका परिषद का उद्देश्य है कि ऐसे आयोजन निरंतर होते रहें ताकि सांस्कृतिक और धार्मिक वातावरण मजबूत बने। श्रद्धालुओं ने इस कार्यक्रम को एक अविस्मरणीय आध्यात्मिक अनुभव बताया और नगर पालिका द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना की।



# मध्यप्रदेश आउटसोर्स कर्मचारी संगठन की जिला स्तरीय बैठक संपन्न



**पवई।** मध्यप्रदेश आउटसोर्स कर्मचारी संगठन के निर्देशानुसार मंगलवार को माता कलेही मंदिर परिसर में बिजली कंपनी में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रमुख मांग रखी गई कि कंपनी में कार्यरत अनुभवी आउटसोर्स कर्मचारियों को विभागीय परीक्षा के माध्यम से नियमित रूप से संविलयन किया जाए। बैठक में जिलेभर के कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई तथा संगठन के आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया। ज्ञात हो कि मध्यप्रदेश आउटसोर्स कर्मचारी संगठन पूरे प्रदेश में कर्मचारी संवाद कार्यक्रम चला रहा है, जिसके तहत सभी जिलों में बैठकें आयोजित की जा रही हैं।इस अवसर पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राहुल मालवीय, जिला अध्यक्ष रामाधार पाठक, मीडिया प्रभारी सतीश साहू, इशाख खान, प्रकाश सिगरोल, मुकेश नामदेव, अजीज खान, वीरेन्द्र सिंह, शिवा चौरसिया, धर्मेन्द्र राठौर, विकास चतुर्वेदी, राजेश नामदेव सहित अनेक स्थानों से आए आउटसोर्स कर्मचारी मौजूद रहे।

# कमिश्नर एवं आईजी ने अमानगंज पहुंचकर कार्यक्रम स्थल की देखी व्यवस्थाएं

### 5 सितम्बर को शासकीय महाविद्यालय प्रांगण में होगा मुख्यमंत्री का कार्यक्रम

**पन्ना।** अमानगंज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार, 5 सितम्बर को गुनौर विधानसभा के अमानगंज स्थित शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय ग्राउंड में आयोजित शासकीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस अवसर पर आयोजित महिला सम्मेलन और आमसभा के कार्यक्रम में जनता को संबोधित कर विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन भी करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नगर परिषद अमानगंज क्षेत्र में आगमन के दृष्टिगत मंगलवार को कमिश्नर अनिल सुचारी एवं पुलिस महानिरीक्षक हिमानी खन्ना ने प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कार्यक्रम को सफल बनाने तथा समय पूर्व जरूरी तैयारियों के संबंध में विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। कमिश्नर श्री सुचारी ने कार्यक्रम स्थल और हेलीपेड का अवलोकन कर जरूरी प्रबंध के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान बैठक व्यवस्था, विभागीय प्रदर्शनी, पार्किंग व्यवस्था, वीआईपी व्यक्तियों और आम जनता के कार्यक्रम स्थल पर आगमन और निकास व्यवस्था सहित कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में पूछा। साथ ही सभी अधिकारी कर्मचारियों को कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से गंभीरता पूर्वक सौंपे गए दायित्वों के निर्वहन के लिए निर्देशित किया। आईजी ने रूट चार्ट, परिवहन, यातायात और सुरक्षा व्यवस्था के बारे में महत्वपूर्ण निर्देश दिए और विभिन्न सुरक्षा उपायों पर चर्चा भी की। इसके पहले कलेक्टर सुरेश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा द्वारा भी प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया गया। जिला कलेक्टर ने नगर परिषद के सीएमओ को परिसर की साफ सफाई व्यवस्था तथा सड़कों से निराश्रित गौवंश को गौशालाओं में विस्थापित करने के संबंध में निर्देश दिए।



# गुनौर विधानसभा में खाद्य की किल्लत, कालाबाजारी, किसान परेशान



### विधायक पहुँचे किसानों के बीच

**पन्ना।** गुनौर (पन्ना) जिले के साथ साथ संपूर्ण मध्य प्रदेश में खाद्य की किल्लत किसानों के लिए मुसीबत बन गई है ऐसा ही मामला गुनौर का बताया जा रहा है। बताया गया है कि आज सुबह से ही किसानों की लाइन लगी हुई थी जैसे तैसे खाद का वितरण प्रारंभ हुआ लेकिन हजारों किसानों की भीड़ के बीच केवल दो व्यक्तियों के द्वारा खाद वितरण प्रारंभ कर दिया गया जैसे तैसे किसानों का खाद लेने का नंबर आया जिसे 10 से 15 बोरी खाद की आवश्यकता है उसे केवल एक बोरी खाद देकर टाल दिया जाता जिससे किसानों में भारी आक्रोश बताया जा रहा है एक ओर शासन प्रशासन के अधिकारी खाद की कोई कमी नहीं होने की बात कहते हैं तो वहीं दूसरी ओर खाद के लिए किसानों को जूझते हुए देखा जा रहा है। जिसको लेकर विधायक डॉक्टर राजेश वर्मा के द्वारा अनुभागीय अधिकारी व खाद्य विभाग से बात कर समस्या को हल करवाया गया।

## जनसुनवाई में हुई 37 आवेदनों पर कार्यवाही



**पन्ना ।** जिला मुख्यालय पर कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 37 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और तत्परता से समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एसडीएम संजय कुमार नागवंशी, संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम एवं डिप्टी कलेक्टर अनिल तलैया ने जनसुनवाई की। राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज जनसुनवाई हुई। इसके अलावा ग्राम पंचायत, विकासखण्ड और तहसील मुख्यालयों पर भी जनसुनवाई हुई और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई। जनसुनवाई कार्यक्रम में लोगों की समस्याओं को सुना और निराकरण किया गया।

# जनपद पंचायत कार्यालय के नवीन भवन निर्माण की मिली प्रशासकीय स्वीकृति



**पन्ना।** गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा गुनौर विधानसभा के विशेष प्रयास से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जनपद पंचायत कार्यालय गुनौर के नवीन भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह भवन 5 करोड़ 25 लाख रूपए की लागत से बनकर तैयार होगा। विदित हो कि पूर्व में पन्ना जिला अंतर्गत पन्ना सहित अजयगढ़, पवई और शाहनगर में जनपद पंचायत कार्यालय के नवीन भवन की स्वीकृति प्राप्त हुई थी। विधायक डॉ. वर्मा द्वारा पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद पटेल से गुनौर में जनपद पंचायत के नवीन भवन की स्वीकृति का अनुरोध किया गया था। इस क्रम में विभाग द्वारा गत 29 अगस्त को ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के मानक प्राक्कलन के आधार पर इसकी प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

उल्लेखनीय है कि विधायक डॉ. वर्मा गुनौर विधानसभा क्षेत्र में निरंतर जनहितैषी विकास कार्यों के लिए प्रतिबद्ध हैं। लगातार क्षेत्र भ्रमण के माध्यम से जनता की समस्याओं का निराकरण भी कर रहे हैं। विधायक द्वारा पूर्व में कई स्थानों पर सड़क, आंगनबाड़ी भवनों सहित अन्य विकास कार्यों की सौगात प्रदान की गई है। क्षेत्रीयजनों की अन्य मूलभूत आवश्यकताओं के दृष्टिगत भी जरूरी कार्यों की क्रमबद्ध रूप से स्वीकृति तथा पूर्ण कराने का सार्थक प्रयास किया जा रहा है। विधायक द्वारा शिक्षा एवं स्वास्थ्य के महत्वपूर्ण क्षेत्र में भी समन्वित रूप से आवश्यक प्रयास की पहल की गई है।

# एनटीपीसी सिंगरौली ने मेजर ध्यानचंद की जयंती पर खेल कार्यक्रम का आयोजन

**जागरण, शक्तिनगर**



एनटीपीसी सिंगरौली ने शक्तिनगर स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में एक वृहद खेल कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस आयोजन में एनटीपीसी कर्मचारियों एवं उनके परिवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में 100 मीटर दौड़ स्पीड वॉक रिले रेस 4 100 मी 50 मीटर दौड़ नींबू दौड़ शॉट पुट बोरी दौड़ बॉल आउट थ्रो बॉल और रस्साकशी जैसे अनेक फील्ड इवेंट्स और मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। पुरुषों महिलाओं और बच्चों के लिए अलग.अलग आयु वर्गों में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं जिससे समावेशिता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा मिला। परियोजना प्रमुख संदीप नाइक ने अपने संबोधन में कहा मेजर ध्यानचंद की जयंती पर आयोजित यह खेल आयोजन न सिर्फ़ एक श्रद्धांजलि है बल्कि हमारे संगठन की उस संस्कृति का भी प्रतीक है जिसमें स्वास्थ्य खेल भावना और सहभागिता को सर्वोपरि माना जाता है। एनटीपीसी सिंगरौली एक ऐसे कार्यस्थल का निर्माण कर रहा है जहाँ ऊर्जा केवल उत्पादन में नहीं बल्कि प्रत्येक कर्मचारी के जीवन में भी परिलक्षित होती है। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक ओ एंड एम जोसेफ बास्टियन ने कहा एनटीपीसी सिंगरौली हमेशा से टीम भावना और कर्मचारियों की सहभागिता को प्रोत्साहित करता आया है। आज के इस सफल आयोजन ने इस सोच को और भी मजबूती दी है। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ जिसमें विभिन्न स्पर्धाओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वनीता समाज की अध्यक्षा श्रीमती प्रज्ञा नायक ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मिलकर विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। साथ ही स्पोर्ट्स काउंसिल द्वारा पूर्व में जारी सूची के अनुसार 45.दिनीय वॉकिंग चैलेंज के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली के जोसफ बास्टियन मुख्य महाप्रबंधक ऑपरेशन एंड मेंटेनेन्स रश्मि रंजन मोहंती महाप्रबंधक प्रोजेक्ट पीयूष श्रीवास्तव महाप्रबंधक बीई एंड रसायन सिद्धार्थ मण्डल अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण वनिता समाज की सदस्याएं एनटीपीसी कर्मचारियों के परिवार जन यूनियन एसोसिएशन के मानद प्रतिनिधिगण आदि सम्मिलित रहे।

## ड्यूटी टाइम पर निजी क्लिनिक में डॉक्टर

**जागरण, निवास।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निवास में पदस्थ डा. रमेश सिंह पटेल पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगे हैं। जानकारी के अनुसार डॉ.पटेल ड्यूटी समय में अपने निजी क्लीनिक पर मरीजों का इलाज करते हैं। वहीं मरीजों को एक ही बेड पर दो.दो और तीन.तीन लोगों को एक साथ वाटर सूजी इंजेक्शन लगाए जाते हैं जिससे संक्रमण और गंभीर खतरे की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि सरकारी पर्ची लेकर मरीज घंटों बैठे रहते हैं लेकिन डॉक्टर का कहना होता है कि दवा लिखने का टाइम नहीं है। जबकि निवास स्वास्थ्य केंद्र में दो.-दो डॉक्टर पदस्थ हैं इसके बावजूद लोगों को इलाज के लिए भटकना पड़ रहा है। सूत्रों का कहना है कि डॉ.पटेल अपने निजी क्लीनिक में सरकारी दवाओं का भी उपयोग करते हैं। यह न केवल नियमों का उल्लंघन है बल्कि स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े करता है। ग्रामीणों और मरीजों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की गंभीरता से जांच कर उचित कार्रवाई की जाए ताकि आम जनता को सही स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

## अदाणी पावर को धिरौली कोयला खदान संचालन की मिली मंजूरी

**जागरण, बैढ़न।** अदाणी पावर लिमिटेड भारत की सबसे बड़ी निजी क्षेत्र की ताप विद्युत उत्पादक कंपनी ने कहा है कि उसे भारत सरकार के कोयला मंत्रालय से सिंगरौली ज़िले स्थित धिरौली कोयला खदान के संचालन की स्वीकृति प्राप्त हो गई है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि अदाणी पावर को कच्चे माल की बेहतर सुरक्षा प्रदान करेगी और कंपनी की ऊर्जा क्षेत्र में अग्रणी स्थिति को और मजबूत करेगी। धिरौली खदान जो अदाणी पावर की सहायक कंपनी महान एनर्जेन लिमिटेड के स्वामित्व में है उसकी पीक उत्पादन क्षमता 6.5 मिलियन टन प्रति वर्ष एमटीपी है। इसमें से 5 एमटीपी उत्पादन ओपन कास्ट माइनिंग से और बाकि भूमिगत खनन से होगा। भू.वैज्ञानिक रिपोर्ट के अनुसार इस ब्लॉक में 620 मिलियन मीट्रिक टन एमएमटी ग्रास जियोलॉजिकल रिजर्व और 558 एमएमटी शुद्ध भंडार मौजूद है जो आने वाले कई दशकों तक स्थिर आपूर्तिए ईंधन सुरक्षा और परिचालन स्थिरता सुनिश्चित करेगा। जिम्मेदार खनन पहल के तहत अदाणी पावर खदान क्षेत्र में ही कोयले को धोकर और प्रोसेस करके उसकी अशुद्धियों को यहीं सीमित रखेगी ताकि बाहरी क्षेत्र में अनावश्यक उत्सर्जन न हो और पर्यावरण पर न्यूनतम प्रभाव पड़े। अदाणी पावर लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एस बी ख्यालिया ने कहा धिरौली ब्लॉक में खनन का आरंभ अदाणी पावर की आत्मनिर्भरता और सतत विकास यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। कच्चे माल के स्रोत में बैकवर्ड इंटीग्रेशन पिछड़ा एकीकरण से हम न केवल कॉस्ट ऑप्टिमाइजेशन लागत का अनुकूलन करेंगे बल्कि उपभोक्ताओं को प्रतिस्पर्धी दरों पर बिजली उपलब्ध कराने में भी सक्षम होंगे। हमारा संकल्प है कि हम इस खदान का ज़िम्मेदारी के साथ संचालन करें। यह अदाणी पावर की पहली कैप्टिव खदान है जिसे सरकार से खनन संचालन की मंजूरी प्राप्त हुई है। खदान की ओपन कास्ट पीक रेट क्षमता वित्त वर्ष 27 तक हासिल करने का लक्ष्य है जबकि भूमिगत खनन का आरंभ नौ वर्षों बाद किया जाएगा। अदाणी पावर के पास इस ब्लॉक की 30 वर्ष की लीज़ है। धिरौली ब्लॉक से अदाणी पावर की मर्चेंट पावर आवश्यकताओं को पूरा करेगा और साथ ही 1200 मेगावाट क्षमता वाले महान पावर प्लांट को आपूर्ति की जाएगी जिसे वर्तमान में 3200 मेगावाट तक विस्तारित करने की महत्वाकांक्षी योजना पर काम हो रहा है।

# रमा तिवारी एवं मोनालिसा सोनी रहीं विजेता

### एनटीपीसी विंध्याचल विंध्य क्लब द्वारा नो फ्लेम ऑल फेम हेल्दी कुकिंग प्रतियोगिता का किया आयोजन



**जागरण, विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल विंध्य क्लब द्वारा एक अनोखी एवं मनोरंजक स्वस्थ्य कुकिंग प्रतियोगिता नो फ्लेम ऑल फेम का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य बिना आग के प्रयोग के पौष्टिक भोजन और पाक कला में रचनात्मकता को बढ़ावा देना था। इस प्रतियोगिता में 21 टीमों 40 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अनफ्राइड दही वड़ा गाजर मोदक खीरा सुशी और सैंडविच रोल्स जैसे कई आकर्षक और नवीन व्यंजन प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता का मूल्यांकन डॉ. प्रतिमा महिंद्रा सीनियर स्पेशलिस्ट विंध्य हॉस्पिटल और श्रीमती दीप्ति सरदेशपांडे द्वारा स्वाद प्रस्तुति रचनात्मकता एवं पौष्टिकता के आधार पर किया गया। कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने हेतु राकेश अरोरा मानव संसाधन प्रमुख विंध्याचल मुकेश कश्यप अपर महाप्रबंधक एमजीआर और सुमन कुमार सिंह अपर महाप्रबंधक प्रचालन उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया और इस अवसर को और भी यादगार बनाया। प्रतियोगिता में रमा तिवारी एवं मोनालिसा सोनी विजेता रहीं जबकि हर्षिता सिंह एवं सौरभ राजपूत प्रथम उपविजेता तथा लवली सिंह एवं विकास कुमार द्वितीय उपविजेता रहे। यह आयोजन स्वास्थ्य नवाचार और सामुदायिक भावना का संगम बनाए जिसने प्रतिभागियों और अतिथियों को स्वस्थ भोजन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# फर्स्ट एड का ज्ञान जीवन रक्षा का संबल

### सेंट जॉन एम्बुलेंस इंडिया एवं इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी सिंगरौली द्वारा आयोजित तीन दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण सम्पन्न



**जागरण,बैढ़न।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी से संबद्ध सेंट जॉन एम्बुलेंस इंडिया के तत्वावधान में एल एंड टी कंपनी में तीन दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य अभ्यर्थियों को आपातकालीन परिस्थितियों में दुर्घटना अथवा स्वास्थ्य संबंधी आकस्मिक स्थितियों से निपटने हेतु व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक ज्ञान प्रदान करना था। प्रशिक्षण में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में फर्स्ट एड ट्रेनिंग ऑफिसर डा. डी. के. मिश्रा उपस्थित रहे जिन्होंने अपने अनुभव और ज्ञान से प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया। तीन दिवसीय इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को निम्नलिखित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया घायलों की प्राथमिक देखभाल एवं खून बहने पर तुरंत रोकथाम की तकनीक हृदयाघात बेहोशी साँप के काटने तथा जलने की स्थिति में प्राथमिक उपचार कृत्रिम श्वसन एवं श्वसन नली अवरुद्ध होने की स्थिति में सहायता सड़क दुर्घटना एवं औद्योगिक दुर्घटनाओं में घायल व्यक्ति को सुरक्षित स्थान तक पहुँचाने के तरीके प्रशिक्षण में सम्मिलित हुए अभ्यर्थियों ने इसे अत्यंत उपयोगी और ज्ञानवर्धक बताया। उनका कहना था कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से न केवल कार्यस्थल पर बल्कि घर एवं समाज में भी जरूरतमंद लोगों की मदद की जा सकती है। डॉ.डी.के. मिश्रा ने प्रशिक्षण के समापन अवसर पर कहा कि प्राथमिक चिकित्सा का ज्ञान हर व्यक्ति को होना चाहिए । यह जीवन रक्षक कला है जिससे समय पर उपचार देकर कई जिंदगियां बचाई जा सकती है कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। पूरे प्रशिक्षण में प्रशिक्षक के सहयोगी के रूप में जय प्रकाश दुबे द्वारा सहयोग किया गया।

# एनटीपीसी विंध्याचल ने सत्यमेव जयते नाटक के साथ किया सत्यनिष्ठा माह का समापन




**जागरण, विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल ने आज प्रशासनिक भवन सभागार में अगस्त के मूलमंत्र सत्यनिष्ठा के सफल समापन का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं एनटीपीसी गीत के साथ हुआ जहाँ मानव संसाधन प्रमुख विंध्याचल राकेश अरोड़ा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि मूल्य निरपेक्ष नहीं होते इन्हें प्रतिदिन जीवन में उतारना आवश्यक है। इस अवसर पर विंध्याचल परिवार ने अपनी रचनात्मकता और उत्साह का शानदार प्रदर्शन किया। कर्मचारियों एवं परिवारजनों ने प्रतियोगिताओं में जीत हासिल की सुश्री अभा वरिष्ठ प्रबंधक एमटीपी द्वारा सत्यनिष्ठा पर लघु फिल्म राघवेन्द्र प्रसाद अपर महाप्रबंधक आरएलआई द्वारा कहानी वाचन तथा टाउनशिप की महिलाओं द्वारा बनाए गए प्रेरणादायी कोलाज विशेष आकर्षण रहे। कार्यक्रम में डीपीएस औरडी पॉल स्कूल के चार विद्यार्थियों ने विषय सफलता से अधिक महत्वपूर्ण है सत्यनिष्ठा पर वाद.विवाद किया जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। मुख्य आकर्षण रहा सत्यमेव जयते नाटक जिसे नए कार्यकारी प्रशिक्षुओं ने राघवेन्द्र प्रसाद के मार्गदर्शन में प्रस्तुत किया। नए कार्यकारी प्रशिक्षुओं ने सत्यमेव जयते नाटक प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर डॉ.ओम प्रकाश उप महाप्रबंधक मानव संसाधन एनटीपीसी सिंगरौली एवं श्रीमती पूर्णिमा चतुर्वेदी वरिष्ठ प्रबंधक मानव संसाधन एनटीपीसी विंध्याचल निर्णायक के रूप में उपस्थित रही। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण से हुआ जहाँ संजीब कुमार साहा मुख्य महाप्रबंधक विंध्याचल ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और माह भर चले आयोजनों के सफल समन्वय की सराहना की। कार्यक्रम में संजीब कुमार साहा मुख्य महाप्रबंधक विंध्याचल की उपस्थिति के साथ दीपु ए महाप्रबंधक संविदा एवं सामग्री एस.के. सिन्हा महाप्रबंधक प्रचालन एवं एफएम डॉ. बी.के.भराली महाप्रबंधक चिकित्सा देबब्रत त्रिपाठी महाप्रबंधक तकनीकी सेवाएँ राकेश अरोड़ा मानव संसाधन प्रमुख विंध्याचल डा.देबास्मिता त्रिपाठी अपर महाप्रबंधक आरएलआई टी.आर. राधीश अपर महाप्रबंधक सतर्कता आशीष अग्रवाल अपर महाप्रबंधक सुरक्षा डॉ. जनार्दन पाण्डेय प्राचार्य डीपीएस तथा कर्मचारियों व उनके परिवारों की सहभागिता ने इस समारोह को अविस्मरणीय बना दिया। यह आयोजन विंध्याचल की उस सशक्त प्रतिबद्धता को दर्शाता है जिसमें सत्यनिष्ठा को केवल सिद्धांत नहीं बल्कि जीवन का अंग मानकर जीने पर बल दिया जाता है।

# एसएससी की तैयारी के लिए अभिषेक को मिला टैबलेट

### कलेक्टर ने छात्र की समस्या का किया समाधान अब टैबलेट से ऑनलाईन एसएससी की तैयारी कर पायेगा अभिषेक



**जागरण, बैढ़न।** ग्राम बरहट तहसील चितरंगी के छात्र अभिषेक ने कलेक्टर के पास पहुच अपनी समस्या से अवगत कराते हुयें कहा कि मै वर्तमान में एसएससी की तैयारी कर रहा हू। किंतु घर की आर्थिक स्थिति ठीक नही होने के कारण एसएससी की ऑन लाईन तैयारी करने में असमर्थ हू। अभिषेक ने कहा कि अगर मुझे टैबलेट मिल जाये तो मै बिना किसी परेशानी के अपनी तैयारी कर सकूगा। जिस पर कलेक्टर ने छात्र का उत्साह बढ़ाते हुयें कहा कि तुम्हारी एसएससी की तैयारी में किसी भी प्रकार की बाधा नही होगी। कलेक्टर तत्काल छात्र को लेपटॉप उपलंब्ध कराते हुयें कहाकि अब बिना किसी परेशानी के अपने परीक्षा की तैयारी को और परीक्षा में सफल होकर अपने माता पिता के साथ जिले का नाम रोशन करो।

# आर्थिक अपराध शाखा और वस्तु एवं सेवा कर विभाग की संयुक्त टीम ने की बड़ी कार्रवाई



**जागरण, बैढ़न।** जिले में आज सुबह से ही आर्थिक अपराध शाखा और वस्तु एवं सेवा कर विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सिंगरौली जिले के अलग.अलग इलाकों में करीब 6 ठिकानों पर एक साथ छापामार कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई में टीम ने संबंधित व्यवसायिक प्रतिष्ठानों और निवास स्थानों से वित्तीय लेनदेन से जुड़े अहम दस्तावेज जब्त किए हैं। बताया जा रहा है कि यह छापे कर चोरी और आर्थिक गड़बड़ी की शिकायतों के आधार पर डाले गए हैं। संयुक्त टीम के अधिकारी बड़ी बारीकी से दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं। फिलहाल अधिकारियों ने आधिकारिक तौर पर किसी भी प्रकार का बयान जारी नहीं किया है लेकिन अनुमान है कि जिले के बड़े कारोबारियों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। स्थानीय प्रशासन ने भी सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए टीम को सहयोग प्रदान किया है। देर शाम तक इस कार्रवाई में और भी बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।


## नाम सुधार सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं गुलाब खैरवार पिता सीता राम उम्र.64 वर्ष ग्राम.मेढौली वार्ड.10.जिला सिंगरौली म.प्र. का निवासी हूँ। मै शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मुझ शपथकर्ता का नाम में एनसीएल जयंत परियोजना द्वारा मुआवजा नोटिस प्रकरण क्र. 4632 मकान नं.1541 का दिनांक 27/11/2020 को प्रदान किया गया है जिसमे मेरा नाम गुलाब खैरवार पिता सीताराम खैरवार एवं परिवार पंजी में गुलाब पिता सीता खैरवार लेख किया गया है। मुझ शपधकर्ता का आधार कार्ड में गुलाब खैरवार पिता सीता राम पैन कार्ड एवं बैंक पासबूक मे Gulab Khairwar s/o Sitaram वोटर कार्ड में गुलाब खैर पिता सीताराम एवं राशन कार्ड में गुलाब खैरवार पिता सीता राम लेख किया गया है। मुझ शपथकर्ता का एनसीएल नोटिस में गुलाब खैरवार पिता सीताराम खैरवार परिवार पंजी मे गुलाब पिता सीता खैरवार आधार कार्ड में गुलाब खैरवार पिता सीता राम,पैन कार्ड एवं बैंक पासबूक में Gulab Khairwar s/o Sitaram वोटर कार्ड में गुलाब खैर पिता सीताराम एवं राशन कार्ड में गुलाब खैरवार पिता सीता राम एक ही व्यक्ति यानी मुझ शपथकर्ता का ही नाम है अन्य किसी दूसरे व्यक्ति का नाम नहीं है नाम भिन्नता के लिए मैंने शपथ पत्र निष्पादित कराया है।

## नाम सुधार सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं धनमन्ती खैरवार पति गुलाब उम्र 18 वर्ष ग्राम.मेढौली वार्ड.10 जिला सिंगरौली म.प्र. की निवासी हूँ। मै शपथ पूर्वक कथन करती हूँ कि मुझ शपथकर्ता का नाम में एनसीएल जयंत परियोजना द्वारा मुआवजा नोटिस प्रकरण क्र. 4632 मकान नं.1541 का दिनांक 27/11/2020 को प्रदान किया गया है जिसमे मेरा नाम धनवन्ती पुत्री गुलाब लेख किया गया है। मुझ शपथकर्ता का आधार कार्ड में धनमन्ती खैरवार पति गुलाब पैन कार्ड एवं बैंक पासबूक मे Dhanmanti Khairwar D/o Gulab Khairwar वोटर कार्ड में धनमंती खैरवार पुत्री गुलाब खैरवार लेख किया गया है। मुझ शपथकर्ता का एनसीएल नोटिस मे धनवन्ती पुत्री गुलाब आधार कार्ड में धनमन्ती खैरवार पति गुलाब पैन कार्ड एवं बैंक पासबूक मे Dhanmanti Khairwar D/o Gulab Khairwar वोटर कार्ड मे धनमंती खैरवार पुत्री गुलाब खैरवार एक ही महिला यानी मुझ शपथकर्ता का ही नाम है अन्य किसी दूसरे महिला का नाम नहीं है नाम भिन्नता के लिए शपथ पत्र निष्पादित करायी हूँ।

## नाम सुधार सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं केश्वर प्रसाद खैरवार पिता गुलाब खैरवार उम्र.29 वर्ष ग्राम.मेढौली वार्ड.10.जिला सिंगरौली म.प्र. का निवासी हूँ। मै शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मुझ शपथकर्ता का नाम में एनसीएल जयंत परियोजना द्वारा मुआवजा नोटिस प्रकरण क्र. 4632 मकान नं. 1541 का दिनांक 27/11/2020 को प्रदान किया गया है जिसमे मेरा नाम केश्वर प्रसाद पिता गुलाब खैरवार लेख किया गया है। मुझ शपथकर्ता का आधार कार्ड मे केश्वर प्रसाद खैरवार पिता गुलाब खैरवार पैन कार्ड में Keshwar Prasad Khairwar s/o Gulab Khairwar बैंक पासबूक में Keshwar Prasad Khairwar लेख किया गया है। मुझ शपथकर्ता का एनसीएल नोटिस मे केश्वर प्रसाद पिता गुलाब खैरवार आधार कार्ड में केश्वर प्रसाद खैरवार पिता गुलाब खैरवार पैन कार्ड में Keshwar Prasad Khairwar s/o Gulab Khairwar बैंक पासबूक मे Keshwar Prasad Khairwar एक ही व्यक्ति यानी मुझ शपथकर्ता का ही नाम है अन्य किसी दूसरे व्यक्ति का नाम नहीं है नाम भिन्नता के लिए मैंने शपथ पत्र निष्पादित कराया है।

## नाम सुधार सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं ददनी देवी पति गुलाब उम्र.64 वर्ष निवासी ग्राम मेढौली वार्ड.10 जिला सिंगरौली म.प्र. की निवासी हूँ। मै शपथ पूर्वक कथन करती हूँ कि मुझ शपथकर्ता का नाम में एनसीएल जयंत परियोजना द्वारा मुआवजा नोटिस प्रकरण क्र. 4632 मकान नं. 1541 का दिनांक 27/11/2020 को प्रदान किया गया है जिसमे मेरा नाम ददनी देवी पत्नी गुलाब खैरवार लेख किया गया है। मुझ शपथकर्ता का आधार कार्ड मे ददनी देवी पति गुलाब पैन कार्ड मे Dadni Devi D/o Bandhu Khairwar एवं बैंक पासबूक मे Dadni Devi S/D/H/O Gulab Gulab एवं वोटर कार्ड में ददनी पति गुलाब लेख किया गया है। मुझ शपधकर्ता का एनसीएल नोटिस मे ददनी देवी पत्नी गुलाब खैरवार आधार कार्ड में ददनी देवी पति गुलाब पैन कार्ड मे Dadni Devi D/o Bandhu Khairwar एवं बैंक पासबूक में Dadni Devi S/D/H/O Gulab Gulab एवं वोटर कार्ड में ददनी पति गुलाब एक ही महिला यानी मुझ शपथकर्ता का ही नाम है अन्य किसी दूसरे महिला का नाम नहीं है नाम भिन्नता के लिए शपथ पत्र निष्पादित करायी हूँ।

## नाम सुधार सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राजेंद्र प्रसाद खैरवार पिता गुलाब खैरवार उम्र.30 वर्ष ग्राम.मेढौली वार्ड.10 जिला सिंगरौली म.प्र. का निवासी हूँ। मै शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मुझ शपथकर्ता का नाम में एनसीएल जयंत परियोजना द्वारा मुआवजा नोटिस प्रकरण क्र.4632 मकान नं.1541 का दिनांक 27/11/2020 को प्रदान किया गया है जिसमे मेरा नाम राजेंद्र प्रसाद खैरवार लेख किया गया है। मुझ शपथकर्ता का आधार कार्ड मे राजेंद्र प्रसाद खैरवार पिता गुलाब खैरवार पैन कार्ड एवं बैंक पासबूक मे Rajendra Prasad Khairwar s/o Gulab Khairwar वोटर कार्ड में राजेंद्र कुमार पिता गुलाब खैरवार एवं राशन कार्ड में राजेंद्र प्रसाद खैरवार पिता गुलाब खैरवार लेख किया गया है। मुझ शपथकर्ता का एनसीएल नोटिस मे राजेंद्र प्रसाद खैरवार आधार कार्ड में राजेंद्र प्रसाद खैरवार पिता गुलाब खैरवार पैन कार्ड एवं बैंक पासबूक मे Rajendra Prasad Khairwar s/o Gulab Khairwar वोटर कार्ड मे राजेंद्र कुमार पिता गुलाब खैरवार एवं राशन कार्ड में राजेंद्र प्रसाद खैरवार पिता गुलाब खैरवार एक ही व्यक्ति यानी मुझ शपथकर्ता का ही नाम है अन्य किसी दूसरे व्यक्ति का नाम नहीं है नाम भिन्नता के लिए मैंने शपथ पत्र निष्पादित कराया है।

## नाम सुधार सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शिव प्रसाद खैरवार पिता गुलाब खैरवार उम्र.40 वर्ष निवासी ग्राम.मेढौली वार्ड.10 जिला सिंगरौली म.प्र. का हूँ। मै शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मुझ शपथकर्ता का नाम में एनसीएल जयंत परियोजना द्वारा मुआवजा नोटिस प्रकरण क्र. 4632 मकान नं. 1541 का दिनांक 27/11/2020 को प्रदान किया गया है जिसमे मेरा नाम शिव प्रसाद खैरवार परिवार पंजी मे शिवप्रसाद लेख किया गया है। मुझ शपथकर्ता का आधार कार्ड मे शिव प्रसाद खैरवार पिता गुलाब खैरवार पैन कार्ड एवं बैंक पासबूक मे Shiv Prasad Khairwar S/o Gulab Khairwar वोटर कार्ड में शिव प्रसाद पिता गुलाब खैर एवं राशन कार्ड में शिव प्रसाद खैरवार पिता गुलाब खैरवार लेख किया गया है। मुझ शपथकर्ता का एनसीएल नोटिस मे शिव प्रसाद खैरवार परिवार पंजी मे शिवप्रसाद आधार कार्ड में शिव प्रसाद खैरवार पिता गुलाब खैरवार पैन कार्ड एवं बैंक पासबूक में Shiv Prasad Khairwar S/o Gulab Khairwar वोटर कार्ड मे शिव प्रसाद पिता गुलाब खैर एवं राशन कार्ड में शिव प्रसाद खैरवार पिता गुलाब खैरवार एक ही व्यक्ति यानी मुझ शपथकर्ता का ही नाम है अन्य किसी दूसरे व्यक्ति का नाम नहीं है नाम भिन्नता के लिए मैंने शपथ पत्र निष्पादित कराया है।

# वनडे विश्व कप और टेस्ट पर फोकस रखने स्टार्क ने टी-20 से लिया संन्यास



| टी-20 करियर | |
|---|---|
| मैच | 65 |
| विकेट | 79 |
| बेस्ट | 4/20 |
| रन | 98 |

**जेएनएन, ब्रिसबेन**

ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने टेस्ट और वनडे प्रारूप में अपने करियर को विस्तार देने के लिए टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। ऑस्ट्रेलियाई टीम की प्रमुख तेज गेंदबाजी तिकड़ी (पैट कमिंस और जोश हेजलवुड के साथ) के अहम सदस्य स्टार्क ने आगामी एशेज, भारत में होने वाली टेस्ट सीरीज, 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप और आईपीएल जैसे बड़े आयोजनों की तैयारी को ध्यान में रखते हुए खेल के सबसे छोटे अंतरराष्ट्रीय प्रारूप से संन्यास की घोषणा की। अपनी तेज गति, कमाल की स्विंग, घातक यॉर्कर और खतरनाक बाउंसरों के लिए मशहूर 35 साल के स्टार्क ने 65 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 79 विकेट लिए है। वह एडम जम्पा (103 मैचों में 130 विकेट) के बाद इस प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया के दूसरे सबसे सफल गेंदबाज है। वे यूएई में 2021 टी-20 विश्व कप जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा थे। उन्होंने आखिरी बार कैरेबियन में 2024 विश्व कप में इस प्रारूप में खेला था। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 20 रन देकर 4 विकेट लेना है, जो उन्होंने 2022 में वेस्टइंडीज के खिलाफ किया था। टी-20 विश्व कप का आयोजन अगले साल भारत और श्रीलह्यंका में होगा। स्टार्क की घोषणा मंगलवार सुबह हुई जब ऑस्ट्रेलिया ने टी-20 विश्व कप की तैयारी के लिए अक्टूबर में न्यूजीलैंड में होने वाली सीरीज के लिए टीम की घोषणा की। न्यू दक्षिण वेल्स के इस खिलाड़ी ने 2015 में घरेलू धरती पर ऑस्ट्रेलिया के वनडे विश्व कप खिताब जीतने के अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

"टेस्ट क्रिकेट हमेशा से मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। मैंने ऑस्ट्रेलिया के लिए खेले गए हर टी-20 मैच के हर मिनट का आनंद लिया है, खासकर 2021 विश्व कप में, सिर्फ इसलिए नहीं कि हम जीते, बल्कि इसलिए भी कि हम एक अविश्वसनीय ग्रुप में थे और उस दौरान जो मजा आया वह शानदार था। भारत के टेस्ट दौरे, एशेज और 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप को देखते हुए, मुझे लगता है कि इन अभियानों के लिए तरोताजा, फिट और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का यह मेरा सबसे अच्छा तरीका है। इससे गेंदबाजी टीम को टी-20 विश्व कप से पहले के मैचों की तैयारी का भी समय मिल जाएगा। - मिचेल स्टार्क

**2026** के मध्य से ऑस्ट्रेलिया को टेस्ट क्रिकेट में एक व्यस्त दौर का सामना करना पड़ेगा, जिसमें बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू सीरीज, दक्षिण अफ्रीका का दौरा, न्यूजीलैंड के खिलाफ चार मैचों की सीरीज, जनवरी 2027 में भारत में पांच टेस्ट मैच, एमसीजी में इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र 150वीं वर्षगांठ मैच और फिर 2027 के मध्य में विदेशी धरती पर ऐशेज सीरीज शामिल है। वनडे विश्व कप अक्टूबर और नवंबर 2027 में आयोजित किया जाएगा।

## कमिंस भारत और न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज से बाहर



ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष तेज गेंदबाज और टेस्ट कप्तान पैट कमिंस पीठ के निचले हिस्से में दर्द के कारण मंगलवार को भारत और न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी सीमित ओवरों की सीरीज से बाहर हो गए। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ इस साल के आखिर में होने वाली एशेज सीरीज को ध्यान में रखते हुए उनके रिहैबिलिटेशन की व्यवस्था की जा रही है। ऑस्ट्रेलिया एक अक्टूबर से न्यूजीलैंड के साथ तीन टी-20 मैच खेलेगा। उसके बाद वह भारत के खिलाफ तीन वनडे (19-25 अक्टूबर) और पांच टी-20 मैच (29 अक्टूबर से आठ नवंबर) खेलेगा। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज सीरीज 21 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी।

**ऑस्ट्रेलियाई टी-20 टीम :** मिचेल मार्श (कप्तान), सीन एबॉट, जेवियर बार्टलेट, टिम डेविड, बेन ड्वार्शिस, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जॉश इंग्लस, मैट कुहनेमन, ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल ओवेन, मैथ्यू शॉर्ट, मार्कस स्टॉयनिस, एडम जैम्पा

## पाक के आसिफ अली ने लिया क्रिकेट से संन्यास

**लाहौर, जेएनएन।** पाकिस्तान के सीमित ओवरों के मध्यक्रम के बल्लेबाज आसिफ अली ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। फैसलाबाद के इस 33 साल के खिलाड़ी ने 2021 और 2022 में टी-20 अंतरराष्ट्रीय विश्व कप और 2019 में इंग्लैंड में पुरुष वनडे विश्व कप में भी अपने देश का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने पाकिस्तान की जर्सी पहनने को अपने पेशेवर करियर का सबसे गौरवपूर्ण अध्याय करार दिया। आसिफ ने हालांकि कहा कि वह घरेलू और दुनिया भर में फ्रेंचाइजी लीग क्रिकेट खेलना जारी रखेंगे। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने पाकिस्तान के लिए 21 वनडे और 58 टी-20 मैच खेले हैं, जिनमें उन्होंने तीन अर्धशतकों की मदद से 959 रन बनाए। अली 2018 में वनडे एशिया कप और 2022 में टी-20 एशिया कप की टीम में शामिल थे। उन्होंने 2023 में हांगझोऊ में हुए एशियाई खेलों (टी-20 प्रारूप) में भी भाग लिया। उनकी सबसे यादगार पारी 2021 के टी-20 विश्व कप में अफगानिस्तान के खिलाफ आई थी, जब पाकिस्तान को सुपर 12 चरण के मैच में दो ओवर में जीत के लिए 24 रनों की जरूरत थी। उन्होंने सिर्फ सात गेंदों पर 25 रन बनाए और इस दौरान 19वें ओवर में तेज गेंदबाज करीम जनत के खिलाफ चार छक्के जड़कर पाकिस्तान को उलटफेर का शिकार होने से बचाया।



## खेल एक नजर

### न्यूजीलैंड महिला टीम के बल्लेबाजी और फील्डिंग कोच बने मैकमिलन

**ऑकलैंड, जेएनएन।** न्यूजीलैंड ने पूर्व ऑलराउंडर क्रेग मैकमिलन को 30 सितंबर से शुरू होने वाले महिला वनडे विश्व कप से पहले टीम का बल्लेबाजी और फील्डिंग कोच नियुक्त किया। न्यूजीलैंड की तरफ से 55 टेस्ट और 197 वनडे मैच खेलने वाले मैकमिलन मुख्य कोच बेन सॉयर की अगुआई वाली कोचिंग टीम का हिस्सा बनेंगे। मैकमिलन इससे पहले 2024 में टी-20 विश्व कप जीत के दौरान न्यूजीलैंड महिला टीम का हिस्सा थे। आईसीसी के अनुसार मैकमिलन ने कहा, व्हाइट फर्न्स (न्यूजीलैंड की महिला टीम) के साथ इस भूमिका को लेकर मैं बेहद खुश हूं। महिला क्रिकेट लगातार प्रगति कर रहा है और मैं हमारी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के साथ काम करने और उन्हें अपने लक्ष्य तक पहुंचने में मदद करने के लिए उत्साहित हूं। भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले टूर्नामेंट में न्यूजीलैंड विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत एक अक्टूबर को इंदौर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करेगा।



## मैदान से हटकर

### धनश्री के घर पहुंची फराह, बोलीं- मैं चहल के टच में हूं

बालीवुड की जानी मानी कोरियोग्राफर और डायरेक्टर फराह खान इन दिनों अपने कुकिंग व्लॉग को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। फराह अपने व्लॉग में स्टार्स के घर जाती हैं और उनके घर का टूर कराने के साथ-साथ उनके किचन में नई-नई रेसिपी ट्राई करती हैं। इसी बीच अब फराह खान के कुकिंग व्लॉग का नया एपिसोड आया है। फराह इस बार कोरियोग्राफर और एक्ट्रेस धनश्री वर्मा के घर कुक दिलीप के साथ पहुंची हैं। इस दौरान धनश्री ने पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ पर बात की। फिल्म निर्माता ने उनसे पूछा कि क्या यह पहली बार है जब वह अकेले रह रही हैं और कहा, नहीं पहले आप अपने माता-पिता के साथ रह रही थीं, फिर आपने क्रिकेटर युजी (युजवेंद्र चहल) से शादी की, और हां, आप उसके साथ भी रह रही थीं। आप दोनों मेरी पार्टी में आई थीं। इस बात पर जोर देते हुए कि क्रिकेटर से तलाक के बाद चीजें कितनी बदल गई हैं। फराह ने यह भी पूछा कि क्या उनके (धनश्री और चहल) के बीच सब कुछ ठीक हो गया है, जिसका धनश्री ने हां में जवाब दिया। कोरियोग्राफर ने कहा, मैं यूजी से भी मैसेज के जरिए संपर्क में हूं। वह मुझे मां कहकर बुलाता था, वह बहुत प्यारा है। इसके बाद धनश्री ने उसे घर का बाकी हिस्सा दिखाया और दीवार पर उसकी दादी की बनाई गई पेंटिंग्स दिखाईं। (जेएनएन)



### विश्व नंबर एक सिनर तीसरी बार यूएस ओपन के अंतिम आठ में, स्वियातेक भी जीतीं

# अमेरिकी गॉफ को हराकर ओसाका 4 साल बाद किसी ग्रैंडस्लैम के क्वार्टर फाइनल में

**जेएनएन, न्यूयॉर्क**

जापान की नाओमी ओसाका और पोलैंड की इगा स्वियातेक ने अमेरिकी ओपन महिला एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। वहीं विश्व नंबर एक इटली के जैनिक सिनर भी आगे बढ़े। विश्व में 24वें नंबर की खिलाड़ी ओसाका ने अमेरिका की 21 साल की कोको गाफ को 6-3, 6-2 से मात दी। 27 साल की ओसाका 2021 के बाद पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंची हैं। अब उनका सामना चेक गणराज्य की कैरोलिना मुचोवा से होगा। दोनों खिलाड़ियों की अब तक छह मुकाबले हुए। ओसाका की गॉफ के खिलाफ ओवरऑल यह तीसरी जीत थी। गॉफ ने भी ओसाका को इतने ही बार हराया है। वहीं दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी स्वियातेक ने रशिया की 30 साल की एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा को 6-3, 6-1 से हराया। 24 साल की स्वियातेक की टक्कर अमांडा अनिसिमोवा से होगी, जिन्हें उन्होंने विंबलडन फाइनल में 6-0, 6-0 से हराया था। अनिसिमोवा ने 16वीं रैंकिंग वाली बीट्रिज हदाद मेइया को 6-0, 6-3 से शिकस्त दी। पुरुष वर्ग में 25वीं रैंकिंग वाले कनाडा के फेलिक्स आगर अलियास्सिमे को आंद्रेइ रूबलेव को 7-5, 6-3, 6-4 से हराया। ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डि मिनौर और इटली के लोरेंजो मुसेत्ती भी अंतिम आठ में पहुंच गए। डि मिनौर का सामना अब आगर एलियास्सिमे से होगा। वहीं शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनेर ने 1 घंटा 21 मिनट चले मुकाबले में अलेक्जेंडर बुबलिक को 6-1, 6-1, 6-1 से मात दी। यह इस साल युएस ओपन में दूसरे सबसे कम समय में खत्म होने वाला मैच था। सिनर की ग्रैंड स्लैम में हार्डकोर्ट पर यह लगातार 25वीं जीत है। वह तीसरी बार अंतिम आठ में पहुंचे। सिनेर का सामना अब मुसेत्ती से होगा। अमेरिकी धुरंधर वीनस विलियम्स ने लैला फर्नांडिज के साथ अमेरिकी ओपन महिला युगल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। वीनस ने अपनी छोटी बहन सेरेना से कहा है कि वह उनका मैच देखने आए।


कोको गाफ
नाओमी ओसाका

# बिना प्रायोजक के एशिया कप खेल सकती है भारतीय टीम

**नयी दिल्ली, जेएनएन।** पिछले महीने ड्रीम 11 ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के साथ अपना करार खत्म कर लिया था। अब भारतीय टीम एशिया कप बिना किसी मुख्य प्रायोजक के खेल सकती है। इस घटना के बाद बीसीसीआई ने 2 सितंबर से नए प्रायोजक की तलाश शुरू कर दी है। जो भी कंपनी इच्छुक हैं, उनके लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट खरीदने की अंतिम तिथि 12 सितंबर तक रखा है। इच्छुक कंपनियों के लिए बोली जमा करने की अंतिम तिथि 16 सितंबर है। एशिया कप की शुरुआत 9 सितंबर से हो रही है और इसका समापन 28 सितंबर को समाप्त होगा। भारत सरकार ने हाल ही में एक बिल पारित किया गया था, जिसमें रियल-मनी गेमिंग पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, और यह ड्रीम11 का मुख्य व्यवसाय था। इस घटनाक्रम के बाद ड्रीम11 ने बीसीसीआई को बताया कि उसे करार से अलग होने का फैसला लेना होगा। और कारण के रूप में भारत सरकार के उस बिल के नियमों का एग्जिट क्लॉज भी शामिल था। बीसीसीआई के साथ ड्रीम11 का करार 2026 तक था, जिसकी कीमत लगभग 358 करोड़ रुपए थी। इससे पहले भी बीसीसीआई को ठीक ऐसी ही सामना करना पड़ा था। 2019 में मोबाइल कंपनी ओप्पो ने तीन साल पहले ही अपना करार खत्म कर लिया था। उस समय शैक्षिक प्रौद्योगिकी कंपनी बायजू भारतीय टीम की प्रोयोजक के तौर पर सामने आई थी। इसके बाद ड्रीम 11 ने 2023 में भारतीय टीम के साथ करार किया। बीसीसीआई ने इस करार के लिए बिल्कुल साफ कर दिया है कि वह किसी भी शराब के ब्रांड, सट्टेबाजी या जुआ की सर्विस देने वाली कंपनी, क्रिप्टोकरेंसी, ऑनलाइन मनी गेमिंग, तंबाकू ब्रांड, या कोई भी उत्पाद या सेवा जो सार्वजनिक नैतिकता को ठेस पहुंचाने काम करती हो उसकी बोली को स्वीकार नहीं किया जाएगा। चार सितंबर को भारतीय टीम एशिया कप के लिए यूएई के लिए रवाना होने वाली है। ग्रुप-ए में उनका ओमान, पाकिस्तान और यूएई के खिलाफ मैच है। भारत 10 और 14 सितंबर को दुबई में यूएई और पाकिस्तान के खिलाफ मैच खेलेगा, और फिर 19 सितंबर को अबू धाबी में ओमान के साथ मैच है।

**ड्रीम 11 के साथ करार खत्म होने के बाद बीसीसीआई नए प्रायोजकों की तलाश शुरू की**

**अल्कोहल, तंबाकू और सट्टेबाजी जैसी कंपनियां नहीं लगा सकेंगी बोली**

# एशिया कप: सुपर 4 में भारत का सामना आज पांच बार की चैंपियन कोरिया से

### पूल चरण में अपराजेय टीम इंडिया जीत की लय जारी रखने उतरेगी

**जेएनएन, राजगीर (बिहार)**

भारतीय हॉकी टीम को पुरुष एशिया कप सुपर 4 चरण के मुकाबले में बुधवार को पांच बार की चैंपियन और पिछली विजेता कोरिया के खिलाफ अपने खेल में सुधार करना होगा। मैच आज शाम 7:30 से होगा। भारतीय टीम पूल-ए में सारे मैच जीतकर सुपर 4 में पहुंची है। उसने चीन को 4-3 से, जापान को 3-2 और कजाकिस्तान को 15-0 से हराया। जीत के बावजूद भारत का प्रदर्शन अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा है। चीन और जापान के खिलाफ औसत प्रदर्शन के बाद उसने टूर्नामेंट में दूसरी ही बार खेल रही कजाकिस्तान टीम पर बड़े अंतर से जीत दर्ज की। दूसरी ओर कोरियाई टीम भी अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं है। वह पूल-बी में मलेशिया के बाद दूसरे स्थान पर रही और मलेशिया ने उसे 4-1 से हरा दिया था। तेज गर्मी और भारी उमस के बीच टीमें संघर्ष करती नजर आई, लेकिन सुपर 4 के मैच शाम को होंगे, जिससे प्रदर्शन बेहतर रहने की उम्मीद है। सुपर 4 चरण हालांकि सभी टीमों (भारत, कोरिया, चीन और मलेशिया) के लिए नई शुरुआत होगी। सभी टीमें एक दूसरे से खेलेंगी और शीर्ष दो रविवार को फाइनल में जगह बनाएंगी। एशिया कप बेल्जियम और नीदरलैंड में 14 से 30 अगस्त तक होने वाले विश्व कप में सीधे जगह बनाने का मौका है। सुपर 4 चरण के दूसरे मैच में मलेशिया का सामना चीन से होगा। भारतीय टीम ने सोमवार को हर क्षेत्र में बेहतर खेल दिखाया चाहे गोलकीपिंग हो, डिफेंस, मिडफील्ड या आक्रमण। फॉरवर्ड पंक्ति का प्रदर्शन तारीफ के काबिल रहा, जिसमें अभिषेक ने चार गोल दागे। सुखजीत सिंह ने भी हैट्रिक लगाई।

### प्लेयर ऑफ द मैच महाराज के चार विकेट, मार्कराम ने बनाए 86 रन

# वनडे सीरीज : इंग्लैंड को 131 पर समेटकर दक्षिण अफ्रीका ने 20.5 ओवर में जीता मैच

**हेडिंग्ले, जेएनएन।** दक्षिण अफ्रीका ने मंगलवार को पहले वनडे में इंग्लैंड को 175 गेंद शेष रहते सात विकेट से शिकस्त दी। टीम ने इसके साथ तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली। सीरीज का दूसरा वनडे चार सितंबर को लॉर्ड्स में खेला जाएगा। दुनिया के नंबर एक गेंदबाज केशव महाराज (5.3 ओवर में 22 रन देकर चार विकेट) और वियान मुल्डर (7 ओवर में 3 रन देकर 3 विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड को 24.3 ओवर में 131 रन पर समेट दिया। जवाब में 20.5 ओवर में तीन विकेट खोकर जरूरी रन बना लिए। दक्षिण अफ्रीका के लिए सलामी बल्लेबाज एडन मार्कराम ने 55 गेंद में 13 चौके और दो छक्कों की मदद से 86 रनों की पारी खेली। उन्होंने 23 गेंदों पर दक्षिण अफ्रीकी बतौर सलामी बल्लबाज सबसे तेज अर्धशतक जड़ा और रयान रिकेल्टन (नाबाद 31) के साथ 121 रनों की साझेदारी की। टीम को पहला झटका 121 रन पर मार्कराम के रूप में लगा, जिन्हें 19वें ओवर में आदिल राशिद ने आउट किया। 21वें ओवर में राशिद ने कप्तान तेम्बा बवूमा (छह) को आउटकर इंग्लैंड को दूसरी सफलता दिलाई और अगली ही गेंद पर ट्रिस्टन स्टब्स (शून्य) को आउट किया, जब दक्षिण अफ्रीका जीत से महज एक रन दूर थी। डेवाल्ड ब्रेविस ने छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई। इससे पहले इंग्लैंड के लिए जेमी स्मिथ ने सर्वाधिक 54 रन बनाए।



# राशिद टी-20 में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने, यूएई के कप्तान ने तोड़ा रोहित शर्मा का रिकॉर्ड

**यूएई, जेएनएन।** अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान टी-20 अंतरराष्ट्रीय में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में जारी ट्राई-सीरीज के तीसरे मुकाबले में यूएई के खिलाफ तीन विकेट लेकर यह रिकॉर्ड कायम किया। इस सीरीज में पाकिस्तान तीसरी टीम है। 26 साल के राशिद ने 98 मैचों में 165 विकेट ले लिए हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड के दिग्गज टिम साउदी को पीछे छोड़ दिया। शारजाह में खेले गए इस मैच में अफगानिस्तान ने राशिद (4 ओवर में 21 रन देकर 3 विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर यूएई को 38 रनों से मात दी। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान ने 20 ओवर में चार विकेट पर 188 रन बनाए। जवाब में यूएई की टीम निर्धारित ओवरों में आठ विकेट खोकर सिर्फ 150 रन ही बना पाई।




■ यूएई के कप्तान मोहम्मद वसीम टी-20 इंटरनेशनल में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने भारत के पूर्व टी-20 कप्तान रोहित शर्मा का रिकॉर्ड तोड़ा। वसीम ने कप्तान रहते हुए 106 छक्के जड़े। वहीं, रोहित ने 35 मैचों में 105 छक्के जड़े थे। वसीम ने अफगानिस्तान के खिलाफ 37 गेंद में छह छक्के और चार चौकों की मदद से 67 रन बनाए। तीसरे नंबर पर इंग्लैंड के इयोन मोर्गन (86) और चौथे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के आरोन फिंच (82) हैं।

### टी-20 में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज

| गेंदबाज | टीम | मैच | विकेट |
|---|---|---|---|
| राशिद खान | अफगानिस्तान | 99 | 165 |
| टिम साउदी | न्यूजीलैंड | 126 | 164 |
| ईश सोढ़ी | न्यूजीलैंड | 126 | 150 |
| शाकिब अल हसन | बांग्लादेश | 129 | 149 |
| मुस्ताफिजुर रहमान | बांग्लादेश | 113 | 142 |

# ग्रैंड स्विस : आर प्रज्ञानानंदा की नजरें कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह बनाने पर

**समरकंद (उज्बेकिस्तान), जेएनएन।** भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा बुधवार से शुरू हो रहे फिडे ग्रैंड स्विस में कड़े प्रतिद्वंद्वियों को मात देकर कैंडिडेट्स टूर्नामेंट 2026 में अपनी जगह पक्की करने के इरादे से उतरेंगे। इस 11 दौर के टूर्नामेंट में ओपन वर्ग में कुल छह लाख 25 हजार डॉलर और महिला वर्ग में दो लाख 30 हजार डॉलर की पुरस्कार राशि दांव पर लगी होगी। इस टूर्नामेंट में ओपन और महिला वर्ग में शीर्ष दो खिलाड़ी कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई करेंगे। प्रज्ञानानंदा ने 2025 के प्रदर्शन श्रेणी क्वालिफायर में अच्छी बढ़त हासिल कर ली है और कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली है। कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में कुल आठ खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। एक खिलाड़ी 2024 और 2025 में फिडे सर्किट में अपने प्रदर्शन के आधार पर क्वालिफाई करेगा, दो खिलाड़ी ग्रैंड स्विस टूर्नामेंट से, तीन खिलाड़ी इस साल अक्टूबर-नवंबर में गोवा में होने वाले विश्व कप से और छह महीने के उच्चतम रेटिंग औसत के आधार पर दो खिलाड़ी क्वालिफाई करेंगे। अमेरिका के फाबियानो करुआना 2024 में अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत पहले ही कैंडिडेट्स में जगह बना चुके हैं। प्रज्ञानानंदा ने मौजूदा वर्ष में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों पर लगभग अजेय बढ़त हासिल कर ली है और अगर सब कुछ सही रहा तो उनका क्वालिफाई करना भी लगभग तय है। विश्व चैंपियन डी गुकेश भी प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

दैनिक जागरण

रीवा, 03 सितम्बर, 2025 | सतना जागरण | www.dainikjagranmpcg.com



**अदाणी पावर को धिरौली कोयला खदान संचालन की मिली मंजूरी**

**सतना।** अदाणी पावर लिमिटेड भारत की सबसे बड़ी निजी क्षेत्र की ताप विद्युत उत्पादक कंपनी ने कहा है कि उसे भारत सरकार के कोयला मंत्रालय से मध्यप्रदेश के सिंगरौली ज़िले स्थित धिरौली कोयला खदान के संचालन की स्वीकृति प्राप्त हो गई है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि अदाणी पावर को कच्चे माल की बेहतर सुरक्षा प्रदान करेगी और कंपनी की ऊर्जा क्षेत्र में अग्रणी स्थिति को और मजबूत करेगी।

# पीएम आवास के लक्ष्य की नहीं थी जानकारी, जिला पंचायत सीईओ ने रामपुर एई को लगाई फटकार

जागरण सतना

मंगलवार को जिला पंचायत सीईओ संजना जैन आईएएस ने गूगल मीट के माध्यम से जनपद सीईओ सहायक यंत्री उपयंत्री एवं एनआरएलएम के अमले की मीटिंग ली। बताया जाता है कि रामपुर बाघेलान जनपद में पदस्थ सहायक यंत्री को पीएम आवास के लक्ष्य की सही जानकारी नही थी जिसको लेकर जिला पंचायत सीईओ ने कडी फटकार लगाई है। पीएम आवास एवं एक बगिया माँ के नाम की समीक्षा करते हुये जिला पंचायत सीईओ ने तकनीकी अमले पर जमकर नाराजगी जताई है। जनपद पंचायतों की प्रगति बेहद कम पाये जाने पर उन्होने नाराजगी जाहिर की साथ ही सहायक यंत्रियों एवं उपयंत्रियों दो दिन में अधिक से अधिक तकनीकी स्वीकृति एवं प्रशासकीय स्वीकृति जारी कराकर कार्य को प्रारंभ कराने के निर्देश दिये है।



**15 प्रतिशत आवास प्रतिमाह पूर्ण कराने का जिम्मा जनपद सीईओ व बीसी का**

गूगल मीट के दौरान जिला पंचायत सीईओ ने निदेशित करते हुये कहा है कि बचे हुये आवासो में 15 प्रतिशत आवास प्रतिमाह पूर्ण कराने का जिम्मा जनपद सीईओ एवं बीसी का होगा। उन्होने कहा कि ध्यान रहे जो टारगेट निर्धारित किया गया है। उसकी सतमानिटरिंग जनपद सीईओ और यह तय करें की कार्य कैसे किया जाना है।

# किसानों को खाद मुहैया नहीं करा पा रहा प्रशासन : कल्पना वर्मा

**पूर्व विधायक ने लगाया आरोप, सौंपा ज्ञापन**



**जागरण सतना।** रैगांव विधानसभा क्षेत्र में व्याप्त खाद की समस्याओं को लेकर विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक कल्पना वर्मा के नेतृत्व में व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोठी के अध्यक्ष नरलिनेद्र मिश्रा सोहावल के अध्यक्ष प्रवीण सिंह एवं गोपेश शर्मा के विशेष उपस्थिति में अनुविभागीय अधिकारी को एक प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौपा व किसानों को तत्काल खाद उपलब्ध कराने की मांग की गई । पूर्व विधायक श्रीमती कल्पना वर्मा ने कहा कि आज किसान एक.एक दाने खाद के लिए तरस रहे हैं जिला प्रशासन किसानों के ऊपर झूठे मुकदमे दर्ज कर रहा है व किसानों के ऊपर लाठी चार्ज कर रहा है लेकिन किसानों को खाद मुहैया कराने की तरफप्रशासन का कोई ध्यान नहीं है। पूर्व विधायक श्रीमती वर्मा ने कहा की रैगांव विधानसभा क्षेत्र की विधायक जो राज्य सरकार में मंत्री हैं किसानों के वोट से ही विधायक बनी हैं लेकिन आज किसानों की ओर उन्हें सुध लेने की फुर्सत नहीं है केवल सड़कों में गाड़ियां दौड़ाते हुए काफिले के साथ उन्हें देखा जा सकता है श्रीमती वर्मा ने तत्काल किसानों को खाद उपलब्ध कराने की मांग की प्रतिनिधिमंडल में मोहम्मद साबिर राममणि शुक्ला विनय सिंह गुड्डा कृष्णेन्द्र सिंह अशोक शर्मा रजनीश मिश्रा सुरेंद्र सिंह जमुना कोल तरुणेन्द्र सिंह गांधी सिंह शिवकुमार बुनकर रामकुमार विश्वकर्मा कृष्णम सिंह अभय सिंह रामसखा कुशवाहा नन्हे सिंह घनश्याम परोहा ओम प्रकाश कुशवाहा छोटेलाल माधवेंद्र सिंह रघुराज सिंह कुड़िया सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# आबकारी अमले ने पकड़ा 30 हजार का गांजा, आरोपी गिरफ्तार

**वृत क्रमांक 2 के प्रभारी नीलेश गुप्ता ने की कार्यवाही**



**जागरण सतना।** कलेक्टर सतीश कुमार एस के निर्देश एवं ज़िला आबकारी अधिकारी नवीन चंद्र पांडे के नेतृत्व मे सतना क्रमांक 02 के वृत्त प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक नीलेश गुप्ता ने हमराह स्टाफ के साथ मुखबिरी के आधार पर आरोपी प्रिंस यादव पिता स्वर्गीय अशोक यादव उम्र 21 वर्ष निवासी बजरहा टोला के रिहायशी मकान में छापा मार उसके घर से 2.925 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया।जिसकी अनुमानित कीमत 30 हजार रुपए बताई गई है।आरोपी की एनडीपीसी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया।

**इनकी रही सक्रिय भूमिका**

उक्त कार्यवाही में आबकारी उप निरीक्षक जिला उड़न दस्ता आशीष वाटिया, आबकारी उप निरीक्षक संजय साकेत एवं आरक्षक सरिता बिजोरिया, शंकर प्रजापति राजकरण त्रिपाठी अमित सिंह सैनिक प्रमोद द्विवेदी की सक्रिय भूमिका रही ।

# कलेक्टर ने किया वृद्धाश्रम एवं आंगनवाडी केन्द्र का निरीक्षण



**जागरण सतना।** कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने मंगलवार को सोनौरा पहुंचकर वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने वृद्धाश्रम में रह रहे 25 वृद्धजनों से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम पूंछी तथा वृद्धाश्रम में उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं और व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। यहां वृद्धजनों द्वारा बताया गया कि ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण बिजली की समस्या बनी रहती है। जिससे पेयजल की उपलब्धता में परेशानी होती है इसलिए वृद्धाश्रम परिसर में एक हैण्डपम्प लगवाया जाये। कलेक्टर ने ईईपीएचई को हैण्डपम्प लगाने के लिए निर्देशित किया। साथ ही ऊर्जा विभाग को सौर पैनल लगवाने तथा उद्यानिकी विभाग को वृद्धाश्रम परिसर की रिक्त पडी भूमि में फलदार पौधों का रोपण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने सोनौरा के वृद्धाश्रम के बगल में स्थित जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र भी निरीक्षण किया। उन्होंने स्टाफ को फील्ड में जाकर दिव्यांगजनों को आवश्यक जानकारी देने तथा केन्द्र आने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि केन्द्र में दिव्यांगजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कराकर उन्हें कृत्रिम अंग तथा सहायक उपकरण उपलब्ध करायें तथा दिव्यांगजनों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाये जाने का कार्य कराया जाना सुनिश्चित करें। इसके बाद कलेक्टर ने सिजहटा के आंगनवाडी केन्द्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यकर्ता से आंगनवाडी केन्द्र में दर्ज बच्चों की जानकारी पोषण ट्रेकर ऐप में इन्ट्री किये जाने की प्रक्रिया के बारे में पूंछा। आंगनवाडी केन्द्र में 41 बच्चों दर्ज होने के बावजूद भी उपस्थिति कम पाये जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त की। कार्यकर्ता से बच्चों को आंगनवाडी केन्द्र लाने के लिए किये जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर उप संचालक सामाजिक न्याय राजीव सिंह, सहायक संचालक श्यामकिशोर द्विवेदी, वृद्धाश्रम की संचालिका कमलेश सिंह सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पैदल चलकर कार्यालय पहुंचे अधिकारी



**जागरण सतना।** कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद की पहल पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने संभाग के सभी जिलों में प्रत्येक मंगलवार को साइकिल डे मनाया जाता है। इस दिन सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारी पेट्रोल और डीजल चलित वाहन का उपयोग नहीं करते हुए साइकिल, ई-रिक्शा या पैदल घर से कार्यालय आना-जाना करते हैं। मंगलवार को अपर कलेक्टर सतना विकास सिंह, एसडीएम एलआर जांगडे, जीतेन्द्र वर्मा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी अपने निवास से पैदल चलकर कार्यालय पहुंचे।

चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433
9981287311

# जिला चिकित्सालय में वार्ड आया के मामले की जांच हेतु टीम गठित

**जागरण सतना।** जिला चिकित्सालय सतना के पोस्ट आपरेटिव मेटरनिटी वार्ड क्रमांक-4 में कार्यरत रोगी कल्याण समिति की कार्यकर्ता (वार्ड आया) सत्तन कुशवाहा का एक वीडियो सोशल मीडिया ग्रुप में वायरल हुआ था। वीडियो में वार्ड आया द्वारा मरीज के परिजन को चप्पल लेकर दौडाने की घटना दिख रही है। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. मनोज शुक्ला ने वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए वार्ड आया को ड्यूटी से हटा दिया है। मामले की जांच के लिए दो सदस्यीय टीम गठित कर 2 दिन में रिपोर्ट तलब की गई है। जिसमें जिला चिकित्सालय सतना के आरएमओ डॉ. शरद दुबे तथा सहायक अस्पताल प्रबंधक डॉ. धीरेन्द्र वर्मा को शामिल किया गया है। सिविल सर्जन ने टीम को दो दिवस के अंदर मामले की जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये है।

# राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक 11 सितंबर को

**जागरण सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में 11 सितम्बर को प्रातः 11 बजे संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन सतना के सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई है। जिसमें हिट एण्ड रन प्रकरणों की समीक्षा, वन अधिकार पट्टा, वन राजस्व भूमि एवं सीमा विवाद, सिविल केस विथ जीपी एवं एजीपी, लीगल कॉलोनी डिप्लायमेंट, आरसीएमएस के लंबित प्रकरण, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, साइबर तहसील, सीएम हेल्पलाइन, राजस्व वसूली, स्वामित्व योजना, फार्मर रजिस्ट्री, नक्शा विहीन ग्रामों का भौतिक सत्यापन, राहत प्रकरणों की समीक्षा, भू अर्जन के प्रकरण, लंबित सीएम मानिट प्रकरण, पीएम किसान योजना, लंबित आडिट कंडिकाएं, मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना, कृषि संगणना फेज-3, सर्वेयरों का भुगतान की समीक्षा की जायेगी। बैठक में समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), समस्त प्रभारी अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जिला प्रबंधक ई-गवर्नेंस, लोक सेवा को उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं।

# परिवहन विभाग ने स्कूल बस व ऑटो की करी जांच पड़ताल



**5 ऑटो बिना फिटनेस परमिट जब्त स्कूल बसों पर भी हुई कार्यवाही**

**जागरण सतना।** परिवहन विभाग सतना द्वारा वरिष्ठ अधिकारियो के आदेशानुसार ऑटो ई रिक्शा में विशेष चेकिंग अभियान चलाकर सतना शहर में 42ऑटो चेक किये गये। जिसमे 05 ऑटो में परमिट, फिटनेस, बीमा, व अन्य कमिया पाई जाने पर यातायात थाने में सुरक्षार्थ खड़े कराये गये।साथ ही साथ 25 स्कूल बस भी चेक की गई आंशिक कमिया पाए जाने पर 07 वाहनों से 13500 रूपये राजस्व वसूल किया गया यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। इस कार्यवाही में राजऋषि तिवारी, मनोज गौतम,रामसुख, आशुतोष सिंह, चेतराम परिवहन विभाग से शामिल रहे।

**तो क्या बीमार हो गई एम्बुलेंस**

**जागरण सतना।** सतना. दिन भर अस्वस्थ्य लोगों को अस्पताल पहुंचते.पहुंचते 108 खुद इतनी बीमार हो गई की एक सप्ताह से रामपुर बघेलान के मुख्य बाजार में कुछ दुकानों के सामने खड़ी है जिससे दुकानदारों की दुकानदारी तो चौपट हो ही रही है साथ ही रास्ते में आए दिन जाम लग रहा है मगर जवाब दारों की नजर बीमार एंबुलेंस पर नहीं पड़ती। देखा जाए कि जहां एंबुलेंस की इतनी ज्यादा जरूरत है वहां पर सप्ताह भर से एंबुलेंस का खड़ा होना जवाब दारों की जावेदारी पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है। आखिरकार क्यों एंबुलेंस को सही जगह भेज कर ठीक नहीं कराया जा रहा यह सोचते से परे है।

कामता मल्टी स्पेशलिटी क्लीनिक एन्ड डायग्नोस्टिक, रीवा में
ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग परामर्श OPD
14 सितंबर, रविवार
डॉ. सचिन सिंह
ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग सुपर स्पेशलिस्ट
MS.,MCh (न्यूरो) PGI नई दिल्ली, राष्ट्रपति पदक से सम्मानित
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
मो.: 9399312433, 9981287311

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
परामर्श:- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुंहासे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
मो.-7247097637
सौन्दर्य क्लीनिक शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्पलेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

प्रवेश प्रारंभ 2025-26
सी.एस.यू. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी रीवा (म.प्र.)
POLYTECHNIC
ME | CE | CSE | EEE | MINING
सी.एस.यू. कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी रीवा (म.प्र.)
D. PHARMACY | B. PHARMACY
+91 70493 99901, 70493 99902
7049399904

# कलेक्टर ने सुनी 134 आवेदकों की समस्यायें



**जागरण सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आये 134 आवेदकों से उनकी समस्यायें सुनी और अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिये। इस मौके पर अपर कलेक्टर विकास सिंह, डिप्टी कलेक्टर बीके मिश्रा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में जमीन का सीमांकन कराने, अनुकंपा नियुक्ति, खाद्यान पात्रता पर्ची, दाखिल-खारिज कराने, प्रधानमंत्री आवास योजना, अवैध कब्जा हटाने, विद्युत समस्या, जमीन का कब्जा दिलाने, सीमांकन कराने, चिकित्सा सहायता, रोजगार दिलाने, भरण-पोषण और संबल योजना के लाभ संबंधी आवेदन लेकर जनसुनवाई में पहुंचे।

# 100 वर्ष और उससे अधिक आयु के मतदाताओं की प्रविष्टियों का सत्यापन 10 सितंबर तक

**जागरण सतना।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 100 वर्ष और उससे अधिक आयु के मतदाताओं की प्रतिविष्टयों का सत्यापन मतदाता सूची में किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। जारी निर्देशानुसार सत्यापन के दौरान यदि मतदाता की उम्र सही पाई जाती है एवं मतदाता वर्तमान जगह पर पाया जाता है तो कुछ नहीं करना है। लेकिन यदि मतदाता की उम्र त्रुटिपूर्ण पाई जाती है तो फार्म-8 भरकर संबंधित दस्तावेज प्राप्त कर संशोधन किया जायेगा। यदि मतदाता की मृत्यु हो जाने की जानकारी मिलती है तो फार्म-7 भरकर नाम निरसन की कार्यवाही की जायेगी। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सतना विकास सिंह ने सतना और मैहर जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया है कि विधानसभा क्षेत्र की सूची अनुसार 100 वर्ष और उससे अधिक आयु के मतदाताओं का सत्यापन 10 सितम्बर 2025 तक बीएलओ के माध्यम कराया जाये। साथ ही प्रतिवेदन एवं संलग्न प्रमाण पत्र कार्यालय को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करे। ताकि समय-सीमा में आयोग को प्रतिवेदन भेजा जा सके।

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
IUI, IVF, ICSI
फ्रोजन एंब्रियो ट्रांसफर साइकिल (FET)
एग फ्रीजिंग
एंब्रियो फ्रीजिंग
स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

श्री रामकृष्ण कॉलेज ऑफ फार्मेसी
पीसीआई/9649 द्वारा अनुमोदित, आरजीपीवी भोपाल द्वारा संबद्ध
डी. फार्मा
DTE Counselling Code: 608
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें-
पता- ग्राम देवरा, गुरुकुल स्कूल के पास, चोरहटा, रीवा (म.प्र.)
मो.: 9584324641,6262084843,7470944611

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालय:- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com